ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

मलाइका अरोड़ा ने ट्रोलर्स को दिया ... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● वैशाख शुक्ल पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 28 अप्रैल 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-192 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

हेमन्त सरकार का संवेदनशील प्रयास

जीवन रक्षा को मिली उड़ान

झारखण्ड की जनता के लिए पहली बार

एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक - **28.04.2023** | समय - **अपराह्न 01:00 बजे**

स्थान - **स्टेट हैंगर, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची**

रांची तथा

देवघर | दुमका
बोकारो | धनबाद
जमशेदपुर | गिरिडीह

एयरपोर्ट पर भी एयर एम्बुलेंस सेवा होगी उपलब्ध

अधिकतम दो घंटे में

एयर एम्बुलेंस उड़ान हेतु होगा तैयार।
आपातकालीन उपकरणों सहित चिकित्सक के साथ सेवा होगी उपलब्ध

नागर विमानन प्रभाग से संपर्क करें -

+91 82105 94073 | 0651-4665515

airambulance.cad@gmail.com

PR No. 296108 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

NEWS इन ब्रीफ

भाजपा नेत्री ने सांसद से क्षेत्र की समस्यायें बताई

विश्रामपुर। युवा भाजपा नेत्री किरण देवी ने आज पलामू सांसद बीडी राम से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र कि समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए, पलामू की समस्याओं को देश पटल पर रखने हेतु उन्हे अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। किरण देवी ने बताया की भाजपा के नेतृत्व में देश नित नई उचाइयां छू रहा है। भ्रष्टाचार व माफियाओं पर पूर्णतः लगाम लग चुकी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय सांसद बीडी राम का पलामू के विकास में अग्रणीय भूमिका रही है। मौके पर विकास कुमार,अर्चना देवी सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

विश्रामपुर। थाना प्रभारी शशि रंजन के नेतृत्व में थाना गेट के समीप विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।जिसमें छोटे बड़े सभी वाहनों कि डिक्की,हेलमेट,सीट बेल्ट सहित जरूरी कागजात की पुलिस द्वारा गहनता पूर्वक जांच की गई। वहीं थाना प्रभारी शशि रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा मद्दे नजर आला अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। जो की आगे भी निरंतर जारी रहेगी। वही प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट कुछ दोपहिया वाहनों को जब्त कर थाना लाई है। जिसे आगे कार्यवाही हेतु जिला परिवहन विभाग भेजा जायेगा। मौके पर शस्त्र बल के कई जवान मौजूद थे।

सीमेंट ट्रक लूट कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

पांकी। थाना पुलिस ने एक साल से फरार ट्रक लूट कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव के अनुसार बीते वर्ष पांकी-बालूमाथ पथ के कारीमाटी जंगल से गुजरने के क्रम मे सीमेंट लदे एक ट्रक की चोरी हुई थी। जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के द्वारा इसमे शामिल गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस लूट कांड में पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला का निवासी फरार अभियुक्त छोटू कुमार उर्फ रविंद्र कुमार, पिता बरत मोची फरार हो गया था। गुप्त सूचना के आधार पर उसकी गिरफ्तारी हो सकी है।

स्टेशन के बाहर चाय दुकान से बाइक की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के सामने चाय दुकान के बाहर लगी मोटरसाइकिल (जेएस 03 क्यू 6759) चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। परिवार के सदस्य को स्टेशन छोड़ने के बाद बाइक बाहर लगाकर युवक चाय पी रहा था। इसी क्रम में उच्चकों ने मोटरसाइकिल गायब कर दी । इस संबंध में नावाटोली सर्वोदय नगर के विशाल कुमार पिता सरयू तिवारी ने शहर थाना में गुरूवार को मामला दर्ज कराया है। विशाल ने बताया कि बुधवार की रात्रि 11 बजे परिवार के सदस्य को छोड़ने स्टेशन गया हुआ था और छोड़ने के बाद बाहर आकर पास की एक चाय दुकान के पास चाय पी रहा था। इसी क्रम में चोरों ने उसकी बाइक गायब कर दी । विशाल अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक नहीं मिल पाई। बाइक लाल और काले रंग की है।

बीडीओ ने जन वितरण प्रणाली की दुकानों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम ने नगर परिषद अंतर्गत आधा दर्जन पीडीएस जनवितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें खद्दान, स्टॉक व वितरण पंजी की जांच उन्होंने गहनता पूर्वक की। वहीं बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण में स्टॉक व वितरण पंजी का मेंटेनेंस संतोष जनक पाया गया है। गौरतलब है कि प्रखंड अंतर्गत मुख्य कस्बा रेहला में जन वितरण प्रणाली के पीडीएस दुकानदार अनूप सिंह, राजेंद सिंह, व आर एन पाण्डेय कि दुकानों का निरीक्षण बीडीओ ने मुख्य रूप से किया गया।

हथियार दिखाकर की गई लूट, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र मे बुधवार की रात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर दो राहगीरों से बाइक मोबाइल और रुपए छीन लिए। घटना जपला पथरा मुख्य सड़क के लंगरकोट बंशी बीघा गाँव के समीप की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जमुआ गाँव निवासी बिगन राम अपने भांजा के साथ एक शादी समारोह से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त गाँव के समीप पल्सर बाइक पर सवार दो युवक हमारे बाइक को ओवर टेक कर बाइक को रोक दिये और हथियार का भय दिखाकर पैशन बाइक जिसका नंबर जेएच- 03जी 4500 और दो मोबाइल व बाइक की डिक्की में रखे पांच हजार रुपये लेकर भाग निकले। इस लूट की घटना को लेकर बिगन राम ने हुसैनाबाद थाना मे आज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस घटना को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में आ चुकी है। उधर एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने कहा है कि लूटेरों की गिरफ्तारी शीघ्र की जायेगी। इस लूट की घटना को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने कहा की इस घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ पुलिस लग चुकी है।

फोर लेन निर्माण कार्य को महिलाओं ने रोका

एनएचएआई में नहीं मिल पा रहा है रैयातो को उचित मुआवजा

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। प्रखंड अंतर्गत गुरि में एनएचएआई पथ निर्माण हेतू डस्ट गिराने पर कंपनी के गाड़ी को स्थानीय महिलाओं ने रोक दिया है। गौरतलब है विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत शंखा से गुरी तक फोर लेन निर्माण कार्य कार्य कराया जा रहा है। वहीं रैयतों के बीच मुआवजे को लेकर कुछ असंतोष है। रैयतों ने उचित मुआवजे नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया है। उसी के मद्दे नजर आज कंपनी द्वारा डस्ट गिरा कर खड्डे को भरने का कार्य स्थानीय महिलाओं ने रोक दिया है। वहीं मौके पर पहुंची विश्रामपुर पुलिस आगे कि कार्यवाही में जुट गई है। महिलाओं कि माने तो अब तक एनएचएआई में गई जमीन का उचित मुआवजा रैयातो को नहीं मिल पाया है। साथ ही डस्ट गिराने से स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। पूरा दिन हवा में डस्ट उड़ती रहती है जिससे राहगीर व स्थानीय ग्रामीण पूरा दिन धूल में रहने को विवश हो जाते हैं।

भाजपा नेता ने किया महुडंड गांव का दौरा

हुसैनाबाद। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड गांव का भ्रमण कर लोगो से ग्रामीणों के दुख सुख और समस्याओ को जाना। इस दौरान भाजपा नेता श्री सिंह को ग्रामीणों ने गांव की दर्जनों जन समस्याओ से रूबरू कराया । मौके पर श्री सिंह ने वरीय पदाधिकारी से बात कर कुछ जन समस्याओ का त्वरित निष्पादन कराया। साथ ही अन्य समस्याओ के समाधान के लिए ग्रामीणों से कुछ समय मांगा और कहा कि महुडंड क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्याओं के निष्पादन का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर संतोष यादव, अर्जुन यादव, धनंजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, प्रवेश राम, निखिल साव, हीरा राम, उदेश कुमार, उदय कुमार समेत सैकडो ग्रामीण मौजूद थे।

बोर्ड की बैठक में जिला परिषद ने कई बिन्दुओं पर की चर्चा

पाटन। जिला सभागार में जिला परिषद बोर्ड की बैठक में उपस्थित हुए पाटन छतरपुर जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह ने पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को बोर्ड की बैठक में उठाया। उन्होंने कहा की प्राथमिक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौडीहा बाजार में नया भवन बनकर तैयार है, लेकिन उसको उस नये भवन में शिफ्ट नहीं किया गया है। किशुनपुर पंचायत के बरडीहा में नये विद्यालय भवन का निर्माण, तथा किशनपुर समुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र के पास 200 केवी ट्रांसफार्मर की मांग की। उन्होंने कहा कि यह सभी समस्याएं क्षेत्र भ्रमण के दौरान पाई गई थी। जिसके निदान के लिए आज बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखा है। जिस पर उच्च अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव पारित किये गये।

एसपी चंदन सिन्हा ने पेशेंट को उपलब्ध कराया खून

मेदिनीनगर। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कला निवासी चंद्रदेव यादव को पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने 1000 का आर्थिक सहयोग करते हुए एक यूनिट खून उपलब्ध कराया है।जानकारी के अनुसार चंद्रदेव यादव कई महीनों से किडनी पेशेंट का मरीज है और हमेशा उसे डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। इसी बीच गुरुवार को चिकित्सकों ने चंद्रदेव यादव के परिजनों को एक यूनिट खून इंतजाम करने को कहा। परिजन खून की तलाश में जुट गए और खून के लिए इधर-उधर भटकने लगे।

सही सलामत वापस लौटी लापता लड़कियां

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के आजाद नगर इलाके से पिछले छह दिनों से गायब दो नाबालिग लड़कियां घर लौट गई हैं। लड़कियों को बहला फुसला कर ले जाने के आरोप में हुसैनाबाद के खड़गपुर निवासी लाला राम के पुत्र प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि गत 20 अप्रैल को दोनों लड़कियां स्कूल जाने के बाद से गायब थी। इस संबंध में गत 21 अप्रैल को एक लड़की के पिता द्वारा शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। इसमें दोनों को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप हुसैनाबाद के खड़गपुर निवासी लाला राम के पुत्र प्रदीप कुमार पर लगाया गया था। मामले में पुलिसिया अनुसंधान जब शुरू हुआ तो पता चला कि दोनों लड़कियां दिल्ली में हैं। पुलिस ने लड़कियों के साथ गए प्रदीप कुमार पर दबाव बनाया। पुलिस कार्रवाई के बाद प्रदीप दोनों लड़कियों को लेकर लौटा और अपने घर खड़गपुर चला गया। इसी बीच शहर थाना पुलिस को सूचना मिली तो कार्रवाई कर आरोपी युवक को पकड़ा और लड़कियों को भी वापस ले आई। लड़कियों की मेडिकल जांच कराई गई, जबकि प्रदीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नाबालिग लड़की के पिता ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद जब उसकी बेटी और दोस्त नहीं मिली तो शहर थाना में 21 अप्रैल को मामला दर्ज कराया। उसके पिता ने बताया कि 20 अप्रैल को उसकी बेटी और उसकी तीन दोस्त स्कूल गई हुई थी। दिन के करीब 12.30 बजे तक जब वह घर वापस नहीं आई तो खोजबीन की गई। तभी आजाद नगर के रहने वाले कन्हैया राम और सुदना के गौतम कुमार ने बताया कि दोनों स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी। स्कूल के पास एक दुकानदार ने बताया कि दोनों बच्चियां साथ में थीं, परंतु क्लास नहीं की।पिता ने बताया कि उसे पूरा विश्वास है कि दोनों बेटियों को बहला फुसलाकर शादी की नियत से भगाकर ले जाया गया है। इसमें अरविंद राम, भीम राम और उसके चचेरे भाई, प्रदीप की भाभी सोनी देवी शामिल हैं। ये सभी पड़वा जिला पलामू के रहने वाले है।धमकी दिया करते थे कि बात नहीं करोगे तो बर्बाद कर देंगे। मोबाइल नंबर बदल बदल कर कॉल करते थे।

विधायक ने आहर जीर्णोद्धार का ऑनलाइन किया शिलान्यास

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के पतरिया गांव में मेघा आहर व हेमजा गांव के बड़का आहार जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास बुधवार को विधायक कमलेश कमार सिंह ने ऑनलाइन किया। उन्होंने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र के सभी किसान, गरीब, मजदूर व व्यवसायी उनके परिवार के सदस्य हैं। सभी की सहभागिता से क्षेत्र का चहुमुंखी विकास संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि क्रमवार सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

पूर्व मध्य रेल

दिनांक 28.04.2023 के प्रभाव से रेलवे द्वारा गाड़ी सं0 18611/18612 राँची–बनारस एक्सप्रेस का धनबाद डिवीजन के अंतर्गत **खलारी** स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

क्र. सं.	गाड़ी सं. एवं नाम	स्टेशन	समय	
			आगमन	प्रस्थान
1.	18611 राँची - बनारस एक्स.	खलारी	23.45	23.47
2.	18612 बनारस - राँची एक्स.	खलारी	23.43	23.45

यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए किया गया है।

विस्तृत जानकारी के लिए– www.enquiry.indianrail.gov.in/NTES APP

पी.आर./00202/एच.क्यू./परि./एन/23–24/40 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर

विधायक से भाजपा महिला मोर्चा ने की मुलाकात

विश्रामपुर। भाजपा महिला मोर्चा कि टीम ने गुरुवार को भाजपा के स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। गौरतलब है कि सूबे के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह बिश्रामपुर विधान सभा के वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी कुछ समय से बीमार चल रहे थे। जिसका इलाज करा कर उन्होंने आज आपने क्षेत्र में वापसी की। जिसके मद्दे नजर भाजपाइ नेत्रियों ने आज नावाडीह में स्थित अपने आवास पर इलाज कराकर वापस लौटे विधायक से मिलकर पुष्प गुच्छ देकर ईश्वर से उन्हें पूर्ण रूप से जल्द स्वस्थ करने की कामना की। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री अर्चना देवी, गुड्डी देवी सहित कई भाजपाई नेत्रीओ कि मौजूदगी रहीं।

अधेड़ की पत्थर से कूच कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र के अकौनी गांव में 55 वर्षीय रामस्वरूप यादव पिता पूरन यादव की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गयी। रामस्वरूप बुधवार की रात भैंस बांधने के बाद गांव की दुकान की ओर गये हुए थे। इसके बाद से घर नहीं लौटे। गुरुवार की सुबह में घर से 200 मीटर दूर दक्षिण दिशा में हड़ही नदी किनारे खून से लथपथ शव बरामद किया गया। रामस्वरूप की कनपटी पर वार किया गया था। सूचना पर पथरा पिकेट प्रभारी नीतीश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। हत्या मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई हैं। परिजनों के अनुसार बुधवार की रात 8 बजे भैंस बांधने के बाद रामस्वरूप यादव गांव की दुकान की ओर गये थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। रात से ही उनकी खोजबीन की जा रही थी। गुरुवार सुबह रामस्वरूप के पिता पूरन शौच के लिए निकले थे। इसी क्रम में घर से दक्षिण दिशा की ओर करीब 200 मीटर दूर हड़ही नदी के किनारे पर शव देखा। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हरिहरगंज के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास, एसआई निरंजन कुमार, निर्भय कुमार, शिव शंकर उरांव आदि पहुंचे। घटना स्थल पर जहां शव पड़ा था, उससे सटे करीब 2 किलो का पत्थर भी रखा हुआ था। पत्थर पर खून लगे हुए थे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इसी पत्थर से अधेड़ के चेहरे और कनपटी के हिस्से में वार किया गया होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया गया है। पत्थर सहित अन्य सामान मौके से जब्त किए गये हैं। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना रात 9 बजे के आसपास बताई जा रही है। घर से दुकान के लिए निकलने के बाद रामस्वरूप हड़ही नदी किनारे क्यों पहुंचे, इसकी छानबीन की जा रही है। परिजनों ने हत्या के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। घटना के वक्त रामस्वरूप की पत्नी सोनमतिया देवी घर पर नहीं थी।

गरीब लाभुकों को मिलेगा लाभ : कर्नल संजय

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। जिला प्रशासन द्वारा पलामू जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास कार्य हेतु बालू उठाव का स्वीकृति मिलने के बाद किसानों में खुशी की लहर है। वैसे गरीब किसान जिनका प्रधानमंत्री आवास बालू के अभाव में अवरोध था तथा सरकार द्वारा समय पर आवास का निर्माण नहीं पूरा करने के चलते व्याज सहित आवास का पैसा वापस लेने की नोटिस भी जारी की जा चुकी थी। उनको अब बड़ी राहत मिली है। इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा सीमेंट छड़, ईट भट्ठा, ट्रेक्टर व्यापारियों, राज मिस्त्री, दैनिक मजदूर के मंद पड़े धंधे भी पुनः चालू होगें। उक्त बातों की जानकारी भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए हमलोग समस्त क्षेत्र वासियों की तरफ से पलामू उपायुक्त सहित महामहिम राज्यपाल तथा उनके अधिनस्थ सभी पदाधिकारी गणों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हक के लिए हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर भुनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि ये सैन्य प्रकोष्ठ के संयोजक कर्नल संजय सिंह के अथक प्रयास से ही बालू उठाव का आदेश पारित किया है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा रद्द संबंधित सूचना

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के ई–निविदा आमंत्रण संख्या–**325/2022-23/RWD/LOHARDAGA,** दिनांक –31.03.2023, PR No.- **294148** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या –**RWD/LOHARDAGA/08/2022-23** कार्य का नाम "फिरोज अंसारी के घर से कब्रिस्तान होते हुए पंचायत भवन तक पथ निर्माण (लं– 1.400 कि0मी0)" कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.296084 Rural Work Department(23-24):D

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER -CUM- DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU
(District Development Section)
Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

Notice

This is to inform that the Section-12 of Financial Bid of Tender No.-596/D, Dated-21-04-2023 (Advertisement PR No.- 295707 Dated-21-04-2023) is amended to the extent that evaluation of the bid will be done based on the lowest rate quoted for each item. Annexure-03 is thus withdrawn.

Deputy Development Commissioner,
Palamu

PR 296062 (District) 23-24 (D)

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

अतिअल्पकालिन इच्छा की अभिव्यक्ति, (Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम (25 बेड) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में किया जायेगा।

अतः इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, पलामू को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में दिनांक 08/05/2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक हाथो–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति ब्लॉक A में उपायुक्त, पलामू के सभा कक्ष में दिनांक 09/05/2023 को 03:30 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोट :– उपरोक्त इच्छा कि अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी पलामू जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 296058 Palamu(23-24)#D

उपायुक्त, पलामू

नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट
पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार
(An Autonomous Institute under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education and Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

संख्या –548 दिनांक– 26.04.2023

निविदा सूचना

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लगभग 550 विद्यार्थियों हेतु एवं विद्यालय के अन्य विविध उपयोग में लाई जाने वाली विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदायें प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के नाम आमंत्रित की जाती है।

1.	निविदा का नाम	विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु ।
2.	कार्यालय का नाम एवं पता	प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218
3.	सामग्रियों का नाम	कोड– 01 (अरवा चावल, मिश्रित खाद्य सामग्री, सरसोंतेल, रिफाण्ड तेल, घी, पावरोटी, मिल्क पाउडर इत्यादि) कोड– 02 (फॉर्म अण्डा, ब्रायलर मुर्गा, खस्सी मांस, मछली इत्यादि) कोड– 03 (हरी सब्जी, फल, आलू,प्याज, लहसुन, अदरक, इमली आदि) कोड– 04 (पेंट, पेंटब्रश, कांटी, तिरपाल, टेंट, बक्सा आदि) कोड– 05 (फुटबॉल, बॉलीबाल, कैरमबोर्ड, क्रिकेटबॉल आदि) कोड– 06 (बिजली तार, ट्यूबलाईट, बल्ब, पंखा स्वीच आदि) कोड– 07 (कपड़ा, तौलिया, मच्छरदानी, गंजी, स्वेटर, बेल्ट आदि) कोड– 08 (सिलाई–कुर्त्ता, फूलपैंट, शर्ट, ब्लेजर, गरमकोट आदि) कोड– 09 (कॉपी, रजिस्टर, पेन, सर्जना छपाई, सेंचुरी पेपर आदि) कोड–10 (दवा, उपकरण आदि) कोड–11 (बस किराया आदि) कोड–12 (साबुन, फिनायल तेल, रूम फ्रेशनर, मोमबती, बैट्री आदि) कोड–13 (कृषि उपकरण खुरपी, कुदाल, बेलचा, बीज आदि) कोड–14 (छात्रों का कपड़ा धुलाई, आयरन आदि) कोड–15 (प्रिन्टिग एवं प्रकाशन) कोड–16 (प्लम्बरिंग सामग्री) कोड–17 (एन.सी. ई.आर.टी. की पुस्तकें) कोड–18 (काला जूता,पी०टी० शू, हवाई चप्पल)
4.	निविदा भेजने का पता	प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार। पिन कोड–835218
5.	वेबसाईट का नाम एवं निविदा प्रसारण तिथि	WWW.netarhatvidyalaya.com पर दिनांक 27.04.2023, समय 1.00 बजे अपराह्न से उपलब्ध।
6.	बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने का माध्यम	विद्यालय कार्यालय से हाथो–हाथ निविदा शुल्क जमा करने के पश्चात्।
7.	बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने की अंतिम तिथि	12.5.2023 के अपराह्न 1:30 तक
8.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	15.05.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न तक।
9.	निविदा खुलने की तिथि	16.05.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (टेक्नीकल बीड) एवं 19.05.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे (फिनानसियल बीड) नोट:– फिनानसियल बीड केवल वैसे आपूर्तिकर्ताओं के खोले जायेगे जो टेक्नीकल बीड में सफल पाये जायेंगे।

नोट :–निविदा सूचना, निविदा नियम एवं शर्त्ते, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ/ निविदा संबंधी कागजात विद्यालय कार्यालय में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अप० 1.30 बजे तक संबंधित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

ह०/– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।

PR.NO.296047 Human Resource Developement(23-24):D

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 28 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-192 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मलाइका अरोड़ा ने ट्रोलर्स को दिया ... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

जमीन घोटाले में सभी संदिग्धों को ईडी का समन

रांची। रांची में जमीन घोटाले को लेकर सभी संदिग्धों को ईडी ने समन भेज दिया है। बुधवार को ईडी ने जिन पांच संदिग्धों जमशेदपुर के रवि सिंह भाटिया, श्याम सिंह, रांची के शेखर कुशवाहा, प्रियरंजन सहाय और विपिन कुमार सिंह के ठिकानें पर छापेमारी की थी, सभी को ईडी ने समन भेज दिया है। ईडी ने इसी मामले में एक मई को पूर्व रांची डीसी छवि रंजन, दो मई को कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस त्रिदीप मिश्रा को तलब किया है। तीन मई से अन्य संदिग्धों को पीएमएलए के तहत बयान दर्ज कराने के लिए ईडी ने समन किया है।

विधायक इरफान अंसारी बरी

दुमका। दुमका के एमपी एमएलए विशेष अदालत ने जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इरफान अंसारी पर 2019 के चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था।

राष्ट्रपति ने चार हाई कोर्ट के लिए 12 जजों की नियुक्ति की

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार हाई कोर्ट के लिए 12 जजों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति ने दो हाई कोर्ट के दो जजों का ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। आज जारी नोटिफिकेशन में इस आशय की घोषणा की गई। राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के लिए एक जज, उत्तराखंड हाई कोर्ट के लिए तीन जज, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के लिए सात जज और दिल्ली हाई कोर्ट के लिए तीन जजों को नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के लिए संजय कुमार जायसवाल को जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने उत्तराखंड हाई कोर्ट के लिए जिन्हें जज के रूप में नियुक्त किया है, उनमें राकेश थपलियाल, पंकज पुरोहित और विवेक भारती शर्मा शामिल हैं। राष्ट्रपति ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के लिए जिन्हें जज के रूप में नियुक्त किया है, उनमें रूपेश चंद्र वार्ष्णेय, अनुराधा शुक्ला, संजीव सुधाकर कलगांवकर, प्रेम नारायण सिंह, अचल कुमार पालीवाल, हिरदेश औ? अवनींद्र कुमार सिंह शामिल हैं। राष्ट्रपति ने दिल्ली हाई कोर्ट के लिए गिरीश कथपलिया और मनोज जैन को जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जज जस्टिस अतुल श्रीधरन को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट और पटना हाई कोर्ट के जज जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज के रूप में ट्रांसफर करने का आदेश दिया है।

जेजेएमपी के एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के एरिया कमांडर सत्येंद्र उरांव ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सतेंद्र उरांव मुख्य रूप से पलामू जिले के पाकी थाना क्षेत्र अंतर्गत इरगु गांव का रहने वाला है। लातेहार एसपी कार्यालय के सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में उसने एसपी और सीआरपीएफ के कमांडेंट के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने गुलदस्ता देकर उसे सम्मानित किया।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सत्येंद्र उरांव पिछले चार वर्षों से जेजेएमपी संगठन के एरिया कमांडर के रूप में सक्रिय था। इस पर वर्ष 2021 में हुए सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भी शामिल होने का मामला दर्ज था। इसके अलावा इस पर कई अन्य मुठभेड़ में भी शामिल होने का आरोप था। एसपी ने बताया कि नक्सलियों से मोहभंग होने के बाद इसने सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट बीके त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारियों से संपर्क कर आत्मसमर्पण की जानकारी प्राप्त की और गुरुवार को आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी ने क्षेत्र में सक्रिय अन्य नक्सलियों से भी अपील किया है कि सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करें। वहीं आत्मसमर्पण करने वाला नक्सली सत्येंद्र ने बताया कि उसका बड़ा भाई भी नक्सली संगठन में शामिल था। लेकिन वर्ष 2018 में एक मुठभेड़ में उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद वह नक्सलियों के संपर्क में आया और संगठन में शामिल हुआ था। लेकिन बाद में उसे लगा कि यह रास्ता सिर्फ बबार्दी का है, इसीलिए उसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । आत्मसमर्पण करने के बाद नक्सली सत्येंद्र उरांव को एसपी तथा अन्य अधिकारियों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मौके पर सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट वीके त्रिपाठी, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया, पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

घर में संचालित अवैध फैक्ट्री का उद्भेदन, बिहार में खपाने की थी योजना

नकली शराब की बड़ी खेप जब्त

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार-झारखंड सीमा से करीब दस लाख रुपये की नकली व जहरीली शराब की खेप पुलिस ने जब्त की है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में गठित पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के जबड़ा और जजलो गांव में भीम यादव, राकेश यादव, वृक्ष यादव और विकास कुमार के घर में संचालित नकली शराब की फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए इंपीरियल ब्लू कंपनी की 750 एमएल वाली 40 बोतल, 375 एमएल वाली 15 बोतल अंग्रेजी नकली शराब, टंच कंपनी की 375 एमएल वाली 41 बोतल देसी शराब, मैकडॉवेल कंपनी की 375 एमएल वाली 1666 बोतल, 180 एमएल वाली 960 बोतल अंग्रेजी जहरीली शराब जब्त की गई। तस्करी में प्रयुक्त टेंपो समेत विभिन्न कंपनियों की खाली बोतलें, स्टीकर व कार्क भी पुलिस ने जब्त किए हैं। उपरोक्त जानकारी पुलिस निरीक्षक पांडेय ने देते हुए बताया कि शराब तस्करों द्वारा ड्राई स्टेट बिहार समेत अन्य बाजारों में नकली-जहरीली शराब खपाने की थी योजना। पुलिस ऐसे अवैध करोबार के विरुद्ध लगातार कार्रवई कर रही है। अभियान में एसआई नितेश कुमार दुबे, सुशील टोप्पो व उत्पाद निरीक्षक निर्मल मरांडी समेत पुलिस और उत्पाद विभाग के कर्मी शामिल थे।

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में 26 प्रस्तावों पर मुहर

महंगाई भत्ता बढ़ा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड कैबिनेट की गुरुवार को बैठक हुई। इसमें झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को तोहफा दिया है। कैबिनेट की बैठक में महंगाई भत्ते डीए में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गयी है। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने जानकारी दी कि राज्य सरकार के कर्मियों को 1.1.2016 से स्वीकृत पुनरीक्षित वेतनमान में 1.1.2023 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की मंजूरी दी गयी है। इसे बढ़ाकर 42 फीसदी कर दिया गया है। संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों के संविदा राशि के निर्धारण की स्वीकृति दी गयी है।

मानदेय बढ़ोत्तरी की स्वीकृति : राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों/ विभागान्तर्गत संचालित एवं राजकीय पॉलिटेक्निक/राजकीय महिला पॉलिटेक्निक संस्थानों में शिक्षण कार्यों को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए स्वीकृत पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के मानदेय बढ़ोत्तरी तथा गेस्ट फैकल्टी की सेवा प्राप्त करने की स्वीकृति दी गयी, वहीं अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के जाति प्रमाण पत्र के मानक प्रपत्र में संशोधन करने की स्वीकृति दी गयी। अवर खनन अभियंत्रण सेवा संशोधन नियमावली को स्वीकृति झारखण्ड अवर खनन अभियंत्रण सेवा (संशोधन) नियमावली, 2023 की स्वीकृति दी गयी। झारखण्ड राज्य औषधि नियंत्रण सेवा (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त) नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी, वहीं राज्य के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में क्लीनिकल प्रशिक्षण के लिए निजी मेडिकल कॉलेज/संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क निर्धारण की स्वीकृति दी गयी।

स्थानीय नगर निकायों के लिए प्रशासक की नियुक्ति की स्वीकृति

झारखंड के स्थानीय नगर निकायों में आम निर्वाचन स्थगित होने के कारण प्रशासक की नियुक्ति की स्वीकृति दी गयी। झारखंड मोटरयान निरीक्षक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा की अन्य शर्तें) (संशोधन) नियमावली 2023 पर स्वीकृति दी गयी। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के बोकारो जिले के नावाडीह में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य को लेकर 25,78, 65,000 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर अनुमंडलीय न्यायालय के गठन की स्वीकृति दी गयी।

ओडिशा में आज 40 हजार आदिवासी बच्चों से मिलेंगे मुख्यमंत्री

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस यूनिवर्सिटी के आमंत्रण पर करीब 40 हजार बच्चों से मिलकर कर उन्हें संबोधित करेंगे। मालूम हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस पूरे विश्व में सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान है, जिसे 1992-93 में डॉ अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया था। इस संस्थान में देश भर के वंचित आदिवासी वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ- साथ रोजगारपरक बनाया जाता है। वर्तमान में यहां करीब 40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतर बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं।

पुलिस ने रेस्क्यू कर छह नाबालिग समेत 9 लोगों को कराया मुक्त

रेस्क्यू कर लाये लोगों को उनके परिजनों को सौंपा, 4 आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

लातेहार पुलिस ने रेस्क्यू कर छह नाबालिग समेत कुल 9 लोगों को विभिन्न स्थानों से छुड़ाकर उनके परिजनों को सौंपा है। पूर्व में पुलिस ने तीन नाबालिग समेत कुल छह लोगों को मुक्त कराया था। बाद में अन्य तीन नाबालिग को मुक्त कराया है। एसपी अंजनी अंजन ने जिला पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।एसपी ने बताया कि गारू थाना क्षेत्र के चोरहा गांव के रहनेवाले सकलदीप घासी ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थाने में मामला दर्ज कराया था। उसने प्राथमिकी में गांव के एक ठेकेदार समेत चार लोगों पर गांव के तीन वयस्क एवं छह नाबालिगों को बहला फुसला कर हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर बेच देने का आरोप लगाया था। एसपी ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त इन्द्रजीत सिंह उर्फ सुनिल कुमार (ठेकेदार), कमलेश यादव व अनिता देवी (दोनों कमारू, सतबरवा, जिला-पलामू) एवं संपतिया कुंवर (डबरी, गारू लातेहार) को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर पहले छह लोगों को मुक्त कराया गया। इनमें तीन नाबालिग शामिल थे। शेष तीन नाबालिगों को कांड के अनुसंधानकर्ता पुअनि कुमार सुमित यादव (थाना प्रभारी, एएचटीयू) के प्रयास से शिमला व अन्य जगहों से बरामद कर वापस लाया गया है। छापामारी में बरवाडीह थाना के पुअनि राहुल कुमार मेहता, आरक्षी श्रीकांत कुमार दुबे व गोलक महतो शामिल थे।

प्रधानमंत्री आज करेंगे 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन

बढ़ेगी आकांक्षी जिलों व सीमावर्ती क्षेत्रों में कवरेज

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 100 वॉट के 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन देश में रेडियो कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 91 नए 100 वॉट एफएम ट्रांसमीटर 18 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों में स्थापित किए गए हैं। इस विस्तार का विशेष ध्यान आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में कवरेज बढ़ाने पर रहा है। कवर होने वालों में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। आकाशवाणी की एफएम सेवा के इस विस्तार के साथ अतिरिक्त 2 करोड़ लोग अब कवर किए जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप लगभग 35 हजार वर्ग किमी क्षेत्र में कवरेज का विस्तार होगा।

पलामू : युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

मनातू। थाना क्षेत्र में भाजपा नेता प्रमोद सिंह का शव पुलिस ने बरामद किया है। प्रमोद सिंह की हत्या के बाद शव को पेड़ पर टांग दिया गया था। प्रमोद सिंह भाजपा एसटी मोर्चा के मनातू प्रखंड अध्यक्ष थे। इधर, घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया था। पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीणों ने रोड जाम को हटाया।। मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि यह हत्या का मामला है, आपसी रंजिश में हत्या की गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। भाजपा नेता प्रमोद सिंह बुधवार की रात घर में मोबाइल छोड़कर बाहर निकले थे। घर से निकलने से पहले प्रमोद सिंह ने परिजनों को बताया था कि किसी के पास पैसा बकाया लेने जा रहे हैं।

जमीन कारोबारियों को खुली चेतावनी

गरीब रैयतों को छोड़ दें सताना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति) के द्वारा एक पत्र जारी कर जमीन कारोबारियों और भू-माफिया को चेतावनी दी गई है। संगठन के अनुसार आदिवासी जमीनों को अंचल, थाना और भू माफियाओं के द्वारा जबरन या फिर जाली कागज बनाकर कब्जा किया जा रहा है। ऐसे लोगों को कठोर सजा देने की बात संगठन के द्वारा कही गई है। पत्र में दी गई है धमकीः टीएसपीसी के मध्य सब जोनल कमेटी के अरविंद जी के द्वारा पत्र में यह लिखा गया है कि संगठन के पास लगातार गरीब रैयत यह शिकायत लेकर आ रहे हैं कि उनके जमीनों पर अंचल, थाना और भू-माफियाओं के द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। जो लोग अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं उनके जाली कागजात बनवाकर दबंगों के द्वारा उस पर कब्जा कर लिया जा रहा है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि रांची के बुढ़मू, ठाकुरगांव, रातू, कांके, पिठोरिया, ओरमांझी और चंदवे के आस पास काम कर रहे भू-माफियाओं को यह कड़ी चेतावनी दी जाती है कि संगठन उन्हें चिन्हित कर उनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई करेगा। संगठन ने सरकारी कर्मचारियों को भी यह धमकी दी है कि अगर वह मूल रैयतों के जमीन के लूट में भू-माफियाओं का साथ दे रहे हैं तो उन्हें भी संगठन चिन्हित कर सजा देगी। निलय कॉलेज के पास की गई थी गोलीबारीः टीएसपीसी संगठन के द्वारा जारी किए गए पत्र को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि यह सही है कि कई स्थानों पर टीएसपीसी संगठन के नाम पर पर्चे जारी किए गए हैं। कुछ लोगों को अरविंद जी के नाम पर फोन भी आए हैं। बीते मंगलवार को निलय कॉलेज के पास भी इसी संगठन के द्वारा गोलीबारी की गई थी। मामले को लेकर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई गई है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पर्चा जारी करने और गोलीबारी दोनों में ही मामले की तफ्तीश की जा रही है।

नाराजगी

बन्ना के बयान पर सीपी हुए नाराज, पूछे सवाल

शराफत को कमजोरी न समझें

नवीन मेल संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रेस कांफ्रेंस में बार बार नाम लिए जाने से नाराज सीपी सिंह ने बन्ना गुप्ता को घेरा है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि किसी शुभचिंतक ने बताया कि मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस किया और पानी की घूंट पी-पी कर कई बार मेरे नाम का जिक्र किया। हालांकि मेरा सिद्धांत है की मैं किसी के व्यक्तिगत जिंदगी पर टिक्का टिपण्णी नहीं करता हूं और न कभी किया हूं। बन्ना गुप्ता के मामले में भी जब प्रेस के बंधुओं ने कई बार मुझसे बाइट लिया था तो हर बार मैंने यही कहा था कि यह मामला पुलिस के पास है और पुलिस इसकी जल्द जांच कर सच्चाई सामने लाए। सीपी सिंह ने कहा कि लोग शराफत को कमजोरी समझने की अक्सर भूल कर बैठते हैं, यही भूल बन्ना गुप्ता ने भी की। सीपी सिंह ने कहा कि वह कीचड़ में कूदना तो बिलकुल भी नहीं चाहते, लेकिन जब बन्ना गुप्ता के प्रेस कांफ्रेंस से लगभग साफ ही हो गया है की वे अपने मामले की लीपापोती में लग गए हैं और इसके बाद भी वे मीडिया के सामने सीना चौड़ा कर बैठे हैं तो लगे हाथ मेरे भी दो चार प्रश्न का जवाब दे हीं दें।

सीपी सिंह ने पूछे ये सवाल

- 24 की रात्रि को मेरे फोन नंबर पर रात 1:15 बजे आए कॉल, कॉल उठाने से लेकर काटने तक जो भी 15-20 सेकेंड लगा होगा उसकी पूरी जानकारी मोबाइल नंबर के साथ कल ही प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सभी को दे दी है तो अब किंतु परंतु कहां है बन्ना गुप्ता जी?
- ऐसे हजारों मामले आजकल रोज सामने आ रहे हैं, पैसे कमाने का एक बेहद ही घटिया और बेहूदा तरीका शातिर अपराधियों ने इजाद किया है। जो फंसा वो या तो पैसे देकर पीछा छुड़ा रहा है, कुछ घर छोड़कर भाग गए तो कुछ ने अपराध बोध में जान ही दे दी। लोगों के बीच इसको लेकर जागरूकता फैलाना जरूरी है। क्या आप स्पष्टता से बता पाएंगे की आप ऐसे किसी मामले में फंसे हैं या आपका मामला कुछ दूसरा है?
- कहीं ऐसा तो नहीं की बन्ना गुप्ता के मामले को दबाने या छुपाने के लिए उनके या उनके सहयोगियों के ही द्वारा कुछ ऐसा षड्यंत्र किया गया हो की उनका मामला ठंडा हो जाए या दब जाए? लेकिन षड्यंत्र तो विफल हो गया, अब क्या कीजिएगा बन्ना गुप्ता जी? पुलिस इसकी भी जांच करें एवं वस्तु स्तिथि बताए।
- 24 की रात्रि 1:15 की तरह 25 की रात्रि को भी 1:25 बजे दूसरे नंबर से एक मिस्ड कॉल आया था, इसकी जानकारी मैंने एसएसपी, रांची एवं थाना प्रभारी, लालपुर को कल दोपहर में ही दे दी है। सरकार आपकी है, आप सरकार में मंत्री हैं बन्ना गुप्ता जी, जरा पता लगाएं की आखिर माजरा क्या है?
- आखिर बन्ना गुप्ता मीडिया के सवालों से भागते हुए क्यों दिखे? क्या उनमें जरा भी हिम्मत है की वें बताएं कि आखिर वे किससे बात कर रहे थे? मोबाइल नंबर क्या था? समाचार पत्रों से मुझे जो समझ आया, उससे प्रतीत होता है की आपका मामला मेरे मामले से बेहद अलग है। आप मेरे मामले की ओट लेने को इतने आतुर क्यों हैं?
- मुझे रांची पुलिस पर पूरा भरोसा है की वे मामले का उद्भेदन जरूर करेंगे, लेकिन एहतियातन तौर पर मैं आज उत्तर प्रदेश के डीजीपी को भी एक पत्र लिखूंगा (चूंकि नंबर पूर्वी यूपी का बताया जा रहा है) की जरा वे भी अपने स्तर से पता लगाएं की इन सबके पीछे कौन है। क्या बन्ना गुप्ता भी मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर सीबीआई जांच की मांग करने की हिम्मत रखते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा-

'समलैंगिक जोड़ों को सामाजिक लाभ कैसे दें?'

सुप्रीम कोर्ट ने 3 मई तक केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र से कहा कि समलैंगिक जोड़ों को उनकी वैवाहिक स्थिति की कानूनी मान्यता के बिना भी संयुक्त बैंक खाते या बीमा पॉलिसियों में भागीदार नामित करने जैसे बुनियादी सामाजिक लाभ देने का तरीका खोजा जाए। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि जब अदालत कहती है कि मान्यता को विवाह के रूप में मान्यता देने की आवश्यकता नहीं है, तो इसका मतलब मान्यता हो सकती है जो उन्हें कुछ लाभों का हकदार बनाती है, और दो लोगों के जुड़ाव को विवाह के बराबर नहीं माना जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वीकार किया कि समलैंगिक विवाह के लिए कानूनी मंजूरी संसद के अधिकार क्षेत्र में है। पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि एक बार जब आप कहते हैं कि साथ रहने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, तो यह राज्य का दायित्व है कि साथ रहने के सभी सामाजिक प्रभाव को कानूनी मान्यता प्राप्त हो, और अदालत विवाह में बिल्कुल नहीं जा रही है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत गठजोड़ की व्यापक भावना का कुछ तत्व चाहती है और अदालत इस तथ्य के बारे में भी सचेत है कि देश में प्रतिनिधि लोकतंत्र को भी बहुत कुछ हासिल करना चाहिए।

गृह रक्षकों की नामांकन प्रक्रिया पहुंची हाई कोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ ने गढ़वा में चल रहे गृह रक्षकों की नव नामांकन की प्रक्रिया के मामले को स्थगित करने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में परिवाद दायर किया है। उक्त जानकारी गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवा संघ के प्रदेश महासचिव द्वारिका नाथ दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गढ़वा उपायुक्त से भी नामांकन प्रक्रिया को स्थगित करने की मांग की गई थी, लेकिन कोई पहल नहीं किए जाने के बाद संघ ने यह कदम उठाया है। संघ ने उपायुक्त से कोर्ट के निर्णय आने के बाद ही बहाली प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। संघ ने कहा कि गढ़वा जिले में 800 गृह रक्षक हैं, जिनमें से 300 लोगों को ही नियमित रूप से ड्यूटी मिल पाती है। इधर गढ़वा जिले में 1500 गृह रक्षकों की बहाली प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसे में ड्यूटी की और बड़ी समस्या हो जाएगी। संघ ने कहा कि गढ़वा जिले में चल रहे गृह रक्षकों की बहाली नियम संगत नहीं है, क्योंकि यह राज्यपाल के गजट में शामिल नहीं है।

सदर अस्पताल में इलाज में लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

सदर अस्पताल के गाइनी विभाग में मरीजों के इलाज में लापरवाही का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ड्यूटी से चिकित्सक के गायब रहने तथा मरीजों से पैसे की उगाही के चक्कर में कुछ नर्सों की मनमानी के मामले अक्सर ही सामने आते रहते हैं। इसमें मरीजों की जान तक चली जाती है। लेकिन शोकाज व जांच के बाद कार्रवाई तक मामला पहुंचता ही नहीं है। गुरुवार को भी गाइनी विभाग में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती एक गर्भवती की समुचित इलाज के अभाव में मौत हो गई।

क्या है मामला : खरौंधी थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव निवासी उपेंद्र कुमार राम की पत्नी चंचला देवी को गुरुवार की सुबह 7:35 बजे प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। तब ड्यूटी में कोई भी चिकित्सक नहीं था। महिला का इलाज शुरू ही नहीं हुआ। इस बीच सुबह नौ बजे शिफ्ट बदलने पर प्रसव कक्ष में नर्स सरिता कुमारी व ममता कुमारी ड्यूटी पर आई, लेकिन तब भी कोई चिकित्सक ड्यूटी में नहीं आया। मरीज के स्वजनों की मानें तो मिन्नतें करने के बाद भी दोनों नर्सों ने चिकित्सक को नहीं बुलाया, जबकि नार्मल डिलीवरी करा देने का भरोसा देती रही। इस दौरान सुबह करीब 10 बजे गाइनी ओपीडी में ड्यूटी करने पहुंची डॉ. माहेरू यमानी ने प्रसव कक्ष में जाकर महिला की जांच की। तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। इसके कुछ ही देर में चंचला देवी की मौत हो गई। सास रुदा कुंवर पति स्व. रामचंद्र राम ने आरोप लगाया कि इलाज में लापरवाही के कारण उसकी पुत्रवधू की मौत हो गई।

पहले भी आरोपित होती रही है नर्स सरिता व ममता : दो दिन पहले भी नर्स सरिता कुमारी एवं ममता कुमारी के विरुद्ध प्रसव कराने में प्रसूता के स्वजन से 3000 रुपये लेने का आरोप लगा है, जबकि उक्त नर्स ने महिला होमगार्ड के नाम पर भी उसी मरीज के स्वजन से 400 रुपये ले लेने पर होमगार्ड एवं नर्स सरिता कुमारी के बीच मारपीट भी हो गई थी। इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन ने नर्सों के विरुद्ध शोकाज भी किया था, लेकिन इनकी मनमानी पर विराम ही नहीं लग रहा है।

क्या कहते हैं अस्पताल के उपाधीक्षक : सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.अवधेश सिंह ने इस संबंध में बताया कि चंचला देवी को खरौंधी प्रखंड के अरंगी स्वास्थ्य उपकेंद्र में 24 अप्रैल को एएनएम द्वारा रेफर कर दिया गया था। लेकिन गर्भवती महिला को लेकर उसके स्वजन सदर अस्पताल में 27 अप्रैल की सुबह में पहुंचे। तब तक उसकी हालत अत्यंत गंभीर हो चुकी थी।

NEWS इन ब्रीफ

मां की डांट पर युवती ने खाया जहर

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी मंजूर अहमद की पुत्री शायरा बानो ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि शायरा बानो को उसकी मां ने किसी बात को लेकर डांटा-फटकारा। इससे गुस्से में आकर शायरा बानो ने चूहा मारने वाला जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों ने सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

अवैध महुआ शराब के खिलाफ चला अभियान

भवनाथपुर। भवनाथपुर पुलिस ने अवैध जावा महुआ शराब के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में बुधवार की शाम छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरैया में पुलिस ने महुआ शराब बनाने के लिए रखा हुआ 70 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली उपकरण को जब्त किया। जबकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही इसमें संलिप्त लोग फरार हो गए। मौके पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध महुआ शराब का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। अभियान में एसआई कुंदन कुमार यादव व बल के जवान शामिल थे।

टीबी के 24 संभावित मरीजों की पहचान

गढ़वा। जिला यक्ष्मा विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका अंतर्गत चिनियां डीएमसी के तहत चिरका गांव में गुरुवार को टीबी जांच शिविर सह जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। शिविर में टीबी के 26 संभावित मरीजों का पता लगाया गया। जांच शिविर में आए लोगों का टीबी का स्क्रीनिंग भी किया गया। मौके पर चिकित्सा पर्यवेक्षक ने कहा कि इस गांव में मिले टीबी के संभावित मरीजों की जांच प्रयोगशाला में किया जाएगा। जांच के बाद धनात्मक पाए जाने पर उनका दवा प्रारंभ कर अन्य सभी सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध कराया जाएगा।

श्री बंसीधर महोत्सव पर जुबानी जंग जारी

मिथिलेश भगवान श्रीकृष्ण के साथ राजनीति कर रहे हैं: भानू

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रदेश के मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपने पद व पावर का दुरुपयोग करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के साथ राजनीति कर रहे हैं। बंशीधर महोत्सव पर राजनीतिक तुष्टिकरण का काम कर रहे हैं, जिसे हमलोग बर्दास्त नही करेंगे। उक्त बातें भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने कही। गुरुवार को मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मंत्री ने अपने घमंड में राजनीतिक तुष्टिकरण के लिए बंशीधर महोत्सव रोकने का काम किया था। रमजान के कारण बंशीधर महोत्सव को स्थगित किया गया, जबकि इसे लेकर वे राजकीय शोक का बहाना बनाकर कुतर्क दे रहे हैं, जबकि राजकीय शोक 6 और 7 अप्रैल को था और महोत्सव 8 और 9 अप्रैल को। उन्होंने कहा कि महोत्सव स्थगित कर दिया जाता है लेकिन मंत्री चीयर गर्ल के साथ भवनाथपुर में मैच का उद्घाटन करते है। छल-कपट और तुष्टिकरण के लिए महोत्सव रोक देते हैं। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में आकर राजनीति करते हैं, लेकिन उनका मंसूबा सफल नहीं होगा, बल्कि अगले चुनाव में गढ़वा विधानसभा से उनका किला ध्वस्त होगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव को लेकर मंत्री ने लोगों में जहर घोलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व हुए सभी महोत्सव में सभी लोगों को साथ लेकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया था। भानू ने कहा कि मंत्री ने विधायक और सांसद को अपमानित करने का काम किया है। महोत्सव को लेकर मंत्री द्वारा आयोजित बैठक में मंत्री और विधायक को जानकारी नहीं दी गयी। सांसद को महोत्सव के दौरान होने वाले पूजा से अलग करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री ने भगवान को अपमानित करने का काम किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वे भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगते हुए भगवान के अपमान को लेकर इस महोत्सव से खुद को अलग करते है।

उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मंच से बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की बात कही थी। इस सरकार ने इसमें भी काफी देर से निर्णय लिया। विधायक ने कहा कि हमसे पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने बंशीधर मंदिर के विकास में कोई योगदान नहीं दिया। प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, ऐसी मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम, उपप्रमुख गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ग्रामीण विकास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, लालमोहन यादव, दिनेश्वर प्रताप देव मथुरा पासवान, लवली आनंद, रामदत्त चौबे, प्रो. महमूद आलम, सुहैल आलम, रिंकू देव, सत्येंद्र चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मंदिर कमेटी के संस्थापक का विधायक पर हमला

डंडाई। डंडाई के राधा कृष्ण मंदिर स्थल पर गुरुवार को पियाऊ पनशाला खोला गया। इसका उद्घाटन मंदिर निर्माण कमेटी की अध्यक्ष शैला देवी ने फीता काटकर किया। इस बीच अयोध्या से बेघर होकर गुरुवार को मंदिर स्थल पहुंचे परिवार को मंदिर निर्माण कमेटी के संस्थापक अजय कुमार तूफानी ने मंदिर के बगल में बना बनाया अपने घर में आश्रय देने का काम किया। इतना ही नहीं संस्थापक ने परवरिश नामा के तौर पर परिवार के दोनों बच्चों का नाम भी डंडाई के पैराडाइज पब्लिक स्कूल में लिखवा दिया। वहीं तूफानी ने क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कथनी और करनी में काफी अंतर है। मंदिर निर्माण के लिए वर्ष 2018 में भूमि पूजन के दौरान विधायक ने मंदिर निर्माण के लिए एक लाख ग्यारह हजार रुपये चंदा के रूप में देने की बात बोलकर आज तक नहीं दिए। धर्म का राग अलापने वाले विधायक मंदिर जैसे पवित्र स्थल के के लिए चंदा की राशि बोलकर नहीं दिये जो सिर्फ और सिर्फ धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करने के समान है। मौके पर जिप सदस्य मोहन पासवान, सुनहरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान, रारो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, विजय साहू, शिव कुमार यादव, सिद्धेश्वर प्रसाद,पंकज यादव आदि लोग उपस्थित थे।

महोत्सव पर झामुमो और भाजपा में वाकयुद्ध गैर जिम्मेदाराना हरकत : आप

श्री बंशीधर नगर। आम आदमी पार्टी के नेता मंटू पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर झामुमो व भाजपा के बीच चल रहे वाकयुद्ध गैर जिम्मेदाराना हरकत है। महोत्सव से गढ़वा, पलामू सहित राज्य की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। इससे खिलवाड़ करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। राज्य सरकार समय देखकर महोत्सव का आयोजन करा रही है। इसमें एक जबाबदेह और जिम्मेवार व्यक्ति को खुलकर समर्थन व सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि भाजपा के लोग धर्म के ठेकेदार बने हुए हैं। इन्हें लगता है कि धार्मिक कार्य सिर्फ इनके द्वारा ही किया जाता है क्योंकि इनकी राजनीति की बुनियाद भी इसी पर टिकी हुई है। विधायक की ऐसी हरकत से विधानसभा क्षेत्र की जनता शर्मसार हो रही है। वहीं राज्य सरकार व मंत्री मिथलेश ठाकुर से हम मांग करते हैं कि प्रत्येक वर्ष के लिये श्रीबंशीधार महोत्सव को लेकर एक निश्चित तिथि तय की जाय ताकि चाहे सरकार किसी की भी हो महोत्सव निश्चित तिथि पर आयोजित हो सके।

अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, तीन युवक घायल, सदर अस्पताल में इलाजरत

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा-शाहपुर रोड पर गढ़वा थाना क्षेत्र के झूरा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में डंडा थाना क्षेत्र के छपरदागा गांव के विकास कुमार चौधरी, कोरटा गांव के रवि कुमार चौधरी व गढ़वा थाना क्षेत्र के नावाडीह महुलिया गांव के साकेत कुमार शामिल हैं। तीनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर डंडा थाना क्षेत्र के कोरटा गांव से गढ़वा आ रहे थे। इस दौरान झूरा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा
राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक– 13.05.2023 (शनिवार) स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा।

"आम सूचना"

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 13.05.2023 (शनिवार)** को **08:00** बजे पूर्वाह्न से **12:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) 13 मार्च, 2023 से संबंधित न्यायालय में जारी है।

अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)।
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य निषेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)।
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

श्री अंजनी कुमार झा
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

श्री शेखर जमुआर
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

श्री राजेश शरण सिंह
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
–सह– अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 08:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

PR 296075 (Law) 23-24 (D)

कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

RTE अंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में रिक्त सीटों पर नामांकन संबंधी आम सूचना

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गढ़वा जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उनके प्रथम कक्षा के क्षमता का 25 प्रतिशत सीट पर पास–पड़ोस (क्रमशः 01 कि0मी0, 03 कि0मी0 अंततः 06 कि0मी0 की सीमा) के अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का निःशुल्क नामांकन हेतु कार्यालय ज्ञापांक–459 दिनांक–14.03.2023 द्वारा प्रकाशित आम सूचना के आलोक में प्राप्त आवेदन का स्क्रुटनी के पश्चात अनुमोदनोंपरांत रिक्त सीट पर उपायुक्त, गढ़वा के निदेशानुसार बच्चों का नामांकन पूर्ण कराते हुए उन बच्चों का कक्षा–8 तक की शिक्षा पूर्ण करानी है। इसके एवज में निजी विद्यालयों को सरकार द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि पास–पड़ोस के दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉबकार्ड, राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम व आवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे। वैसे बच्चे जिनके परिवार का सभी स्रोतों से वार्षिक आय 72000 रूपये से कम हो तथा बच्चे का उम्र पाँच वर्ष छः माह से अधिक एवं सात वर्ष से कम होगी नामांकन के योग्य होंगे। उम्र की गणना दिनांक–31.03.2023 के आधार पर किया जाएगा। विद्यालयवार नामांकन क्षमता,25 प्रतिशत कोटा एवं रिक्त सीटों का विवरण निम्नवत है:–

क्र. सं.	विद्यालय का नाम एवं पता	प्रखण्ड	कक्षा 01 की क्षमता	25 प्रतिशत कोटा	रिक्ति सीट
1	बी.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, नवादा मोड़, गढ़वा	गढ़वा	130	33	13
2	जी0एन0 कॉन्वेन्ट स्कूल	गढ़वा	40	10	09
3	साउथ प्वाईंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा	गढ़वा	40	10	09
4	शांति निकेतन स्कूल, तिलदाग, गढ़वा	गढ़वा	40	10	04
5	ब्राईट फ्यूचर स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा	गढ़वा	40	10	08
6	बी0पी0डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा	गढ़वा	30	8	08
7	ए0आर0डी0 पब्लिक स्कूल, नहर रोड, विशुनपुर, गढ़वा	गढ़वा	40	10	08
8	जेम्स मिशन स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा (नियर रेलवे स्टेशन)	गढ़वा	40	10	09
9	कौटिल्य विद्यालय, खजुरी, गढ़वा	गढ़वा	40	10	02
10	सी0पी0 मेमोरियल स्कूल, सहिजना, गढ़वा	गढ़वा	40	10	00
11	जे0पी0एस0 सेन्ट्रल स्कूल, पटेल नगर, दीपवां, गढ़वा	गढ़वा	40	10	08
12	आर0के0 पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा	गढ़वा	80	20	20
13	ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंड़वा, गढ़वा	गढ़वा	40	10	07
14	मिशन म0वि0 भण्डरिया	भण्डरिया	32	8	08
15	एस0जी0एन0 मॉडर्न किन्डर गार्टेन, मेराल	मेराल	80	20	13
16	एस0डी0 मेमोरियल एकेडमी, मेराल	मेराल	40	10	04
17	सरस्वती ज्ञान मंदिर, रंका	रंका	40	10	04
18	अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिस स्कूल, बुका, भवनाथपुर	भवनाथपुर	40	10	00
19	होलीफेथ पब्लिक स्कूल, डंडई	डंडई	80	20	14
20	सृजन पब्लिक स्कूल, डंडई	डंडई	80	20	10
21	आर0के0 पब्लिक, बंशीधर नगर उँटारी	नगर उँटारी	40	10	10
22	एम.के. इंटरनेशनल स्कूल, नगर उँटारी	नगर उँटारी	40	10	10
23	आर0के0 पब्लिक स्कूल, उंचरी मझिऑव	मझिऑव	40	10	10
	कुल–		1152	289	188

इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय में आवेदन पत्र समर्पित करेंगे जो उनके पास–पड़ोस में अवस्थित है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। सभी विद्यालयों में आवेदन पत्र उपलब्ध है। जिले के उक्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निम्नवत तिथि निर्धारित है:–

क्र.सं.	गतिविधि	निर्धारित तिथि
1	विद्यालय से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि –	28.04.2023– 02.05.2023
2	विद्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि –	03.05.2023
3	विद्यालय द्वारा प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में आवेदन जमा करने तिथि –	04.05.2023
4	प्रखण्ड संसाधन केन्द्र से जिला कार्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि –	05.05.2023
5	जिला स्तर पर गठित कमिटि द्वारा आवेदन की स्कुटनी कर अंतिम सूची निर्माण–	06.05.2023–08.05.2023
6	अंतिम अनुमोदित सूची प्रखण्डों के माध्यम से विद्यालयों को उपलब्ध कराये जाने की तिथि –	10.05.2023
7	द्वितीय चरण के नामांकन की अंतिम तिथि –	11.05.2023– 14.05.2023

अतएव जिले के सभी आमजनों से अनुरोध है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना के तहत बच्चों के निःशुल्क शिक्षा हेतु अधिकाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR.NO.296070 Human Resource Developemen(23-24):D

आस्था मां गायत्री शक्तिपीठ का पांचवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

यज्ञ आध्यात्मिक कार्य ही नहीं, विशुद्ध विज्ञान भी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वधान में परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में जंगीपुर सेंट्रल बैंक के निकट स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ का पांचवां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसके पूर्व बुधवार की शाम को गायत्री प्रज्ञा शक्तिपीठ मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा 12 घंटे का अखंड जाप किया गया। कार्यक्रम सुबह से देर शाम तक चलता रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही उपस्थित रहे। महायज्ञ में आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने घर परिवार की सुख शांति एवं प्रदेश में अमन-चैन की कामना के साथ आहुतियां डालीं।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मनुष्य एक कर्मशील प्राणी है। इस दुनिया में कई सारे कार्य हैं। इन सभी कार्यों में यज्ञ को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। यज्ञ करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है। यज्ञ सिर्फ आध्यात्मिक कार्य ही नहीं बल्कि एक विशुद्ध विज्ञान है। उन्होंने कहा कि यज्ञ द्वारा सभी रोगों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने यज्ञ के ज्ञान पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भूखे को भोजन कराना यज्ञ है, प्यासे को पानी पिलाना एवं रोगी को औषधि देना भी यज्ञ है। भारतीय संस्कृति में यज्ञ और गायत्री को देव संस्कृति के माता-पिता कहे गये हैं। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मानव जीवन में लोगों के मन की शुद्धि एवं समाज कल्याण के लिए यज्ञ करना चाहिए। इस प्रकार के अनुष्ठान से ही समाज आपसी भेदभाव का त्याग और सामाजिक समरसता के साथ सुख समृद्धि की ओर बढ़ता है। मौके पर प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे, अनिल लाल अग्रवाल, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राम प्रसाद, जोखू प्रसाद, युवा प्रतिनिधि शुभम जायसवाल, सुजीत लाल अग्रवाल,अखौरी प्रसाद ज्योतिम, राजेश जायसवाल, ललसु राम, सुरेश विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, हृदयानंद कमलापुरी, अशोक सेठ, उमा प्रसाद जायसवाल, कुमार कनिष्क, विद्या भास्कर, संतोष कमलापुरी, लवली आनंद रवि अग्रवाल, मीना देवी, अनीता देवी, पूजा अग्रवाल, लालो देवी, इंद्रावती देवी, बिट्टू तिवारी, उपेंद्र मेहता, नवीन मेहता आदि उपस्थित थे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन : इस मौक पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों का इलाज एक्यूप्रेशर उपचार थरेपी द्वारा किया गया। स्थापना दिवस पर नामकरण संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, अनप्रासन संस्कार सहित कई संस्कार कराये गये। महायज्ञ के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

NEWS इन ब्रीफ

पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर तरहसी थाना के एसआई सुमित कुमार और कसमार ओपी के प्रभारी मंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में अफीम की खेती मामले में एक फरार अभियुक्त मनोज सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में तरहसी थाना के एसआई सुमित कुमार ने बताया की केस नंबर 1320 अफीम की खेती करने का आरोपी मनोज सिंह कई दिनों से फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि मनोज सिंह अपने घर आया हुआ है।पुलिस ने सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मौके पर एसआई सुमित कुमार दास, एएसआई मन्दु कुमार,आरक्षी-849 सकेन्द्र कुमार,आरक्षी - 711 कुलदीप कुमार राम,चा0 आरक्षी - 1510 राजदेव राम मौजूद थे।

फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

मेदिनीनगर। पांकी थाना पुलिस ने पिछले एक साल से फरार सीमेंट ट्रक लूट कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव के अनुसार पिछले वर्ष पांकी-बालूमाथ पथ के कारीमाटी जंगल से गुजरने के क्रम में सीमेंट लदे एक ट्रक की चोरी हुई थी। जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के द्वारा लूट कांड में शामिल गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस लूट कांड में पांकी थाना क्षेत्र का डंडारकला निवासी फरार अभियुक्त छोटू कुमार उर्फ रविंद्र कुमार, पिता बरत मोची फरार हो गया था। गुप्त सूचना के आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई।

जयंती पखवारे में भव्य शोभायात्रा का आयोजन

मेदिनीनगर । डा०आम्बेडकर युवा क्लब रबदा के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय संविधान के निमार्ता, डा० भीमराव अंबेडकर व समाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फूले की जयंती पखवारा के अवसर पर दिन में विशाल शोभायात्रा व रात्रि में भव्य जयंती समारोह का आयोजन राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद बौद्ध की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन समाजिक न्याय परिषद के अध्यक्ष रवि पाल ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उद्घाटनकर्ता झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु, मुख्य अतिथि बसपा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, विशिष्ट अतिथि पड़वा प्रखण्ड के प्रमुख ,सह प्रमुख संघ पलामू की जिलाध्यक्ष गीता मेहता, बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार समेत अन्य अतिथियों ने करुणा के सागर तथागत भगवान बुद्ध, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फूले व भारतीय संविधान निमार्ता परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डा० भीमराव आंबेडकर की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया।

चौक चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा लगेगी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम के बोर्ड की बैठक में बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई। जिसमें मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रों में महापुरुषों की प्रतिमा लगाई जाएगी और साथ में कई चौकों का नाम भी रखा जाना है। जिस में महापौर और उपमहापौर ने कहा कि हमीदगंज विनय चौक का नाम जरासंघ चौक करते हुए सौंदर्यीकरण करने की योजना है।वहीं शिव मंदिर सिंगरा के समीप चौक का नाम शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक करने, लाल कोटा से महावीर मंदिर तक मार्ग का नाम भगवान महावीर मंदिर मार्ग करने ,संगीत शिक्षक स्वर्गीय राजाराम मिश्रा के आवास जाने वाले मार्ग का नाम स्वर्गीय राजाराम मिश्रा मार्ग करने का एजेंडा लाया गया है। उप महापौर मंगल सिंह की ओर से अन्य एजेंडो के अलावा बैरिया चौक केा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक के नाम से नामकरण करने, टीवी टावर चौक को महाराणा प्रताप चौक करने, हाउसिंग कॉलोनी में अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगाने, भारत गैस गोदाम वाली सड़क का नाम स्वामी विवेकानंद मार्ग करने ,समेत पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद ,स्वर्गीय रामसेवक प्रसाद की प्रतिमा स्थापित कराने, शिवाजी मैदान में शिवाजी की प्रतिमा लगाने का एजेंडा लाया गया। बोर्ड के बैठक में महापौर अरूणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह और तमाम वार्ड पार्षद मौजूद थे।

पंचायत सचिव की संशोधित मेधा सूची जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जेएसएससी के द्वारा पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों की संशोधित मेधा सूची बुधवार को जारी किया गया। गौरतलब है कि 1633 पंचायत सचिव का रिजल्ट पूर्व में जारी किया जा चुका है।जिसमें पूर्व में दिये गए रिजल्ट में महिलाओं के जिला विकल्प में सुधार किया गया है।जिला विकल्प में हुई त्रुटि को लेकर अभ्यर्थियों के द्वारा आयोग को अवगत कराया गया था। जिसे आयोग के द्वारा संसोधित किया गया है। नए संसोधित रिजल्ट में 317 अभ्यर्थियों को जिला विकल्प के आधार पर नया जिला आवंटित किया गया है। पलामू में भी कई अभ्यर्थियों का चयन पंचायत सचिव के पदों में हुआ है।वहीं,हाई स्कूल नियुक्ति के लिए नागपुरी विषय के दो अभ्यर्थियों की डीवी भी आयोग के द्वारा जारी की गयी है। जिसमें अभ्यर्थियों को 2 मई को आयोग में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक डीवी का कार्य करना है।

पलामू को मिलेगी आधुनिक कृषि शिक्षा की सौगात

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जैसे क्षेत्र में सूखे की समस्या सर्वोपरि है। जिसके कारण कृषि का स्तर लगातार गिर रहा है जो चिंता का विषय है। किसानों को आधुनिक व कृषि को उन्नत बनाने हेतु पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने इस क्षेत्र में काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों से बातचीत की है। जो केंद्र सरकार की वर्तमान योजनाओं के साथ मिलकर क्षेत्र में आधुनिक कृषि को बढ़ावा देगीं।पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने बताया कि इंडिया डिजिटल इकोसिस्टम ऑफ एग्रीकल्चर कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति को बढ़ावा देती है। आधुनिक तकनीक कई एक बातों पर निर्भर है जैसे आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति, फसल प्रकार, सिचाई सुविधा इत्यादि। पूर्व सांसद ने कहा कि पलामू जैसे पिछड़े और संसाधनहीन क्षेत्र में कृषि को आधुनिक बनाने के लिए तकनीक, प्रौद्योगिकी और जागरूकता की बेहद आवश्यकता है। उन्होंने बातचीत के क्रम में बताया कि अगर बातचीत सकारात्मक रहती है तो शुरूआती चरण में कृषि पूंजी, संस्थागत ऋण, सिचाई, सूक्ष्म सिंचाई, बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाना, न्यूनतम समर्थन मूल्य, आधुनिक कृषि उपकरण, मिट्टी की गुणवत्ता, बीजो की गुणवत्ता मृदा व जल प्रदूषण इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर काम शुरू हो पायेगा।

पलामू में रिमझिम बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

तामपान में आ गया भी 5 डिग्री का अंतर

शाम को ठंडी हवाओं ने गर्मी को दूर भगाया

बारिश के साथ कही-कही मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चिलचिलाती गर्मी के बीच पलामू वासियों को बारिश के रूप में एक बेहतरीन तोहफा मिला है। बारिश के कारण मौसम खुशनुमा व ठंडा तो हो ही गया है। साथ ही यह अच्छी बात यह है कि बारिश आने वाले दिनों में भी हो सकती है। पलामू में गुरुवार की सुबह से ही बादलों का डेरा आसमानों में रहा। हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम बिलकुल सुहाना हो गया। गुरुवार को गर्मी से भी राहत रही। तामपान में भी 5 डिग्री का अंतर आ गया। शाम को ठंडी हवाओं ने गर्मी का एहसास भी नही कराया। हालांकि बारिश के साथ कही-कही मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका है। जिसके लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी बारिश और वज्रपात की आशंका है। जिसको देखते हुए बोकारो, देवघर, कोडरमा, रामगढ़ लोहरदगा, जामताड़ा ,खूंटी, सिमडेगा, गिरिडीह ,पलामू, गढ़वा, गुमला, चतरा, हजारीबाग के कुछ भागों में वज्रपात की अधिक आशंका को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। साथ में जिले के कुछ स्थानों पर तेज हवा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे भी देखी जा सकती है तेज हवाओं के चलते पेड़ व बिजली के खंभे तार गिरने की काफी आशंका होती है। इसलिए लोगों को बाहर जाने से बचना चाहिए। पलामू में हल्की बरसात से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बरसात थमने पर लोग सुहाने मौसम का आनंद लेने बच्चों सहित पार्कों में पहुंचने लगे। बता दें कि पिछले कई दिनों दिनों से गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी थी। उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया था। वहीं तापमान लगातार बढ़ रहा था। लेकिन अब गर्मी से बेहाल लोगों को हलकी बारिश ने थोड़ी राहत पहुंचा दी है। उधर कुछ ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश होना बताया जाता है। किसान बारिश से फसलों का काफी नुकसान मानते हैं। कृषि मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 36 घंटों में हल्की बरसात के आसार हैं।इस मौसम को देखते हुए लोगों से आग्रह है कि सतर्क और सावधान रहें।सुरक्षित स्थान में शरण ले । पेड़ के नीचे न रहे, बिजली के खंभों से दूर रहे।किसान अपने खेतों में न जाए साथ ही मौसम सामान्य होने की प्रतीक्षा करें।

पति पत्नी के बीच एलएडीसी डिप्टी चीफ ने करायी सुलह

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद को जिला विधिक सेवा प्राधिकार में रिटेनर व एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय के प्रयास से सुलह करा दी गयी। विदित हो कि लड़की ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मामले में करवाई करने की गुहार लगाई थी।मामले को प्री लिटिगेशन के तहत विविध आवेदन संख्या 45/2023 दर्ज कर लड़के के ससुराल वालों को 10 अप्रैल को नोटिस भेजकर कर 27 अप्रैल को बुलाया गया था।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने इस मामले की मध्यस्थता कराने हेतु एल ए डी सी को मामला अग्रसारित किया था तथा लड़के को पक्ष रखने को कहा गया था। लड़का व लड़की दोनों पक्षो से एल ए डी सी कार्यालय में बातचीत की गई। दोनों पति पत्नी साथ रहने पर सहमति ब्यक्त किये व दोनों पक्षों के द्वारा सुलहनामा दाखिल किया गया। इस प्रकार पति पत्नी के दरकते रिश्ते को बचा लिया गयाव पति पत्नी दोनों अपने बच्चे के साथ चले गए। विदित हो कि यह मामला पंडवा थाना अंतर्गत लोहड़ी गांव का था। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि यहाँ मामला समझौता हो जाने से एक घर बस गया साथ ही आर्थिक मानसिक परेशानी से लोगो को राहत मिल गयी। विवाद का समाधान भी शीघ्र हो गया।इस मामले मे लड़की सुषमा देवी के पक्ष से अधिवक्ता गोपाल मिश्र व लड़का श्रवण शर्मा के पक्ष से अधिवक्ता राधेश्याम प्रसाद उपस्थित थे।

भारत माता की प्रतिमा के कार्यक्रम में रद्दोबदल

मेदिनीनगर। भारत माता चौक में भारत माता प्रतिमा का अनावरण निगम के द्वारा गुरुवार को ही किया जाना था। लेकिन पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के कारण राष्ट्रीय शोक के कारण कार्यक्रम में बदलाव किया गया। अतः स्थानीय साहित्य समाज चौक का नामकरण आज किया जाएगा। इसके साथ भारत माता आरती कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। शाम 6 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इसकी जानकारी निगम के उपमेयर ने दिया। निगम के द्वारा शहर के चौक चौराहों का नामकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में साहित्य समाज चौक का नया नाम भारत माता चौक दिया जा रहा है। चौक स्थानीय केंद्रीय पुस्तकालय के समीप स्थित है।

राजा राम मिश्र मार्ग नामकरण होने पर महापौर को जताया आभार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रांची रोड रेड़मा से पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध संगीतज्ञ स्वर्गीय राजा राम मिश्र के आवास तक जाने वाले मार्ग को स्वर्गीय राजा राम मिश्र के नाम से नामकरण किए जाने पर स्वर्गीय मिश्र के पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा एवं इनके परिवार के सभी सदस्यों ने नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। धीरज मिश्रा ने बताया कि पिता स्वर्गीय राजा राम मिश्र के आकस्मिक निधन से पलामू प्रमंडल में शास्त्रीय संगीत के साथ ही पूरे संगीत जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। बालक बुनियादी विद्यालय डालटनगंज के प्रधानाचार्य से सेवानिवृत स्वर्गीय मिश्र का संगीत जगत से काफी लगाव था । इन्होंने शहर में बतौर संगीत शिक्षक पलामू प्रमंडल में सैकड़ों लोगों को शास्त्रीय संगीत एवं सुगम संगीत की शिक्षा प्रदान कर संगीत जगत को एक नई पहचान दिलाई। ये मिलनसार ,हंसमुख स्वभाव ,व्यवहार कुशल के धनी इंसान थे। इनके नाम से मार्ग का नामकरण कर महापौर ने सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य कर नाम को युगों युगों तक अमर करने एवं शिक्षा एवं संगीत जगत को गौरवान्वित करने कार्य किया है। महापौर को धन्यवाद देने वालो में स्वर्गीय मिश्र के परिवार से देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज मिश्र , ग्रामीण बैंक के अधिकारी पंकज मिश्र, संगीत शिक्षक सूरज मिश्र, प्रभात दुबे, सागर पाठक ,सीमा मिश्रा, गीना मिश्रा, पूजा मिश्रा, अन्य सदस्यों ने आभार प्रकट किया है।

जिला परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न

मेदिनीनगर। जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में प्रतिमा कुमारी, अध्यक्ष जिला परिषद, पलामू की अध्यक्षता में हुई। सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य व प्रमुख सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा की गयी। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में खरीफ मौसम में बीज का वितरण उचित मात्रा में एवं ससमय कराने पर बल दिया गया। वहीं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत कुल 90 योजनाओं पर किए गए भुगतान की संपुष्टि प्रदान की गयी। जिला परिषद के आय स्त्रोत के सृजन में वृद्धि हो,इसके मद्देनजर विभिन्न प्रखंडों में लगभग 500 दुकानों का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। पेयजल की समस्या को देखते हुए सभी त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा अपने-अपने स्तर से नये पेयजल के स्त्रोत सृजन कर सकेंगे साथ ही पुराने पेयजल के स्त्रोतों की मरम्मती कराने का भी निर्णय लिया गया। जिले के सभी पंचायत भवनों में जिला परिषद स्तर से पंचायत समृद्धि केंद्र की स्थापना करने का भी निर्णय लिया गया जिसमें पंचायत की सभी इकाइयों हेतु स्वास्थ,शिक्षा एवं मनोरंजन संबंधी सामग्री का अधिष्ठापन भी कराया जायेगा।

विनय मोड़ का नाम महाराजा जरासंध चौक रखने पर दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की चंद्रवंशी ने मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर को विनय मोड़ को महाराज जरासंध चौक करने पर धन्यवाद दिया है। उन्होंने महापौर से मांग की है कि उस चौक पर महाराज जरासंध की एक मूर्ति भी स्थापित की जाए। चंद्रवंशी समाज उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है कि उन्होंने इस समाज के लिए काम किया और उनके इतिहास को याद रखा। धन्यवाद देने वालों में वार्ड पार्षद पति सह समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, विशुन राम चंद्रवंशी, पिंटू कुमार, रंजीत चंद्रवंशी, कुंदन कुमार, वीरेंद्र कुमार पप्पू, नीरज कुमार वर्मा, रितेश कुमार गुड्डन सहित दर्जनों साथी उपस्थित थे।

सीसी डीसी के खिलाफ कोर्ट में दर्ज हुआ मानहानि का मुकदमा : रूचिर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के सीसी डीसी अरविंद कुमार पांडे के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज हुआ। जिसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने अंगीकार किया और आगे इस पर सुनवाई की बात कही। अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने बताया कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग में काम कर रहे उपेंद्र सिंह चेरो कई दिनों से विश्वविद्यालय के सीसीडीसी अरविंद कुमार पांडे के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने के लिए गुहार लगा रहे थे। जिसके बाद भारतीय दंड विधान की धारा 500 एवं 501 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया अरविंद कुमार पांडे के द्वारा दैनिक अखबार में पीड़ित उपेंद्र सिंह चेरों के खिलाफ यह छपवा दिया गया कि उपेंद्र सिंह को टीवी की बीमारी है। उसे खुजली होती है पेट में दर्द रहता है और गंभीर बीमारी है। इसी का बहाना बनाकर उसको नौकरी से निकाल दिया गया और अखबार में प्रकाशित होने के बाद उपेंद्र सिंह की काफी मानहानि हुई। उसे कोई दुसरी नौकरी देने के लिए भी तैयार नहीं हो रहा है ऐसी परिस्थिति में हमने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पलामू डालटेनगंज के न्यायालय में कंप्लेंट केस नंबर 1014/ 2023 के तहत कल ही मुकदमा दर्ज हुआ था जिसका प्रथम सुनवाई आज हुई। जिसे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने केस को स्वीकार करते हुए अगली तिथि को सुनवाई के लिए रखा है।

समस्या

पुलिस व सीओ भी पीड़ित परिवार की नहीं कर रहे मदद

गिरवी रखने वाले कर रहे हैं जमीन पर कब्जा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। तरहसी थाना क्षेत्र के कसमार में जमीन गिरवी रखकर धर्मेंद्र महतो बुरी तरह फंस गया है। 11 वर्ष बाद जमीन छुड़ाने की कोशिश करने पर गिरवी रखने वाले पूरन सोनी और उसके पुत्र राजू सोनी व पवन सोनी जबरन कब्जा करने लगे है। विरोध करने पर सोनी परिवार ने धर्मेंद्र महतो के अलावा संतोष महतो और विष्णु देव महतो को जान से मारने की धमकी दी है। डरकर पीड़ितों ने घर छोड़ दिया है। पुलिस और अंचल अधिकारी भी पीड़ित परिवार की मदद नहीं कर रहे हैं। बुधवार को धर्मेंद्र महतो ने बताया कि उसने 21 हजार रुपए लेकर पूरन सोनी को 10 कट्ठा जमीन गिरवी रखी थी। आर्थिक समस्या रहने के कारण 11 वर्ष बाद जब जमीन छुड़ाने के लिए गए तो पूरन और उसके पुत्र ने उक्त जमीन को अपना बताया। मामले में अंचलाधिकारी से शिकायत की तो उन्होंने दोनों पक्षों को कागजात के साथ बुलाया गया। कागजात के अनुसार जमीन पर मेरा दावा निकला। अंचलाधिकारी ने जमीन वापस करने और लिए गए कर्ज के पैसे 10 लोगों के बीच वापस देने का निर्देश दिया। जिस दिन अंचलाधिकारी ने यह फैसला सुनाया, उसी दिन पूरन उसके दोनों पुत्र 6-7 अज्ञात लोगों के साथ उसके अलावा संतोष महतो और विष्णु देव महतो का अपहरण कर लिये और जंगल में ले जाकर कई घंटे तक बंधक बनाकर रखे और जबरन कागजात पर साइन करा कर जमीन पर किसी तरह का निर्माण होने पर विरोध नहीं करने की चेतावनी दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उसके बाद से हम सारे लोग फरार हैं। प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हैं। इस संबंध में कसमार ओपी प्रभारी मंटू कुमार का कहना है कि यह जमीनी विवाद मेरे यहां थाना प्रभारी बनने के पहले का है। हाल में दोनों पक्ष की ओर से हमें आवेदन मिला था। आवेदन मिलने पर दोनों पक्ष को बुला कर समझाया बुझाया गया था। परंतु दोनों पक्ष समझने को तैयार नहीं थे। इसी को लेकर धारा 144 लगायी गयी है। उन्होने कहा कि अब यह मामला एसडीओ कोर्ट का है। एसडीओ कोर्ट ही अब इस मामले को सुलझाएगी। उन्होंने कहा कि धारा 144 लगने के बाद उक्त जमीन पर काम बंद है। अब एसडीओ कोर्ट से फैसला आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिमडेगा पुलिस लाइन के समीप भीषण सड़क हादसे में एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

सिमडेगा पुलिस लाइन के समीप गुरुवार को भीषण सड़क हादसे में टीवीएस सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृत व्यक्ति की पहचान बंगरू तेली टोली निवासी राजू साहू के रूप में हुई। बताया गया कि राजू साहू सिमडेगा बाजार सब्जी खरीदने गया था और अपनी टीवीएस बाइक से वापस आ रहा था। इसी दौरान पुलिस लाइन के समीप सड़क पार करने के दौरान तीव्र गति से आ रही एक मालवाहक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतनी जोरदार रही कि राजू साहू की टीवीएस के परखच्चे उड़ गए एवं राजू साहू का

शरीर कई टुकड़ों में बिखर गया। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक एवं टीवीएस को भी अपने कब्जे में लिया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। इसके बाद पत्नी का रो रो कर बुरा हाल था। घटना के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। पुलिस द्वारा सुचारु रूप से यातायात को सुगम बनाया।

अवैध रूप से ईंट भट्ठा चलाने वालों पर हो कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें सहायक खनन पदाधिकारी को स्टोन खनन के डीएसआर के संबंध में निर्देश दिया गया कि किसी क्षेत्र में खनन की आवश्यकता और उसका पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर से बालू प्राप्त करने वाले की रसीद प्राप्ति समय अवश्य फोटोग्राफी करा ली जाय और एक रजिस्टर पर उसकी इंट्री हो। अंचल अधिकारी फोटो के साथ रजिस्टर का मिलान कर उसको सत्यापित करेंगे। उपायुक्त द्वारा सहायक खनन पदाधिकारी से अप्रैल माह में अवैध रूप से बालू उठाव करने, पत्थर खनन करने और ईंट-भट्ठों पर की गई कार्रवाई के संबंध में पूछताछ की गई।

अवैध रूप से ईंट-भट्ठा चलाने वाले और शर्तों का पालन नहीं करनेवालों पर नियमित रूप कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। अवैध रूप से बालू उठाव करनेवालों पर भी कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त की अगुवाई में हुई यूनिफाईड कमांड की बैठक

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमांड की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें सीआरपीएफ कमांडेंट द्वारा दिया गया इस वित्तीय वर्ष में पेशरार स्थित नाले में गार्डवाल निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। सीआरपीएफ पिकेट में निर्माणधीन बाथरूम निर्माण का कार्य पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। ओनेगड़ा में पुल निर्माण के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को तीन दिनों के अंदर अद्यतन प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एएसपी अभियान दीपक कुमार पांडेय उपस्थित रहे।

NEWS इन ब्रीफ

जय श्री राम समिति ने ब्लड डोनेट किया

लोहरदगा। सदर अस्पताल में भर्ती एक गरीब व जरूरतमंद मरीजों को गुरुवार को जय श्री राम समिति के सदस्य अभिनव भगत ने तत्काल ब्लड डोनेट कर इलाज में मदद की। बताया गया कि, शहर के पतरा टोली निवासी पीटर कुजूर के पुत्र अमित किंडो को ब्लड चढ़ाने की जरूरत डॉक्टरों ने बताई। मरीज के परिजनों ने जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति द्वारा तत्काल ब्लड डोनेट कराया किया। मौके पर समिति नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि जीवन और मौत के बीच के फासलों को दूर करना हमारा लक्ष्य है। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू महामंत्री संजय पासवान, लाल नितेश नाथ साहदेव, सूरज नाथ साहदेव आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

भंडरा। लोहरदगा बेड़ो मुख्य पथ के भंडरा मसमानो मोड़ में गुरुवार को भंडरा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया तो वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों बाइक व चार पहिये वाहनों की जांच की। हेलमेंट नहीं पहने वाले बाइक चालकों को हिदायत देकर छोड़ा गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों की भी तलाशी ली। भंडरा पुलिस ने थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व पर मसमानो मोड़ में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वहीं इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों व उनके सामान की भी तलाशी ली। लेकिन कुछ भी पुलिस के हाथ नहीं लगा।

नवोदय विद्यालय परीक्षा में शामिल होंगे 2529 परीक्षार्थी

सिमडेगा। जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छह के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 29 अप्रैल को सात केंद्रों में संपन्न होगी। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्राचार्य बीपी गुप्ता ने बताया कि परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय स्थित संत मेरिज हाई स्कूल, यूसी सामटोली, संत मेरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल, संत अन्ना स्कूल, डीएवी, एसएस +2 हाई स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय को केंद्र बनाया गया है।

एससीए की बैठक में शहर में सीसीटीवी का सर्वे कराने का निर्देश

नंदिनी डैम के पास बनेगा पार्क

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें एससीए अंतर्गत पेशरार नाला में गार्डवाल निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा को कचरा एकत्रित करने के लिए प्रत्येक प्रखंड में तीन-तीन वाहन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शहर में अधिष्ठापित सीसीटीवी का एससीए योजना अंतर्गत सर्वे कराने, जिसमें मरम्मति नहीं हो पाने वाले खराब सीसीटीवी को बदले जाने, मरम्मती के लायक सीसीटीवी को मरम्मती के लिए भेजे जाने और सभी सीसीटीवी को सोलर यूपीएस से जोड़े जाने के लिए योजना तैयार किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही नंदिनी डैम के पास एक पार्क विकसित किये जाने के लिए योजना तैयार किये जाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त द्वारा बैठक में एससीए अंतर्गत पहले से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें पेयजलापूर्ति की योजनाएं, आंगनबाड़ी मरम्मती से संबंधित प्राप्त गुणवत्ता का प्रतिवेदन, विद्यालयों में पेयजलापूर्ति की योजनाएं, कुडू में स्ट्रीट लाईट की योजना आदि शामिल रहीं। आईएचएम को होटल मैनेजमेंट से संबंधित शॉट टर्म के कोर्स भी तैयार किये जाने के लिए जिला योजना पदाधिकारी को समन्वय स्थापित किये जाने का निर्देश दिया गया। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में नये बैच के स्थिति की समीक्षा की गई और सर्टिफिकेट के संबंद्धता के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई।

कुडू प्रखंड में डेयरी प्लांट और जेएसएलपीएस अंतर्गत दीदी कैफे के लिए भंडरा एवं सदर प्रखंड में चिन्हित भूमि का घेरान कराने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। जिला स्तरीय ई-लाइब्रेरी के कंटेंट तय करने के लिए एक समिति का गठन करने का निदेश दिया गया जिसमें उप विकास आयुक्त, बीएस कॉलेज के प्राचार्य एवं एक विद्वान प्रोफेसर और पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज होंगी।

नीति आयोग से प्राप्त राशि का पेशरार व किस्को में जनजातीय समूह के लोगों के लिए आजीविका संबंधी योजना में उपयोग करने के लिए योजना बनाने का निर्देश संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, एएसपी अभियान दीपक पांडेय, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, सहायक जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता क साथ अन्न्य लोग भी उपस्थित थे।

पीडीजे की अदालत ने मारपीट के आरोपी को सुनाई 4 वर्ष की कैद

सिमडेगा। पीडीजे राज कमल मिश्र की अदालत ने मारपीट के आरोपी पास्कल जोजो को चार वर्ष कैद और दो हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में जलडेगा थाना में मामला दर्ज है।

बताया गया कि 12 अप्रैल 2018 की रात बुधवा लुगून और उसकी पत्नी रात नौ बजे खाना खाकर सोने जा रहे थे। इसी क्रम में पास्कल जोजो वहां पहुंचा तो कहने लगा कि उसे लोग मारने के लिए दौड़ा रहे हैं। इसलिए वे लोग उसे बचा ले। पास्कल के कहने पर बुधवार और उसकी पत्नी ने उसे अपने घर में रात भर शरण दी। इसी क्रम में सुबह करीब 4:30 बजे पास्कल दौली से बुधवा लुगून पर ही वार कर उसे जख्मी कर दिया। बाद में बीच बचाव कर रही बुधवा की पत्नी को भी चोट लगी। घटना के बाद पीड़ित बुधवा ने मामला संबंधित थाने में दर्ज करा दिया। दर्ज मामले के आलोक में पुलिस ने आरोपी पास्कल जोजो को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। गुरुवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पास्कल जोजो को दोषी पाते हुए कैद की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष से प्रभारी पीपी अमित कुमार श्रीवास्तव ने दलीलें पेश की।

'राज्य में पदाधिकारी व सरकार दोनों लापरवाह'

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

सांसद सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि लोहरदगा की पीएमजीएसवाई सड़क से संबंधित ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड सरकार की ओर से पत्राचार करने के तीन महीने बाद भी जबाव मिलने पर लापरवाही व अनदेखी की जानकारी मुख्य सचिव, झारखंड शासन को पत्र के माध्यम से दी है।

भगत ने 31 जनवरी को संसदीय क्षेत्र लोहरदगा अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्मित दो सड़क मार्ग क्रमशः बढचोरगाई से चांदगो तक एवं कोर्गो से चांपी तक पथों के निर्माण कार्य में निर्धारित राशि के अलावा अधिक अलग से एस्टीमेट रिवाइज कर राशि की बंदरबांट करने पर नाराजगी जताई थी और विभाग से दोनों सड़कों की कुल मूल राशि, भुगतान की राशि एवं रिवाइज की गई राशि की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा था। साथ ही दूरभाष के माध्यम से सचिव ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार से बातचीत भी की थी। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जिले के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता ने एस्टीमेट को रिवाइज किया है। नियमानुसार किसी भी पीएमजीएसवाई योजना की डीपीआर की पुनः सुधार राज्य के सचिव स्तर के पदाधिकारियों द्वारा होती है। सड़क निर्माण जो बिल्कुल ही गुणवत्तापूर्ण नहीं किए जा रहे हैं, यह माफीयोग्य नहीं हैं। इसी तरह अन्य कार्यों का भी निष्पादन पावर का गलत इस्तेमाल कर किया गया होगा। इसलिए लोहरदगा के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता की पदस्थापना से लेकर सेवा समाप्ति तक के कार्य को जांच करने की बात कही थी। फिर भी संबंधित विभाग के सचिव के द्वारा पत्राचार का कोई उत्तर नहीं दिया गया। इस पर सांसद ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारी अधिकारियों का मनोबल राज्य सरकार बढ़ा रही है। ऐसे संगीन मामलों को तुरंत संज्ञान में लेकर राज्य सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए, परंतु जवाब देना भी अधिकारी उचित नहीं समझते हैं। अधिकारी बेखौफ इसलिए है कि वह जानते हैं की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर नहीं है।

द. पू. रेलवे की महाप्रबंधक ने स्टेशनों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। बानो

द. पु. रेल की महाप्रबंधक अर्चना जोशी ने गुरुवार को हटिया, ओड़गा स्टेशन के बीच रेल दोहरीकरण के कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान ओड़गा स्टेशन पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोल संख्या 532 /3-4 के पास रेलपथ निरीक्षक प्रेमानंद उपाध्याय की देखरेख में चलरहे गैंग नंबर19 के कार्यों पर संतुष्टि जताते हुए मेंठ अजय नाग के माध्यम से 1500 रुपये का अवार्ड दिया। इसके बाद बानो रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि सूजन मुंडा, जिप सदस्य बिरजो कंडुलना द्वारा बानो स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव एवं विस्तार को लेकर को मांग पत्र

सौंपा गया। इस पर उन्होंने कहा कि सेक्सन के दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। जबतक दोहरीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तबतक ट्रेनों का ठहराव होना संभव नहीं है। सोय मुखिया सोमारी कैथवार ने तीन सोंगड़ा स्कूल के पास रेल अंडर पास का मांगपत्र सौंपा। इस पर महाप्रबंधक ने कहा कि इसके लिए अप्रूवल दे दी है। जल्द निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत

भंडरा। कुट्टी काटने की मशीन सहित ट्रैक्टर पलटने से उसमें दबकर ट्रैक्टर मालिक सह चालक लियाकत अंसारी की मौत हो गई। लियाकत लोहरदगा थाना क्षेत्र के भजनिया गांव का निवासी था। वह ट्रैक्टर में कुट्टी काटने की मशीन लेकर गांव-गांव में कुट्टी काटने का काम किया करता था। धनामुंजी गांव में कुट्टी काटने के लिए गया था। इसी क्रम में ट्रैक्टर पलट जाने से ट्रैक्टर में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारा पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रांची ले जाने के क्रम में लियाकत मृत्यु हो गई। इस संबंध में भडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

सदर अस्पताल सिमडेगा में सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर की गई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में जिला अस्पताल प्रबंधक समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में आवश्यक क्रियान्वयन हेतु प्रस्ताव तैयार कर समिति के समक्ष रखा। अस्पताल की प्रबंधकीय व्यवस्था को बेहतर बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक चर्चा की गयी। बैठक में समिति द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव लिए गए। इसमें अस्पताल में मरीजों के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने, डीजल के मूल्य में वृद्धि के कारण संचालित एंबुलेंस के किराया दर में वृद्धि, संचालित पेयिंग वार्ड के दरों में वृद्धि

एवं दैनिक मानदेय पर कार्यरत कर्मी के मानदेय की वृद्धि हेतु प्रस्ताव पर आवश्यक चर्चा की गई। उपायुक्त ने 6 संचालित पेयिंग वार्ड की दर वृद्धि की दिशा में मरीजों को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने 6 पेयिंग वार्ड में से 3 रूम को ए/सी एवं 3 रूम वार्ड को नन ए/सी रूम में बदलाव करने के साथ ही दर वृद्धि करने का निर्देश दिया। दैनिक मानदेय पर कार्यरत कर्मी के मानदेय वृद्धि करने की दिशा में उन्होंने श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग झारखंड के निर्धारित दर पर भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने हॉस्पिटल मैनेजमेंट के लिए हर साल प्राप्त होने वाले आवंटन राशि को अस्पताल एवं मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए स्ट्रक्चर, कुर्सी, वील चेयर, एल.इ.डी. डिस्पले बोर्ड, एवं अन्य जरूरत की चीजों पर खर्च करने का निर्देश दिया।

लोहरदगा में फिर मिले दो कोरोना पॉजिटिव

लोहरदगा। सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने जानकारी देते हुए बताया कि लोहरदगा जिले में गुरुवार को दो कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। लोहरदगा जिला में एक्टिव केस की संख्या 31 हो गई है। उन्होंने कहा की कोविड को नियंत्रित करने के लिए लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। वर्तमान में सदर अस्पताल और चिरी अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर चालू कर दिया गया है। इस माध्यम से दोनों अस्पतालों में कोविड के मरीज को हाई फ्लो ऑक्सीजन वाली बेड सहज उपलब्ध रहेगा। सेन्हा और भंडरा सीएससी ऑक्सीजन सिलेंडर से पाइप लाइन के माध्यम से कोविड-19 मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध होगा।

आयोजन | आजाद वेलफेयर सोसायटी का ईद मिलन समारोह

'अनेकता में एकता ही देश की पहचान'

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

प्रखंड मुख्यालय स्थित मोड़ के समीप गुरुवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन मौलाना आजाद वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में किया गया। इसमें संस्था के आजीवन संरक्षक समिद अंसारी, अलीरजा अंसारी, जमील अख्तर, मुस्लिम अंसारी, मो. सजाद, अध्यक्ष महताब आलम, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, कोषाध्यक्ष नईम अंसारी, महासचिव खुर्शीद आलम, उपसचिव माजुल अंसारी, मिडिया प्रभारी सादाब अंसारी की भूमिका रही।

मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि ईद बीत जाने के बाद सोसायटी ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया है। इसमें अलग-अलग वर्गों के लोग शामिल हुए हैं। इससे यह बात साबित होती कि त्योहार किसी एक के लिए नहीं

हैं बल्कि सभी समाज के लिए है। यही हमारे देश की पहचान हैं। इस देश मे ईद है, दीपावली है, कर्मा सरहुल भी है। मान्यता भले ही इसकी अलग-अलग हैं ये सब एक हैं। अनेकता में एकता ही हमारे देश की पहचान है। इस मौके पर अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, थाना प्रभारी हरिऔध करमाली, शिवनंदन दास, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, आजसू नेत्री निरु शांति भगत, जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सूखैर भगत, शाहिद अहमद बेलू, आलोक कुमार साहू, पवन गौतम, कुणाल अभेषेक, कांग्रेस कमिटी कुडू के प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर,सनियारो उरांव, प्रदेश यूथ कांग्रेस महासचिव फहद खान, कैरो पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत विद्यार्थी, प्रखण्ड बिससूत्री अध्यक्ष बुधवा उरांव, मकसूद खान, जे एम एम भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, तैयब खान, अल्ताफ अंसारी, तिला उरांव, मो शाहिद, अनिता साहू, मनोज उरांव, मंजन उरांव, परमेश्वर भगत, संजय महतो, जगदीश यादव, रामप्रसाद यादव, बिपिन सिंह आदि मौजूद रहे।

माउंटेन व्यू पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति अध्यक्ष बने सुखदेव

लोहरदगा। माउंटेन व्यू पब्लिक स्कूल दतरी के बेहतर प्रबंधन, छात्रों का उत्कृष्ट विकास करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंध समिति का निर्माण किया गया। तोड़ार पंचायत के पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव को प्रबंध समिति का अध्यक्ष, विद्यालय की शिक्षिका प्रीति भगत सचिव, मनोज भगत को उपाध्यक्ष, देवव्रत साहु व मुकेश बैठा को सह सचिव, हजारी महतो को कोषाध्यक्ष के अतिरिक्त कार्यसमिति सदस्यों में रोहित उरांव, देवेंद्र साहु, उमा देवी, मनिता उरांव, संध्या उरांव, रीता देवी, तसेरा खातून, विनीता देवी, पुरण साहु, राजू बाखला, राजेंद्र साहु, रतिया उरांव, मन्नान अंसारी, शिवा ठाकुर, दिलीप भगत, किरण उरांव, दशरथ उरांव, किशोर बैठा को शामिल किया गया। बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हिंदी सदस्य रिपु सूदन साहू ने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए अभिभावक और शिक्षक के बीच तालमेल आवश्यक है।

ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव ने की मनरेगा योजनाओं की जांच

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)

गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव सैल प्रभा कुजर चैनपुर प्रखंड में मनरेगा योजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में संचालित योजनाओं का विशेष टीम तैयार कर गुरुवार को समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव सैल प्रभा कुजूर ने प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अनुज कुमार, राज्य समन्वयक रौशन पाट पिगुवा के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें पंचायत वार

योजनाओं की समीक्षा की गई। धरातल पर कार्य में प्रगति लाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद प्रखंड के बरवे नगर एवं छिछवानी पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बर्वे नगर में प्रेजेंसिया टीसीबी वोट नहीं लगा हुआ था जहां बोर्ड लगाते हुए जल्द से जल्द योजना पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं अमीना बीबी के एक एकड़ में लगे आम बागवानी का निरीक्षण किया। छिछवानी पंचायत के शांति एकता के एक एकड़ में लगे आम बागवानी का निरीक्षण किया। आन्सेल्म एक्का के कुँवा की जांच करते हो तुम आकर आई की माप ली गई। विभिन्न योजनाओं की जांच की गई और कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

एअर इंडिया की अमेरिकी कंपनी सेबर के साथ डील

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका सॉफ्टवेयर और टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर सेबर कॉर्पोरेशन और एयरलाइन एअर इंडिया ने मल्टी-ईयर डील की है। अब ट्रैवल एजेंट और कॉर्पोरेशन सेबर के ग्लोबल ट्रैवल मार्केट प्लेस के जरिए एअर इंडिया के फेयर और सीटों को एक्सेस कर सकेंगे। हालांकि ये डील कितने में हुई है इसका खुलासा नहीं किया गया है। यह डील एअर इंडिया के एक्सपेंशन प्लान का हिस्सा है। एयरलाइन ने बीते दिनों 470 विमानों के लिए एविएशन हिस्ट्री का सबसे बड़ा ऑर्डर दिया था। एयरलाइन अपनी सर्विसेज को बेहतर बनाने के लिए साबरे की कंसलटेंसी एक्सपर्टाइज का भी इस्तेमाल करेगी। इस डील में इन-डेप्थ इवैल्यूएशन, नए हब का डेवलपमेंट, स्ट्रक्चरल डिजाइन और रूट नेटवर्क की डीटेल्ड प्लानिंग शामिल होगी। एअर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल एंड ट्रांसफॉर्मेशन ऑफिसर निपुन अग्रवाल ने कहा कि इंडियन ट्रैवल मार्केट मजबूत होकर लौटा है। अग्रवाल ने कहा कि डील एअर इंडिया को ग्लोबल एविएशन प्लेटफॉर्म पर ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करेगी। एअर इंडिया ने हाल ही में विहान.अक नाम से अपने पांच साल के ट्रांसफॉर्मेशन प्लान की घोषणा की थी। इस प्लान के तहत, एयरलाइन अपनी फ्लीट और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। 1960 में शुरू हुई अमेरिकी कंपनी सेबर एक लीडिंग सॉफ्टवेयर और टेक्नोलॉजी कंपनी है। ये कंपनी एयरलाइन्स, होटल व्यवसायियों और एजेंसियों को टेक्नोलॉजी प्रोवाइड करती है। मोबाइल ऐप, एयरपोर्ट चेक-इन कियोस्क, ऑनलाइन ट्रैवल साइट्स, एयरलाइन और होटल रिजर्वेशन नेटवर्क, ट्रैवल एजेंट टर्मिनल्स और अन्य अन्य ट्रैवल सॉल्यूशन्स कंपनी देती है। टाटा ग्रुप की एयर लाइन एअर इंडिया ने 470 एयरक्राफ्ट की दुनिया की सबसे बड़ी एविएशन डील साइन की है। इस डील में एअर इंडिया को फ्रांस की कंपनी एयरबस से 250 एयरक्राफ्ट और अमेरिकी कंपनी बोइंग से 220 एयरक्राफ्ट मिलेंगे।

अमेजन ने हेलो डिवीजन को बंद किया, कर्मचारियों की छंटनी की

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेजन ने अपने स्वास्थ्य-केंद्रित हेलो डिवीजन और साथ ही हेलो बैंड, हेलो व्यू और हेलो राइज डिवाइस को बंद कर दिया है जो अब इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं। कंपनी ने हेलो टीम के कर्मचारियों को भी निकाल दिया है। कंपनी ने बुधवार देर रात एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि 1 अगस्त से अमेजन हेलो डिवाइस और अमेजन हेलो ऐप काम नहीं करेंगे। अमेजन ने कहा, ₹हमने हाल ही में 31 जुलाई, 2023 से अमेजन हेलो का समर्थन बंद करने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। हमने आज अमेरिका और कनाडा में प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया। अन्य क्षेत्रों में, हम स्थानीय प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं, जिसमें कर्मचारी प्रतिनिधि निकायों के साथ परामर्श के लिए समय शामिल हो सकता है और संभावित रूप से प्रभावित कर्मचारियों के साथ संवाद करने में अधिक समय लग सकता है। इस फैसले से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों के लिए, अमेजन पैकेज प्रदान कर रहा है जिसमें एक अलग भुगतान, ट्रांजिशनल हेल्थ बीमा लाभ और बाहरी नौकरी प्लेसमेंट समर्थन शामिल है। आने वाले हफ्तों में, अमेजन हेलो व्यू, अमेजन हेलो बैंड, अमेजन हेलो राइस और अमेजन हेलो एक्सेसरी बैंड के पिछले 12 महीनों में की गई खरीदारी को अमेजन पूरी तरह से वापस कर देगा।

शेयर बाजार में आई तेजी



एजेंसी। मुंबई

आज गुरुवार 27 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 364 अंक चढ़कर 60,664 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 101 अंकों की बढ़त रही और ये 17,915 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी और सिर्फ 6 में गिरावट देखने को मिली है। कच्चे तेल के दाम में करीब 4% की गिरावट रही। अमेरिका में क्रूड इन्वेंटरी में अनुमान से ज्यादा गिरावट के बाद भी कच्चे तेल के दाम में कमजोरी देखने को मिली। दरअसल, अमेरिका में मंदी की आशंका ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। जिसके बाद से क्रूड के दम पर दबाव देखने को मिल रहा है। ब्रेंट क्रूड 3.8% की कमजोरी के साथ 77.69 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआइ क्रूड 3.6% की कमजोरी के साथ 74.30 डॉलर प्रति बैरल पर नजर आया। सोना भी फिर से 2,000 डॉलर के ऊपर पहुंचा है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को मार्च 2023 को खत्म चौथी तिमाही का रिजल्ट घोषित किया। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 43% बढ़कर 2,624 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में ये 1,839 करोड़ रुपए था। बोर्ड ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 90 रुपए प्रति शेयर के डिविडेंड को मंजूरी दी है।

जनवरी-मार्च में 42 प्रतिशत बढ़ी होम लोन डिमांड

एजेंसी। नई दिल्ली

होम लोन की डिमांड पर ब्याज दरें बढ़ने का कोई असर नहीं हुआ है। अक्टूबर-दिसंबर के मुकाबले जनवरी-मार्च तिमाही में होम लोन की डिमांड 42% ज्यादा रही। एक साल पहले यानी जनवरी-मार्च, 2022 से तुलना करें तो बीती तिमाही होम लोन की डिमांड में करीब 120% बढ़ोतरी हुई है। प्रॉपर्टी साइट नोब्रोकर के एक सर्वे के मुताबिक, खास तौर पर कामकाजी युवा लोन लेकर घर खरीदना पसंद कर रहे हैं। फर्म ने अपने सर्वे में दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरू, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद जैसे टॉप प्रॉपर्टी मार्केट के 2,000 से ज्यादा लोगों को शामिल किया। इसके मुताबिक, युवा अब रियल एस्टेट को सुरक्षित और आकर्षक निवेश मान रहे हैं। सर्वे में शामिल 78% लोगों ने कहा कि होम लोन की दरें न तो ज्यादा महंगी हैं और न ही सस्ती। हालांकि मई 2022 से अब तक रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 2.50% बढ़ाया है। इसके चलते होम लोन की औसत दर करीब 9% हो गई है, जो एक साल पहले 6.5% थी। देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई अभी 8.50% सालाना ब्याज पर लोन दे रहा है। 36 साल तक उम्र के ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जो डाउन पेमेंट के लिए पर्सनल लोन ले रहे हैं। ये



घर की कीमत के 90% तक होम लोन ले रहे हैं। एनबीएफसी ऐसे ऑफर कर रही हैं। नोब्रोकर के सीईओ अमित कुमार अग्रवाल ने कहा, ह्यआम तौर पर होम लोन 20 साल का होता है। इस दौरान दरें कम होने का दौर भी आ सकता है। वैसे भी अभी रेपो रेट 6.5% है, जबकि बीते 10-12 साल ये औसतन 6-8% रही है।

हिंदुजा ग्रुप ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की पेशकश की

एजेंसी। नई दिल्ली

हिंदुजा ग्रुप ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की पेशकश की है। रिलायंस कैपिटल की एक इकाई रिलायंस जनरल इंश्योरेंस को सॉल्वेंसी स्तर बनाए रखने के लिए नकदी की जरूरत है। हिंदुजा के स्वामित्व वाली इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने बुधवार को दूसरी नीलामी में रिलायंस कैपिटल के लिए 9,650 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली लगाई। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने आईआरडीए की सॉल्वेंसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पिछले साल दिसंबर में ऋणदाताओं से 600 करोड़ रुपये नकद की मांग की थी। उधारदाताओं ने पहले अपनी जेब से फंड डालने की मांग को खारिज कर दिया था, जिससे आने वाले निवेशक पर सामान्य बीमा कंपनी की जिम्मेदारी आ गई थी। 9,650 करोड़ रुपये की बोली राशि कर्जदाताओं के पास जाएगी, जिन्होंने रिलायंस कैपिटल को 24,000 करोड़ रुपये उधार दिए थे। रिलायंस कैपिटल की कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) शुक्रवार को एक बैठक करेगी जहां हिंदुजा ग्रुप के शीर्ष अधिकारी इसके समाधान योजना पर एक प्रस्तुति देंगे।

अटल पेंशन योजना के तहत नामांकन 2022-23 में 20 फीसदी बढ़कर 5 करोड़ के पार

एजेंसी। नई दिल्ली

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत कुल नामांकन 31 मार्च, 2023 तक 5.20 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इस योजना ने 2022-23 में 1.19 करोड़ से अधिक नए ग्राहकों का नामांकन किया, जबकि इसी वित्त वर्ष में 99 लाख की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। आज तक, एपीवाई में प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) 27,200 करोड़ रुपये से अधिक है और इस योजना ने अपनी स्थापना के बाद से 8.69 प्रतिशत का निवेश रिटर्न अर्जित किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) श्रेणी में, नौ बैंकों ने वार्षिक लक्ष्य हासिल किया, जबकि बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक ने प्रति शाखा 100 से अधिक एपीवाई खाते खोले। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) श्रेणी के तहत, 32 बैंकों ने वार्षिक लक्ष्य हासिल किया, जबकि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक, त्रिपुरा ग्रामीण बैंक और बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने प्रति शाखा 160 से अधिक एपीवाई खाते खोले।

महिंद्रा ने ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च की

रांची। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने अपनी ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च की। 7.85 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत से शुरू ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को ग्राहकों और ऑपरेटरों को एक कम कीमत पर जबरदस्त फीचर और परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार किया गया है। हल्की, अधिक कॉम्पैक्ट और वर्सेटाइल ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज पेलोड क्षमता, ईंधन दक्षता, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के लिए नए बेंचमार्क सेट करती है। पहले से कहीं अधिक फायदे का सौदा साबित होते हुए इसमें स्मार्ट इंजीनियरिंग भी शामिल है। नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को 24,999 रुपये के न्यूनतम डाउनपेमेंट पर बुक किया जा सकता है। महिंद्रा ने आसान

खरीद और ऑनरशिप एक्सपीरियंस के लिए आकर्षक फाइनेंस स्कीम भी पेश की है। बेहतर शक्ति और टॉर्क के साथ नया एम2डी इंजन, जो भारी वजन को आसानी से संभालने में सक्षम है। छह भाषाओं में मोबाइल ऐप पर उपलब्ध 50 से अधिक सुविधाओं के साथ आईमैक्स सॉल्यूशन वाली शक्तिशाली फ्लीट मैनेजमेंट तकनीक, वीकल ट्रैकिंग, रूट प्लानिंग, एक्सपेंस मैनेजमेंट, जियो-फेंसिंग और वीकल हेल्थ मॉनिटरिंग आसान करती है।

विदेश

सूडान से अब तक 1100 भारतीयों का रेस्क्यू

एजेंसी। खार्तूम

सूडान में सिविल वॉर के बीच ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीयों को निकाला जा रहा है। इसके तीसरे दिन गुरुवार दोपहर को 246 भारतीयों के दूसरा बैच को क्अऋ के उ17 ग्लोबमास्टर से मुंबई लाया गया। इससे पहले बुधवार देर रात 367 नागरिकों का पहला बैच सऊदी अरब के जेद्दाह से नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। एयरपोर्ट पर पहुंचे लोगों ने 'भारत माता की जय, इंडियन आर्मी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए। रेस्क्यू की गई एक बच्ची ने कहा- हम वहां किसी भी पल मारे जा सकते थे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को मिशन कावेरी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद जल्द से जल्द अपने लोगों को सेफ जगह भेजकर उन्हें भारत लाना है। सूडान में हालात बेहद खराब हैं, हम हर भारतीय को वहां से बाहर निकालेंगे। क्वात्रा के मुताबिक वहां अभी 3500 भारतीय और 1000 इंडियन ओरिजिन यानी भारतीय मूल के लोग फंसे हुए हैं। उन्हें वहां से निकालने की पूरी कोशिश की जा रही है। उन्होंनो ने बताया कि भारतीयों को लाने के लिए क्टर तरकश भी पोर्ट सूडान पहुंच चुका है। सूडान से अब तक 1100 भारतीयों को समुद्री और हवाई रास्ते से सऊदी अरब लाया जा चुका है। इनमें से 367 भारतीय बुधवार रात जेद्दाह से नई दिल्ली पहुंचे। बाकी सभी जेद्दाह में हैं। इन्हें भी जल्द भारत लाया जाएगा। सूडान में सिविल वॉर के पहले तक भारतीयों की संख्या 4,000 से ज्यादा थी।

कराची एक्सप्रेस की बोगी लगी आग, 4 बच्चों समेत 7 की मौत

कराची। पाकिस्तान में गुरुवार तड़के कराची एक्सप्रेस की एक बोगी में आग लग गई। इसमें 4 बच्चों समेत 7 लोगों की जलकर मौत हो गई। जबकि कुछ लोग घायल भी हुए है। पुलिस के मुताबिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से कुछ की हालत बेहद गंभीर है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। पाकिस्तान रेलवेज के एक अफसर ने कहा- फिलहाल 7 लोगों की मौत हुई है। घायलों को हर मुमकिन इलाज और मदद मुहैया कराई जा रही है। पाकिस्तान की वेबसाइट द डॉन के मुताबिक ट्रेन में आग की घटना सिंध प्रांत के खैरपुर जिले के तांदो खान इलाके में हुई। उस वक्त ज्यादातर पैसेंजर सो रहे थे। पाकिस्तान रेलवेज के अफसर मोहसिन सियाल ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक 6 शव ऐसे हैं, जिनकी पहचान करना भी मुश्किल है। सबसे पहले इनका डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इसके बाद इन्हें फैमिली को सौंपा जाएगा। घायलों को खैरपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक जुलाई से ऑस्ट्रेलिया में भारत व पाकिस्तान के ड्राइवरों का लाइसेंस टेस्ट

एजेंसी। मेलबर्न

भारत, पाकिस्तान, चीन और नेपाल के ड्राइवरों को ऑस्ट्रेलिया में सख्त नियमों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की स्थानीय सरकार ने उनके लिए एक जुलाई से प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट में बैठना अनिवार्य कर दिया है। न्यूज डॉट काम के मुताबिक, इन देशों के अस्थायी वीजा धारक, जो कम से कम छह महीने तक एनएसडब्ल्यू में रह चुके हैं, उन्हें स्थानीय लोगों के समान ज्ञान और व्यावहारिक परीक्षा देनी होगी। ट्रांसपोर्ट फॉर एनएसडब्ल्यू की प्रवक्ता ने वेबसाइट को बताया, नई व्यवस्था के तहत, अस्थायी वीजा धारकों को एनएसडब्ल्यू लाइसेंस में बदलने की जरूरत होगी, अगर वे राज्य में छह महीने से लगातार रह रहे हैं और ड्राइविंग जारी रखना चाहते हैं। यह कदम परिवहन प्रणाली में एक दोष को दूर करेगा, जिसने कुछ चालकों को 13 अवगुण अंक प्राप्त करने, या एक गंभीर सड़क अपराध का दोषी होने के बावजूद अपने लाइसेंस बनाए रखने में सक्षम बनाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये ड्राइवर किसी भी प्रासंगिक निलंबन या अयोग्यता अवधि को पूरा करने के बाद अपने विदेशी लाइसेंस का उपयोग करके गाड़ी चलाना जारी रख सकते हैं। लेकिन नए नियम के साथ, अपराधियों को एनएसडब्ल्यू ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा, यदि वे एनएसडब्ल्यू में फिर से ड्राइव करना चाहते हैं। नेशनल रोड्स एंड मोटरिस्ट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता पीटर खौरी ने डेली टेलीग्राफ के माध्यम से कहा, आपके पास ऐसी स्थिति नहीं हो सकती है, जहां किसी ने बहुत गंभीर खराब व्यवहार का प्रदर्शन किया हो, और अपने विदेशी लाइसेंस पर ड्राइव करने में सक्षम हो। जापान, सिंगापुर और जर्मनी के ड्राइवरों के लिए अपवाद बनाए गए हैं, जिन्हें अपना लाइसेंस बदलने की आवश्यकता होगी, लेकिन उन्हें परीक्षा नहीं देनी होगी।

नए भारत की क्षमताओं और योगदान को पहचान रही है दुनिया: जयशंकर

बोगोटा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि दुनिया नए भारत की क्षमताओं और उसके योगदान को पहचान रही है और यह भावना प्रबल हो रही है कि आज के भारत के पास चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करने की क्षमता है। जयशंकर कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में मंगलवार को भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत में हो रहे बदलाव को स्वीकार कर रही है। जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भारत के नए भारत में परिवर्तित होने और इसके वैश्विक निहितार्थों को भी साझा किया। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि कैसे दुनिया नए भारत की क्षमताओं और योगदान को पहचान रही है। विदेश मंत्री ने यूक्रेन संघर्ष या विकसित दुनिया और विकासशील दुनिया से संबंधित समस्याओं का हवाला देते हुए प्रवासी भारतीयों से कहा, इन सबके बीच हर तरफ आज यह भावना है कि भारत एक ऐसा देश है।

ऐलान

युद्धपोतों से दी जाएगी सलामी, सेकेंड वर्ल्ड वॉर का एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट में शामिल होगा

किंग चार्ल्स की ताजपोशी में तैनात होंगे 6 हजार सैनिक

एजेंसी। ब्रिटेन

किंग चार्ल्स की ताजपोशी में 6 हजार ब्रिटिश सैनिक हिस्सा लेंगे। ये पिछले 70 सालों में ब्रिटेन में हुई सैनिकों की सबसे बड़ी तैनाती होगी। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया है कि ताजपोशी के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला को बकिंघम पैलेस और वेस्टमिंस्टर एबे के बीच हजारों सैनिक एस्कोर्ट करेंगे। ताजपोशी 6 मई को होगी। इसके अलावा नए किंग को ब्रिटेन के युद्धपोतों और पूरे देश के आर्मी बेस से गन सैल्यूट दिया जाएगा। इसके बाद सेकेंड वर्ल्ड वॉर के मिलिट्री एयरक्राफ्ट 'स्पिट फायर' और मॉडर्न फाइटर जेट्स के फ्लाई पास्ट का प्रदर्शन होगा। डिफेंस सेक्रेटरी बेन वॉलेस ने कहा कि ये हमारी तरफ से किंग को दिया गया भव्य और बेहतरीन ट्रिब्यूट होगा। दरअसल, ब्रिटेन में किंग या क्वीन ही आर्म्ड फोर्सेस के कमांडर इन चीफ होते हैं। किंग की ताजपोशी में सिर्फ ब्रिटिश नहीं बल्कि 35 कॉमन वेल्थ देशों के सैनिक भी हिस्सा लेंगे। बकिंघम पैलेस से वेस्टमिनस्टर पहुंचने से पहले किंग और क्वीन का काफिला 2 किलोमीटर का सफर तय करेगा। इस दौरान वे एडमायरैलिटी आर्च, ट्राफलगर स्क्वायर, चार्ल्स-1 के स्टैच्यू और संसद होते हुए 11 बजे ताजपोशी के लिए पहुंचेंगे। सेरेमनी के बाद किंग-क्वीन 260 साल पुराने गोल्ड स्टेट कोच चैरियट में बैठकर वापस पैलेस जाएंगे। ब्रिटेन की नई रानी यानी किंग चार्ल्स-थ्री की पत्नी कैमिला ताजपोशी के दौरान क्वीन एलिजाबेथ का कोहिनूर जड़ा ताज नहीं पहनेंगी। लंदन में बकिंघम पैलेस ने इसका ऐलान किया। इइउ के मुताबिक, भारत के साथ रिश्ते न बिगड़ें, इस बात को ध्यान में रखते हुए रॉयल फैमिली ने यह फैसला लिया है। इस फैसले के बाद कैमिला के लिए क्वीन मैरी का 100 साल पुराना क्राउन तैयार कराया जा

रहा है। कैमिला को आधिकारिक तौर पर क्वीन का दर्जा देने के लिए 6 मई को क्वीन कंसोर्ट होगा। इसी दौरान वे नया ताज पहनेंगी। खबरों के मुताबिक रॉयल फैमिली ने क्वीन मैरी का क्राउन कैमिला के सिर के हिसाब से रीसाइज कराने के लिए भी भेज दिया है।

अमेरिकी कपल ने बच्चों के शरीर पर जबरदस्ती टैटू बनाए

एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका के टेक्सास में एक कपल ने अपने बच्चों के शरीर पर जबरदस्ती टैटू बनवा दिए। इसके बाद पुलिस से बचने के लिए उन्होंने टैटू मिटाने की कोशिश की। इसके लिए कपल ने बच्चों की स्किन ही काट दी। पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कपल को गिरफ्तार कर लिया। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कपल ने पहले तो अपने 5 साल और 9 साल के बच्चों को रस्सी से बांध दिया, जिससे वो भाग न पाएं। इसके बाद उनके मुंह पर टेप लगा दिया और आंखों पर भी पट्टी बांध दी। फिर टैटू बना दिया। इसकी जानकारी चाइल्ड प्रोटेक्टिव सर्विस (उढर) को लग गई। कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए कपल ने टैटू मिटाने के लिए बच्चों की स्किन पर नीबू रगड़ दिया, जब स्किन छिलने लगी तो इसे काट दिया। 27 साल की मां मेगन और बच्चों के स्टेप-फादर 23 साल के गनर फर्र को पुलिस ने 25 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अब मामले की जानकारी दी है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- कपल ने 5 साल के बच्चे के पैर और 9 साल के बच्चे के शोल्डर पर टैटू बनाए थे। बच्चों के शोषण के आरोप में उढर मामले की जांच करने लगा। इस दौरान हमें बच्चों के पैर और शोल्डर पर घाव दिखाई दिए। टैटू वाली जगह से मांस निकाला गया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बच्चों के बयोलॉजिकल पिता जब उनकी स्टेप-मदर के साथ उनसे मिलने पहुंचे तो उन्हें इंक के कुछ निशान दिखे।

शहादत व मुआवजा

सावधानी हटी,दुर्घटना घटी। यह बातें छत्तीसगढ़ में देखने को मिली। नक्सलियों के आईईडी धमाके में डीआरजी के 10 जवान और एक वाहन चालक शहीद हो गये। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी बड़ी चूक कैसे हो गयी? जबकि सबको पता है कि यह इलाका नक्सलियों का अभयारण्य है। साथ ही यह भी पता है कि इन इलाकों में नक्सलियों ने पहले से ही विस्फोटक बिछा रखे हैं। ऐसे में जवानों ने इन रास्तों का चयन क्यों किया। साथ ही इस बात की पक्की जानकारी थी कि नक्सली यहां हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान के लिए भेजते समय इस बात की क्यों नहीं जानकारी हासिल की गई कि रास्ते दुर्गम हैं। हमला हो सकता है। इसका जवाब तो वरीय अधिकारियों को देना ही पड़ेगा। जवानों की शहादत यह बताने के लिए काफी हैं कि उन्होंने जिस तरीके से शहादत दी है,उसके पीछे लापरवाही प्रथम दृष्टया दिखती है। अब जांच के बाद पता चलेगा कि गलती कहां हुई है। बहरहाल यह घटना काफी दुखद है। जिसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है। ऐसे में ऐसी घटनाओं से सबक लेने की जरूरत है। वैसे भी यह इलाका पूरे देश में नक्सली घटनाओं के लिए जाना जाता है। इससे पूर्व भी दंतेवाड़ा में कई पुलिसकर्मियों ने शहादत दी है। बुधवार का विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि जिस जगह पर आईईडी विस्फोट किया गया, वहां बड़ा गड्ढा बन गया है। वहीं, जिस पिकअप वाहन से जवान जा रहे थे, धमाके में उसके परखच्चे उड़ गये। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के थाना अरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत माओवादी कैडर की उपस्थिति की जानकारी पर नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि नक्सलियों ने जिस सड़क पर बारूदी सुरंग सुरंग बनाई वह दंतेवाड़ा से सुकमा को जगरगुंडा इलाकों को जोड़ती है। ऐसे में नक्सलियों के बढ़ते हमलों के कारण इस सड़क को बंद दिया गया था। गौरतलब है कि इस सड़क के लिए कई जवानों ने अपनी शहादत दी है। इस वारदात के बाद प्रशासन की लापरवाही सामने आयी है,क्यों कि सुरक्षाकर्मियों ने प्रोटोकॉल को नहीं माना। वहीं,हमले से पहले पुसिकर्मियों के काफिले के रूट की चेकिंग और रोड ओपेनिंग पेट्रोलिंग नहीं की गई थी। जिस जगह यह नक्सली हमला हुआ है, वह जगह राजधानी रायपुर से लगभग साढ़े450 किलोमीटर दूर है। इस इलाके में जो सबसे नजदीकी पुलिस थाना है,वह वहां से सिफ दो किलोमीटर दूर बताया जा रहा है। ऐसे में वहां की सरकार और प्रशासन को इसका जवाब तो देना ही चाहिए कि इतनी बड़ी लापरवाही की सजा उन्हें क्या दी जाये। छत्तीसगढ़ अपने राज्य झारखंड की सीमा से सटा हुआ है। बेखौफ होकर दोनों राज्यों के नक्सली एक राज्य से दूसरे राज्य में आया जाया करते हैं। छत्तीसगढ़ की घटना का सीधा असर कुछ दिनों के बाद झारखंड में भी दिखने लगता है। इस स्थिति में झारखंड में चौकसी जरूरी है। जहां एक ओर नक्सलियों के सफाये की बात की जा रही है,वहीं इनकी उपस्थिति हैरान करने वाली है। ऐसे में नक्सल गतिविधियों को हल्के में लेने की भी जरूरत नहीं है। कारण अरबन नक्सली जंगलों में शांति नहीं होने देना चाहते हैं। ऐसे में आइये ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ आवाज उठायें। कारण शहादत का कोई मुआवजा नहीं होता है।

नक्सलियों के खिलाफ अभियान के लिए भेजते समय इस बात की जानकारी क्यों नहीं हासिल की गई कि रास्ते दुर्गम हैं। हमला हो सकता है। इसका जवाब तो वरीय अधिकारियों को देना ही पड़ेगा।

खोलो इंडिया : परंपरा को मिला पुर्नजीवन

विराट भारतीय संस्कृति और परंपराओं में बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी एक विशेष महत्व रहा है। हमारा यह विश्वास रहा है कि जिस प्रकार अध्ययन मानसिक विकास में आवश्यक है, उसी तरह खेल शारीरिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे जीवन में खेल और स्वास्थ्य का बहुत बड़ा योगदान है। खेल हमारे भीतर टीम भावना पैदा करते हैं। साथ ही इनसे हमारे अंदर, सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता, नेतृत्व कौशल, लक्ष्य निर्धारण और जोखिम लेने का आत्मविश्वास भी उत्पन्न होता है। शताब्दियों तक भारतीय ज्ञान, अध्ययन और अध्यापन परंपरा में खेलों को समान महत्व दिया गया, क्योंकि एक सुदृढ़ व्यक्तित्व का निर्माण तभी संभव है, जब उसमें एक 'विचारशील मन' और एक 'सुगठित तन', दोनों शामिल हों। हमारे प्राचीन गुरुकुलों में दी जाने वाली शिक्षा इसका प्रमाण है, जिसमें शास्त्रों-वेदों के अलावा विभिन्न प्रकार के खेल कौशलों की भी विधिवत शिक्षा दी जाती थी। वर्ष 2014 में जब केंद्र में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सत्ता में आई, तो सरकार ने इस पर फिर से विचार करना शुरू किया। भारत जैसे देश में जहां अभी तक क्रिकेट जैसे औपनिवेशिक और एलीट खेल का दबदबा था, दूसरे खेलों को प्रोत्साहन दिया जाना शुरू हुआ। फिर देखते ही देखते, एथलेटिक्स, कबड्डी, आर्चरी, शूटिंग, रेसलिंग, जैवलिन थ्रो, वेटलिफ्टिंग जैसे अनेक खेलों में, जो अभी तक उपेक्षा झेल रहे थे, भारतीय खिलाड़ियों ने एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करनी शुरू कीं। भारत देखते ही देखते, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पोर्ट्स सुपर पॉवर के रूप में उभरने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक ऐसी खेल संस्कृति का उदय हुआ, जो अभूतपूर्व थी। इसी संस्कृति को विराटता और व्यापकता देने के लिए सरकार ने 2018 में एक अभिनव अभियान का आरंभ किया, यह था 'खेलो इंडिया गेम्स'। 'खेलो इंडिया स्कूल गेम्स' के नाम से शुरू की गई इस पहल की शानदार सफलता को देखते हुए इसे और विस्तार दिया गया। इसी साल भारतीय ओलंपिक संघ के इस पहल से जुड़ते ही इसे और मजबूती व लोकप्रियता मिली।

खेलो इंडिया का बढ़ता दायरा : खेलों का सिलसिला बचपन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे आगे बढ़ाकर युवाओं को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए, इस विचार से अगले ही साल, यानि 2019 से इसका नाम बदलकर 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' कर दिया गया। और इसमें भारतीय युवाओं की विशाल आबादी को भी शामिल कर लिया गया। बचपन के उत्साह और युवा शक्ति और सामथ्य ने मिलकर खेलो इंडिया को इतना व्यापक स्वरूप प्रदान कर दिया है कि यह देश के सर्वाधिक सफल अभियानों में गिना जाने लगा है। यह उपलब्धि हमें कोई अनायास ही हासिल नहीं हुई है, बल्कि इसके पीछे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सृजनात्मक, कल्पनाशील व दूरदर्शितापूर्ण सोच व कड़ी मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है। इसी सोच का परिणाम था कि प्रधानमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल में खेल एवं युवा मंत्रालय की कमान श्री अनुराग ठाकुर को सौपीं। श्री अनुराग ठाकुर का नाम इसलिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि खेलों के प्रति उनके विजन की तारीफ पूरा देश करता आया है।

खिलाड़ियों को मिली पहचान : 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स', जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है, एक ऐसी अभूतपूर्व योजना है जिसे भारतीय खिलाड़ियों के दीर्घकालीन विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए लागू किया गया है। खेलो इंडिया एथलीटों का चयन, खेलो इंडिया गेम्स, नेशनल चैंपियनशिप /ओपन सेलेक्शन ट्रायल्स में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। केंद्रीय खेल व युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने पिछले साल लोकसभा में बताया था कि देश भर से 21 खेल विधाओं में 2,841 एथलीटों को 'खेलो इंडिया एथलीट' के रूप में चुना गया था। इन चुने हुए एथलीटों को खेलो इंडिया स्कॉलरशिप के लिए प्रतिस्पर्धा करने और अत्याधुनिक खेलो इंडिया अकादमियों में देश के सर्वश्रेष्ठ कोचों से प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाता है। अभी तक इस क्रम में 2017 और 2021 के बीच तीन 'खेलो इंडिया स्कूल और यूथ गेम्स', एक 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' और दो 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स आयोजित' किये जा चुके हैं, जिनमें लगभग बीस हजार एथलीटों ने हिस्सा लिया था। खेलो इंडिया कार्यक्रम में अभी तक जिन खेलों का समावेश किया गया है, उनमें एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, जूडो, जिम्नास्टिक, तीरंदाजी, टेबल टेनिस, तैराकी, निशानेबाजी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, लॉन टेनिस, वालीबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी जैसे खेल शामिल हैं।

'स्पोर्ट्स फॉर ऑल' स्पोर्ट्स फॉर एक्सीलेंस' : खेलो इंडिया कार्यक्रम के प्रमुख निहित उद्देश्यों में 'उत्कृष्टता के लिए खेल' के साथ-साथ 'सभी के लिए खेल' को बढ़ावा देना, वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में बड़े पैमाने पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना, केंद्र सरकार, राज्य सरकार या सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति में खेल अकादमियों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं की पहचान और पोषण व मार्गदर्शन तथा तहसील, जिला, व राज्य स्तर आदि पर खेल के बुनियादी ढांचे का निर्माण आदि शामिल हैं। संक्षेप में कहें तो 'खेलो इंडिया योजना' एक ऐसा कार्यक्रम है, जो जमीनी स्तर पर भारत की खेल संस्कृति को मजबूत और पुर्नजीवित करता है और खेल प्रतिभाओं की पहचान, विकास और पोषण- प्रोत्साहन से खेल संस्कृति को विकसित करता है। यह कार्यक्रम वंचित और गरीब युवाओं को अनुत्पादक कार्यों के बजाय खेलों से जुड़कर विकास करने की सुविधा प्रदान करता है। यह योजना कितनी व्यापक है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह राष्ट्रीय शारीरिक स्वास्थ्य अभियान के तहत 10 से 18 वर्ष के बीच के लगभग बीस करोड़ बच्चों को कवर करती है। इस योजना के आकार और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार लगातार इसके लिए आवंटित राशि की मात्रा बढ़ा रही है। वर्ष 2021-22 में इसके लिए 657.71 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, जिन्हें वर्ष 2022-23 में बढ़ाकर 974 करोड़ रुपए कर दिया गया और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में इसे 1045 करोड़ रुपए किया गया है।

खेलो इंडिया स्कूल गेम्स' के नाम से शुरू हुआ। इस पहल की शानदार सफलता को देखते हुए इसे और विस्तार दिया गया। इसी साल भारतीय ओलंपिक संघ के इस पहल से जुड़ते ही इसे और मजबूती व लोकप्रियता मिली।

इन दिनों

डॉ. संजय द्विवेदी

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान जगन्नाथ की कथा

भगवान गुफा में लौट गये, लेकिन साथ ही राज इंद्रदयुम्न से वादा किया कि वो एक दिन उनके पास जरूर लौटेंगे बशर्ते कि वो एक दिन उनके लिए विशाल मंदिर बनवा दे। राजा ने मंदिर बनवा दिया और भगवान विष्णु से मंदिर में विराजमान होने के लिए कहा। भगवान ने कहा कि तुम मेरी मूर्ति बनाने के लिए समुद्र में तैर रहा पेड़ का बड़ा टुकड़ा उठाकर लाओ, जो द्वारिका से समुद्र में तैरकर पुरी आ रहा है। राजा के सेवकों ने उस पेड़ के टुकड़े को तो ढूंढ लिया लेकिन सब लोग मिलकर भी उस पेड़ को नहीं उठा पाए। तब राजा को समझ आ गया कि नीलमाधव के अनन्य भक्त सबर कबीले के मुखिया विश्ववसु की ही सहायता लेना पड़ेगी। सब उस वक्त हैरान रह गये, जब विश्ववसु भारी-भरकम लकड़ी को उठाकर मंदिर तक ले आए। अब बारी थी लकड़ी से भगवान की मूर्ति गढ़ने की। राजा के कारीगरों ने लाख कोशिश कर ली लेकिन कोई भी लकड़ी में एक छैनी तक भी नहीं लगा सका। तब तीनों लोक के कुशल कारीगर भगवान विश?वकर्मा एक बूढ़े व्यक्ति का रूप धरकर आए। उन्होंने राजा को कहा कि वे नीलमाधव की मूर्ति बना सकते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने अपनी शर्त भी रखी कि वे 21 दिन में मूर्ति बनाएंगे और अकेले में बनायेंगे। कोई उनको बनाते हुए नहीं देख सकता। उनकी शर्त मान ली गई। लोगों को आरी, छैनी, हथौड़ी की आवाजें आती रहीं। राजा इंद्रदयुम्न की रानी गुंडिचा अपने को रोक नहीं पाई। वह दरवाजे के पास गई तो उसे कोई आवाज सुनाई नहीं दी। वह घबरा गई। उसे लगा बूढ़ा कारीगर मर गया है। उसने राजा को इसकी सूचना दी। अंदर से कोई आवाज सुनाई नहीं दे रही थी तो राजा को भी ऐसा ही लगा। सभी शर्तों और चेतावनियों को दरकिनार करते हुए राजा ने कमरे का दरवाजा खोलने का आदेश दिया।

(क्रमशः)

आनंद मोहन पर गरमाती बिहार की राजनीति

बिहार में गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी.कृष्णैया हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व सांसद आनंद मोहन समेत 27 कैदियों की रिहाई के फैसले पर राजनीति गरमायी हुई है। नीतीश सरकार के इस फैसले पर विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष भी विभाजित है। बसपा प्रमुख मायावती पहले ही आनंद मोहन की रिहाई पर नीतीश सरकार को कठघड़े में खड़ा कर चुकी है।आईएएस अधिकारियों के शीर्ष संगठन ने भी आनंद मोहन की रिहाई का विरोध किया है। वहीं, भाजपा को आनंद मोहन के नाम पर तो ऐतराज नहीं है, लेकिन इस आड़ में 26 अन्य कैदियों की रिहाई को लेकर पार्टी हमलावर है और इसे राजद का 'खेल' करार दे रही है। भाजपा सांसद अजय निषाद ने आनंद मोहन की रिहाई पर कहा कि यह चुनी हुई सरकार का फैसला है, इसलिए इस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन, इसकी आड़ में खेल दिख रहा है वह निंदनीय है। एक खास वर्ग के लोगों को फायदा देने के लिए आनंद मोहन को बलि का बकरा बनाकर गेम हो गया है। जदयू और राजद बेमेल का गठबंधन है, इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काफी दबाव में हैं और वे स्वयं निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं। ये दबाव में लिया गया ही निर्णय है जो बिहार के हित में नहीं है। भाजपा सांसद ने कहा कि पहले 27 लोगों की सूची देखिए और यह भी देखिये कि उनपर क्या गंभीर आरोप हैं। ऐसे लोगों को रिहाई नहीं मिलनी चाहिए जिससे बिहार के आवाम को खतरा हो। बता दें कि आनंद मोहन के साथ जिन कैदियों को रिहा करने का आदेश दिया है इसको चुनावी दृष्टिकोण से भी देखा जा रहा है। सरकार पर आरोप है कि इसमें भी माय (एमवाय) यानी मुस्लिम-यादव समीकरण का ध्यान रखा गया है। इन 27 कैदियों में 13 'माय' समीकरण वाले हैं। प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि आनंद मोहन की आड़ में अपराधियों को जेल से मुक्त किया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने आनंद मोहन की रिहाई का स्वागत किया है और कहा है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया था। उधर, राज्य में सत्तारुढ़ महागठबंधन में सहयोगी दल भाकपा माले ने रिहाई में भेदभाव का आरोप लगाते हुये सरकार को घेरा है। पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने भदासी कांड के छह टाडा बंदियों की भी रिहाई की मांग की है, जिन्होंने 22 साल की सजा काट ली है। माले विधायक इसके लिये 28 अप्रैल को धरना देंगे। इधर, दिवंगत आइएएस अधिकारी कृष्णैया की पत्नी उमा देवी ने आनंद मोहन की रिहाई के सरकार के फैसले को गलत और दुखद बताया है। उन्होंने इस मामले में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि बिहार में जाति की राजनीति हावी है। सरकार ने राजपूत वोटों को रिझाने के लिये ही आनंद मोहन को रिहा किया है। उल्लेखनीय है कि बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 10 लोकसभा सीट ऐसे हैं जहां राजपूत निर्णायक रोल में हैं। ऐसे 3-4 लाख राजपूत वर्ग के मतदाता हैं। जबकि 28 लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां इनकी आबादी एक लाख से ज्यादा है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, बिहार की जनसंख्या 10.38 करोड़ थी। इसमें 82.69 फीसदी आबादी हिंदू और 16.87 फीसदी आबादी मुस्लिम समुदाय की थी। हिंदू आबादी में 17 फीसदी सवर्ण, 51 फीसदी ओबीसी, 15.7 फीसदी अनुसूचित जाति और करीब एक फीसदी अनुसूचित जनजाति है। मोटे तौर पर यह कहा जाता है कि बिहार में 14.4 फीसदी यादव समुदाय, कुशवाहा यानी कोइरी 6.4 फीसदी, कुर्मी 4 फीसदी हैं। सवर्णों में भूमिहार 4.7 फीसदी, ब्राह्मण 5.7फीसदी, राजपूत 5.2 फीसदी और कायस्थ 1.5फीसदी हैं। ऐसे में महाराजगंज, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, वैशाली, शिवहर, बक्सर, आरा और बांका सीट पर राजपूत मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। **(लेखक न्यूजवाणी के बिहार के प्रधान संपादक हैं)**

महेश कुमार सिन्हा

जदयू और राजद बेमेल का गठबंधन है, इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काफी दबाव में हैं और वे स्वयं निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं। ये दबाव में लिया गया ही निर्णय है जो बिहार के हित में नहीं है।

देश-दुनिया

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

BJP Uttar Pradesh
@BJP4UP

2017 के पहले मथुरा में जवाहर बाग की घटना घटी थी, व्यापक खून-खराबा हुआ था, अराजकता का अड्डा था, आज जवाहर बाग में बेहतरीन गार्डन का निर्माण हुआ, ये है परिवर्तन: मुख्यमंत्री श्री @myogiadityanath

फेसबुक वॉल से

Ram Kumar
4 h ·

गलत का विरोध खुलकर कीजिये.... चाहे राजनीति हो या समाज...! इतिहास आवाज उठाने वालों का लिखा जाता है, तलवे चाटने वालो का नहीं ।।

भारतीय ज्ञान परंपरा और विश्व कल्याण की प्रेरणा

हिन्दू सारी दुनिया में ज्ञान और दर्शन के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। ज्ञान यहाँ पवित्र विषय रहा है। ज्ञान से सभी रहस्यों का अनावरण होता है। ज्ञान से धर्म सधता है। ज्ञान से अर्थ, काम और मोक्ष मिलते हैं। हिन्दू ज्ञान अभीप्सु राष्ट्रीयता हैं। जड़ों से उखड़े वृक्षों पर फूल नहीं खिलते। पक्षी ऐसे वृक्षों पर गीत नहीं गाते। यूजीसी ने नई शिक्षा नीति के अनुसरण में भारत की ज्ञान परंपरा को छात्रों अध्यापकों के लिए मार्गदर्शी बताया है। भारत को मूल से जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। ज्ञान का लक्ष्य सूचना पाना ही नहीं होता। ज्ञान, विज्ञान और दर्शन में विश्व कल्याण की प्रतिभूति है। भारत में ऋग्वेद के रचना काल के पूर्व से ही लोकमंगल हितैषी ज्ञान परंपरा है। स्थूल और अति सूक्ष्म पदार्थों के अणुओं का अध्ययन प्राचीन काल से ही जारी है। व्यक्त जगत के साथ अव्यक्त का ज्ञान भी पूर्वजों का प्रिय विषय रहा है। ज्ञान के प्रथम चरण से लेकर गहन ज्ञान मीमांसा भी होती रही है। ऋग्वेद के ज्ञान सूक्त (10.71) में इसी परिस्थिति का उल्लेख है, प्रारंभिक दशा में पदार्थों का नाम रखा जाता है। यह ज्ञान का पहला चरण है। इनका दोष रहित ज्ञान पदार्थों का गुण, धर्म आदि की गुफा में छुपा रहता है और अंतः प्रेरणा से ही उदभूत होता है।' पहले रूप फिर रूप का नाम सामान्य ज्ञान है। इसके बाद गुण धर्म। वैदिक काल ज्ञान दर्शन का अरुणोदय काल है। जिज्ञासा और प्रश्न सशक्त ज्ञान उपकरण हैं। ज्ञान दर्शन की यही परंपरा ऋग्वेद सहित चार वैदिक संहिताओं में विश्व की पहली ज्ञान सारिणी है। फिर उत्तर वैदिक काल में उपनिषद दर्शन है। फिर 6 प्राचीन दर्शनों में जिज्ञासा व तर्क के साथ सत्य दर्शन है। यही ज्ञान परंपरा बुद्ध व जैन दर्शनों में सम्मानीय है। ज्ञान प्रकट करने का प्रथम उपकरण है वाणी। वाणी का अनुशासन व्याकरण है। ज्ञान की इसी परंपरा में पाणिनि ने दुनिया का पहला व्याकरण लिखा है। इसके पहले यास्क वैदिक भाषा के अनुशासन पर निरुक्त लिखते हैं। पतंजलि योगसूत्र व भाषा अनुशासन लिखते हैं। योग विज्ञान अंतरराष्ट्रीय है। लंदन के विद्वान एल. बाशम ने 'दि वंडर दैट वाज इंडिया' में भारतीय योग विज्ञान का विशेष उल्लेख किया था। कौटिल्य ने दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा है। आचार्य वात्स्यायन ने कामसूत्र लिखा। भरतमुनि ने पहला नाट्यशास्त्र लिखा। इसी ज्ञान परंपरा में चरक और सुश्रुत संहिताएं आयुर्विज्ञान के रूप में प्रतिष्ठित हुईं । पाणिनि, पतंजलि, कौटिल्य, वात्स्यायन, भरतमुनि, चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, वराहमिहिर आदि सभी विद्वान अपने पूर्ववर्ती आचार्यों का उल्लेख करते हैं। वे अपने कथन को प्राचीन ज्ञान परंपरा से जोड़ते हैं। विज्ञान के विकास के लिए गणित का विशेष महत्व होता है। एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में कहा गया है कि शून्य के अंक का अविष्कार संभवतः हिन्दुओं ने किया था। शून्य और शून्य के स्थानगत मूल्यों की जानकारी वैदिक काल में थी। विवाह संस्था का जन्म वैदिक काल में ही हुआ। प्राचीन काल में गीत, संगीत, चित्रकला और स्थापत्य सहित सभी ज्ञान अनुशासन फल फूल रहे थे। लेकिन काल परिस्थिति के प्रवाह में यह ज्ञान परंपरा टूट गई। ब्रिटिश सत्ता के समय भारतीय ज्ञान परंपरा पर सुनियोजित आक्रमण हुए। पश्चिमी ज्ञान और सभ्यता का प्रभाव बढ़ा। यहाँ के विद्यालयों में पश्चिम की प्रशंसा और भारतीय ज्ञान को कमतर पढ़ाया जाने लगा। इतिहास का विरूपण हुआ। वेदों को जानवर चराने वालों के गीत कहा गया। भारतीय दर्शन को उड़ान कहा गया। ब्रिटिश विद्वानों व उनके समर्थक भारतवासी विद्वानों ने दावा किया कि अंग्रेजी राज के पहले हम भारतवासी एक राष्ट्र नहीं थे। भारत को अंग्रेजों ने ही राष्ट्र बनाया है। गाँधी जी ने इसका खंडन किया है। ब्रिटिश सत्ता भारत को असभ्य बता रही थी।

हृदयनाराण दीक्षित

सूक्ष्म पदार्थों के अणुओं का अध्ययन प्राचीन काल से ही जारी है। व्यक्त जगत के साथ अव्यक्त का ज्ञान भी पूर्वजों का प्रिय विषय रहा है। ज्ञान के प्रथम चरण से लेकर गहन ज्ञान मीमांसा भी होती रही है।

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

हजरत अनजान शाह दाता के उस शरीफ के मौके पर कव्वाली का आयोजन, रात भर झूमे लोग

'हम सभी भारत के फूल, कोई हमें रौंदे नहीं; जो तोड़ने का काम करता है वह इंसान नहीं'

नवीन मेल संवाददाता। (महुआडांड़) लातेहार
हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत अनजान शाह दाता उस शरीफ के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले कव्वाल अमन अफजल साबरी मुंबई ने नाते रसूल पढ़कर लोगों को को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने पढ़ा- हर मुसीबत में बजाते हैं मदीने वाले, मेरी बिगड़ी को बनाते हैं मदीने वाले, मुझको यह दुनिया ए फानी से भला क्या मतलब, मेरी आंखों में समाते हैं मदीने वाले, कब्र में बोला फरिश्तों से यह आसी ठहरो, मेरी इमदाद को आते हैं मदीने वाले, काश आकर यह कहे मुझसे कभी पुरवाई, चल सजर तुझको बुलाते हैं मदीने वाले। मौला अली की शान में भी बहुत ही खूबसूरत अंदाज में अमन अफजल साबरी ने नात व अन्य कव्वाली पढ़ा। साथ ही हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई एकता पर भी बोला और कहा कि हिंदुस्तान में सभी को मिलकर रहने को लेकर बुजुर्गों ने तरगीब दिलाई है। हम सभी भारत के फूल कोई हमें रौंदे नहीं, जो तोड़ने का काम करता है वह इंसान नहीं शैतान है।

वहीं दूसरी ओर कव्वालन सनम साहिबा दिल्ली ने भी नात मनकबत कव्वाली पढ़ा और कहा, सर अपना झुका सकते नहीं आगे किसी के, चलते हैं बड़ी शान से नबी के दीवाने, नबी के दीवाने, मुझको सुकून मिलता है नामें रसूल से, बनती है बिगड़ी किस्मत तैबा की धूल से, यह नाते पाक भी मिला हमें रसूल से, रौशन हुई यह दुनिया मोहम्मद के नूर से और हां बुग्ज ना करो कभी सलातो सलाम से, सारी खुशियां हैं सैयद ए आलम की जात से, ना देखा आप सा कायनात में, खुदाई दे दी मोहम्मद के हाथ में। समेत अन्य मनकबत नात व शाने अली में कव्वाली पढ़ी गई। इस तरह से कव्वाली का सिलसिला रात भर चलता रहा और लोगों ने इसका खूब लुत्फ उठाया। इस दौरान कव्वाल वाह कव्वालन को हौसला अफजाई के लिए इनाम भी दिया जा रहा था।

विधायक ने की कार्यक्रम स्थल पर शेड बनवाने की घोषणा : इससे पहले मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य स्टेला नगेसिया, कांग्रेस प्रदेश सचिव आफताब आलम, जेएमएम जिला सचिव शमशुल होदा समेत भाजपा जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल, उर्स कमेटी के मुख्य संरक्षक मोहम्मद इफ्तिखार अहमद, सदर जामा मस्जिद महुआडांड़ फहीम खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, उप प्रमुख अभय मिंज, डॉ. एके शाह, कांग्रेस लातेहार विधानसभा अध्यक्ष टिंकू आलम, जेएमएम अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष वारिस अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष मजहर खान, अजीत पाल कुजुर, कव्वालन सनम साहिबा एवं कव्वाल अमन अफजल साबरी को माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर और बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस मौके पर विधायकरामचंद्र सिंह ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले साल तक स्टेज बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वह निजी फंड से अनजान शाह दाता के मजार के समीप कार्यक्रम स्थल पर शेड का निर्माण कराएंगे ताकि आने वाले वर्षों में इसी सेड में कव्वाली का प्रोग्राम हो सके। साथ ही उन्होंनेउर्स कमेटी एवं महुआडांड़ के सभी लोगों बधाई दी।

शानदार व्यवस्था की गई थी

उर्स कमेटी के लोगों को द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शानदार तैयारियां की गई थीं। वहीं महुआडांड़ पुलिस प्रशासन की ओर से भी कार्यक्रम को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था। उर्स व कव्वाली को सफल बनाने को लेकर उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम, सचिव मोहम्मद मजहर खान, संरक्षक मनोज जयसवाल इस्तेखार अहमद, उपाध्यक्ष आजाद अहमद शंभू प्रसाद कयूम अंसारी मोहम्मद परवेज आलम हबीब उल्लाह खान कोषा अध्यक्ष भानु प्रसाद तनवीर आलम महुआडांड़ सदर फहीम खान नूर उल अंसारी अजीतपाल कुजुर परवेज आलम अंजर खान शहीद अहमद उर्फ गोलू रिंकू ऑफ मंसूरी नसीम अंसारी इकबाल शाह, बशारत अली इश्तियाक अहमद,शिवनाथ प्रसाद, राहुल नाथ शाह, हब्बीबुलाह खान, हमिद अहमद, नजिरुल हक, सदस्य सैफ अली आदि का योगदान रहा।

NEWS इन ब्रीफ

बिन मौसम बारिश से फसलों को नुकसान

कुंदा। चिलचिलाती गर्मी से राहत बनकर आई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी हैं। कुंदा प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने बताया कि एक तो बरसात में पर्याप्त बारिश नही होने की मार झेल रहे हैं। वहीं बेमौसम आई बारिश ने जेठुवा फसल को बर्बाद कर दिया है। किसानों ने बताया की जेठुवा फसल करेला, भिंडी, कद्दू, ककड़ी, खीरा, बोदी आदि सब्जियों की अच्छी उपज हो जाती थी। लेकिन बारिश ने उपरोक्त फसलों को नष्ट कर किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया।

आइसक्रीम शॉप का किया गया उद्घाटन

महुआडांड़। मुख्य बाजार स्थित दुर्गा बाड़ी के सामने की दुकान में रोलिक आइसक्रीम की दूसरी दुकान का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर दुकान के ऑनर आजाद बूट हाउस एवं जुगनू ने बताया गया कि इससे पूर्व में रोलिक आइसक्रीम शॉप दीपाटोली स्थित मेरे आवास के समीप खोला गया था। लोगों का काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। बहुत सारे लोग वहां तक नहीं पहुंच पाते थे जिसके लिए हम लोगों ने यह दुकान खोली है।

डीपीएम ने प्रशिक्षण केंद्र का निरिक्षण किया

बारियातु। गोनिया पंचायत भवन में तेजस्विनी परियोजना के तहत चल रहे आर्थिक गतिविधि के लिए क्लब के किशोरी द्वारा सिलाई कटाई और बुनाई का प्रशिक्षण का निरीक्षण डीपीएम श्याम नंदन राय ने किया। किशोरी लक्ष्मी कुमारी द्वारा 30 कोशोरियो को सिलाई कटाई और बुनाई का तीन माह के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

महिलाओं को मिलेगी बकरी पालन की ट्रेनिंग

कुंदा। जेएसएलपीएस से जुड़ी सक्रिय चौबीस महिलाओं को 10 दिवसीय बकरी पालन का प्रशिक्षण जिला मुख्यालय स्थित आरएसटी में दिया जाएगा। बीआरपी सुरेश कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की कई महिलाएं बकरी पालन व पशु पालन का काम करती हैं।

डीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई

योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें पूर्व की समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत सभी योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना संबंधित पदाधिकारियों का कर्तव्य है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में विभागीय रिक्तियों, छात्रवृत्ति, मनरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की बकाया राशि भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, आंबेडकर आवास, पोटो हो खेल मैदान, पशुधन विकास योजना, पेंशन, राशन, आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण वाटिका, भू-अर्जन तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा

कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। भू-अर्जन से संबंधित मुआवजा भुगतान के मामले में तेजी लाते हुए कैंप मोड़ में कार्य करने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, आंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित आवासों को शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में डोभा आदि के अधतन प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कहा कि छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों में बच्चों की ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग ऐसे विद्यालय की सूची उपलब्ध कराए जहां शौचालय की व्यवस्था नहीं है ताकि प्राथमिकता के आधार पर शौचालय बनवाया जा सके। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को सिविल सर्जन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्कूली बच्चों के नेत्र जांच कराने के लिए निर्देशित किया गया।

उपायुक्त ने यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उपायुक्त सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने व समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिले में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जिले में लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से लोगों का निशुल्क इलाज 15 मई से शुरू किया जा रहा है। लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन लातेहार के स्टेशन पर खड़ी रहेगी। इस ट्रेन के जरिए नेत्र रोगियों का इलाज और ऑपरेशन किया जाएगा, कटे-फटे होठ वाले मरीजों का इलाज किया जाएगा।

हिरन के मांस के साथ 1 गिरफ्तार, 4 फरार

बरवाडीह। पलामू टाइगर रिजर्व सुरक्षित वन क्षेत्र के छिपादोहार क्षेत्र से वन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश कांत जेन्ना की गुप्त सूचना पर रेंजर शंकर पासवान के निर्देश पर पूर्वी वन क्षेत्र के वनपाल नंद कुमार मेहता के नेतृत्व में छापामारी कर वन्य जीव हत्या मामले में एक आरोपी हिरन शिकारी को गिरफ्तार किया गया है। प्रतिबंधित वन जीव अधिनियम के तहत पूर्वी वन प्रक्षेत्र के भट्ठी मुहल्ला छिपादोहर में छापेमारी कर हिरन के मांस के साथ रंजन सिंह (19) पिता रुपनाथ सिंह को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी के निशानदेही पर अन्य शिकारियों के यहां भी छापामारी की गई। इसमें सभी आरोपी फरार हो गए, जबकि पकड़े गए आरोपी रंजन सिंह के घर से हिरन का कच्चा और पक्का हुआ मांस, हिरण का शिकार, कुल्हाड़ी समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। इस मामले में रितेश सिंह, रुपनाथ सिंह, राजकिशोर सिंह, मन्नू सिंह जो सभी एक ही परिवार के है भागने में कामयाब रहे। इन्हें पकड़ने के लिए वन विभाग का पुलिस के सहयोग से छापामारी अभियान जारी है।

गलत नीतियों के खिलाफ माले करेगी उग्र आंदोलन

जिला सचिव बोले, हेमंत ने भी किया निराश

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम ने पार्टी संगठन के दिशा निर्देश के बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आंदोलन करने करने का आह्वान किया।

भाकपा माले की बेतला में आयोजित दो दिवसीय बैठक संपन्न होने के बाद प्रेस वार्ता कर बिरजू राम ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर माले के सभी सदस्यों एवं संगठन से जुड़े लोगों को बधाई दी। बिरजू राम ने बताया कि दो दिवसीय बैठक के दौरान जहां पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और पार्टी के विधायक विनोद सिंह ने शिरकत कर पार्टी के कार्यकताओं के अंदर एक ऊर्जा भरने का काम किया है। इसके बदौलत पार्टी से जुड़े सभी कार्यकर्ता अब केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ मजबूत आंदोलन की शुरुआत करेगी। बिरजू राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है और देश को पूरी तरीके से लूटने और बेचने में लगी है। साथ ही साथ

आज देश में लोकतंत्र भी से खतरे में है। इसको लेकर देश के सभी विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड राज्य में हेमंत सरकार को जिस तरीके से जनता का काम करना चाहिए था वह उस तरीके से काम नहीं कर पा रही है। आज भी राशन, पेंशन और युवाओं को रोजगार का सवाल यथावत बना हुआ है और राज्य की सरकार युवाओं पर लाठी चलाने का काम कर रही है। यह काफी निंदनीय है और इसके खिलाफ हमारी पार्टी आंदोलन करने को भी तैयार है।

जिप सदस्य संतोषी ने बैठक में कई मुद्दे उठाए

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
जिला परिषद की आयोजित बैठक में पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी

शेखर ने प्रखंड के कई मुद्दों को उठाने उठाया। सदन को बताया गया कि निजी विद्यालयों के द्वारा सीधे 50 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ोतरी करने का काम किया गया है जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम के खिलाफ है। इस पर कार्रवाई करने की जरूरत है। वहीं जिप सदस्य ने प्रखंड मुख्यालय की धड़धड़ी नदी के अस्तित्व को बचाने को लेकर योजना बनाने के साथ सडक निर्माण में अनियमितता, बाजार के जर्जर हो चुके शेड को तोड़कर दुकान बनाने, बाजार समिति द्वारा संचालित दुकानों का किराया बढ़ाने का विरोध, खिलाड़ियों के लिये प्रशिक्षण केंद्र खोलने, चेक डैम मररमती की योजनाओं में अनियमितता, पहाड़ी मंदिर को पूर्ण रूप से पर्यटन स्थल बनाने, जल नल योजना में अनियमितता की जांच को लेकर जांच कमेटी बनाने, नियम को ताक पर रखकर स्वास्थ्य केंद्रों की मरम्मत कराए जाने, बाजार से आदर्श नगर तक नाला निर्माण , बाजार खेल मैदान में ओपन जिम खोलने समेत कई मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया।

शिविर में बिजली सूद माफी योजना का 23 लोगों ने उठाया लाभ

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित साहू मार्केट में गुरुवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली बील भुक्तान में एक मुश्त सूद माफी योजना के तहत शिविर लगाया गया। इसमें 23 लोगों ने योजना का लाभ उठाया। बिजली विभाग के कर्मियों ने प्रखंड क्षेत्र के बकाया बिजली उपभोक्ता से सूद माफी योजना का लाभ उठाने की अपील की। सूद माफी योजना का लाभ उठाने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। समय सीमा पर जमा नहीं करने पर सूद माफी योजना का लाभ नहीं दिया जा सकता। मौके पर सहायक कर्मी मंटू सिंह, विकास कुमार, ऊर्जा मित्र पंकज पांडेय, रामा कांत पांडेय, बैजू महतो आदि कर्मी मौजूद थे।

बीडीओ ने की मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक, दिए कई अवश्यक दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर
गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें उपस्थित मनरेगा कर्मियों को बीडीओ ने मनरेगा से संचालित योजनाओं की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर पुरानी योजनाओं का अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड के सभी छह पंचायतों में आठ-आठ एकड़ में बागवानी योजना का चयन कर अभिलेख तैयार करने का निर्देश दिया। बताया गया कि मनरेगा मजदूरों का भुगतान जॉबकार्ड में आधार लिंक से किया जाएगा। बैठक में रोजगार सेवक गोविंद दांगी, रोहित कुमार यादव, स्वर्णलता, सुनील आदि उपस्थित थे।

सहायक अभियंता ने की नाडेप निर्माण की जांच

गिद्धौर। प्रखंड की बारिसाखी पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बनाए जा रहे नाडेप, सोक पीट, वर्मी कंपोस्ट व नाली निर्माण की जांच विभाग के सहायक अभियंता अरविंद कुमार ने की। बता दें कि निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता की ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी। जांच के दौरान योजनाओं में गुणवतापूर्ण कार्य पाया गया, वहीं एई ने बताया की कार्य सही तरीके से हो रहा है। निर्माण कार्य करा रहे संस्थाओं से निमार्णाधीन नाडेप, वर्मी कंपोस्ट को गुणवत्तापूर्ण बनाने का निर्देश दिया गया है।

अपहरण, हत्या व डकैती का अपराधी गिरफ्तार

बरवाडीह। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के गुप्त सूचना पर छिपादोहर पुलिस ने खूंखार अपराधी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। इस संबध प्रखंड के छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया किअनिल कुजुर उर्फ अनिल एंजलो कुजूर पिता मुकुट एंजलो कुजूर 2007 से हत्या, डकैती, अपहरण जैसे जघन्य अपराध किये थे। इसपर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं, जो 2007 से ही ये फरार चल रहा था। उसे गुप्त सूचना पर बुधवार शाम छापामारी कर ग्राम लुकुमखाड, टोला बुचीदाढ़ी, ग्रामझ गाड़ी, टोला मतनाग से उनके घर से गिरफ्तार किया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एसआई काशी माली समेत छिपादोहर के जवान शामिल थे।

समीक्षा बैठक | डीसी ने कुपोषण से निपटने के लिए दिए निर्देश

पोषण टोकरी अविलंब केंद्रों में हो शुरू

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समर अभियान के तहत कुपोषण से निपटने के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से झारखंड सरकार द्वारा राज्य में कुपोषण निवारण के लिए 1000 दिनों की अवधि के योजनाबद्ध महा-अभियान के तहत जिले में कुपोषण एवं अनीमिया से ग्रसित बच्चों और महिलाओं के उपचार के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। बताया गया कि राज्य में कुपोषण एवं अनीमिया उन्मूलन के लिए अगले 1000 दिनों में समयबद्ध समर अभियान प्रथम चरण में राज्य के पांच जिलों में चलाई जाएगा, जिसमें चतरा जिला भी शामिल है। वहीं समर अभियान के कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत उपायुक्त ने 24 प्रतिशत के

सर्वेक्षण की प्रगति ससमय बेहतर करने का निर्देश संबंधितों को दिया। जन्म से 05 वर्ष तक बच्चे विगत 03 माह में समर अभियान के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य में कुपोषण उपचार केंद्र में कार्यरत सभी प्रखंडों के आहार विशेज्ञ को सर्वेक्षण कार्य का निर्देश गया है ताकि कुपोषित बच्चों चिन्हित हो सके। साथ हीं 0-5 वर्ष के अबतक चिन्हित कुपोषित बच्चों का फलोअप कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित एनीमा मामलों पर अंकुश लगाने हेतु जॉच कैम्प आयोजित कर केंद्रवार आईएफए टेबलेट/सीरप उपलब्ध कराने तथा नार्मांकित कुपोषित बच्चों को एसएएम किट अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ हीं अबतक चिन्हित कुपोषित एवं अल्पवजन के बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार (पोषण टोकरी) अविलंब केंद्रों में शुरू करने का शख्त निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमनी कुमारी, जेएसएलपीएस डीपीएम अनिल डुंगडुंग समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

अनुमंडल पुस्तकालय के निर्माण कार्य का डीसी ने किया निरीक्षण : उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को अनुमंडल पुस्तकालय में चल रहे निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने इसके बाद अनुमंडल पुस्तकालय में चल रहे निर्माण कार्य को आगामी 05 मई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया, जिससे उत्क्रमित पुस्तकालय नये पुस्तकों और उपकरणों के साथ जिले के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सरहुल पर्व के अवसर पर प्रमुख ने तीस मांदर का किया वितरण

बालूमाथ। प्रमुख ममता देवी ने बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बालू पंचायत के विभिन्न अखड़ों को 30 मांदर दिए हैं। प्रमुख ममता देवी ने बताया कि सरहुल के पावन पर्व पर बालू पंचायत के अलग-अलग अखड़ा के बीच मांदर वितरण किए हैं। लोग धीरे-धीरे झारखंडी गाना, वाद्य यंत्र मांदर, ढोलक, नगाड़ा जैसे वाद्य यंत्र को छोड़ते जा रहे हैं, जबकि यह झारखंड का धरोहर है। पूर्वजों से हमें यह नृत्य, वाद्य यंत्र विरासत में मिली है। इसे आने वाले नए पीढ़ी के लिए संस्कृति को बचाकर और बना कर रखना होगा।

महुआडांड़ प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड
महुआडांड़ स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई सत सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य स्टेला नगेसिया उपस्थित हुई। उन्होंने शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महुआडांड़ के सभी शिक्षक शिक्षिका कर्मठ एवं कर्म धारक है। इतने शिक्षकों के सेवानिवृत्त हो जाने के उपरांत स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो रही है, जिसे हम सबों को समझने की जरूरत है। बता दें कि 2018 से लेकर अभी तक महुआडांड़ अंचल से 65 शिक्षक शिक्षिकाएं सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

झारखंड प्राथमिक विद्यालय संघ के प्रधान सचिव चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि आज की विकट

परिस्थितियों में शिक्षकों द्वारा अच्छी तरह से कार्य करते हुए सेवानिवृत्त होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह कहना सही होगा कि शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होते। उनका हमेशा समाज में अहम योगदान होता है। सभा को अनुपा मिंज, प्रेम शंकर यादव, वेल्सन मिंज,फ्रांसिसका कुजूर, जेसिंता कुजुर प्रभात प्रभा टोप्पो समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा संबोधित किया गया। वहीं सभा का संचालन हाबिल कुजूर के द्वारा किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों में मरियम बाखला, रेणु सिंह, सरोमनी बाखला, समेत सभी 65 शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे। वही सभा में मुख्य रूप से अकरम अंसारी, राजेंद्र प्रसाद नागेशिया, विजय नगेसिया, सत्येंद्र कुमार मंजू कुमारी अरुणा टप्पो समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

बाहुबली नेता आनंद मोहन जेल से हुए रिहा

सहरसा। बिहार के पूर्व सांसद और बाहुबली नेता आनंद मोहन गुरुवार की सुबह जेल से रिहा हो गए। गोपालगंज के जिलाधिकारी जी कृष्णाया की हत्या के मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली थी। सहरसा जेल प्रशासन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि गुरुवार की सुबह करीब छह बजे उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया।

अतीक अहमद के ऑफिस में मिले इंसानी खून के धब्बे

प्रयागराज। एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में, फोरेंसिक जांच रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गैंगस्टर अतीक अहमद के ध्वस्त किए गए कार्यालय में पाए गए खून के धब्बे मानव रक्त थे। बुधवार देर रात विशेष जांच दल को रिपोर्ट सौंपी गई। सोमवार को चकिया स्थित कार्यालय के अंदर खून के धब्बे और खून से सना चाकू मिला था। इसके बाद नमूने लेने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया था।

कर्नाटक बीजेपी ने कांग्रेस से सवाल किए

क्या हमें अमित शाह की जगह बिन लादेन को लाना होगा?

एजेंसी। बेंगलुरू

कर्नाटक भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित भड़काऊ भाषण और राज्य में उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के कांग्रेस पार्टी के दावे को खारिज कर दिया है। राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि ने गुरुवार को कहा कि राज्य में अमित शाह के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने की कांग्रेस की मांग पर चुनाव आयोग गौर करेगा। रवि ने चुटकी ली- क्या हम अमित शाह की जगह बिन लादेन को लाने वाले हैं?

ये लोग (कांग्रेस पार्टी के नेता) मदनी (अब्दुल नस्सर मदनी), लादेन और दाऊद इब्राहिम चाहते हैं। रवि ने प्रश्न किया- क्या उन्हें देशभक्त अमित शाह नहीं चाहिए? रवि ने आरोप लगाया कि, केपीसीसी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा था कि डी जे हल्ली और के जी हल्ली गिरोह (बेंगलुरु में हिंसा में आरोपी) उनके भाई थे। बेंगलुरु के पडारायणपुरा में हुई हिंसा के दौरान वह आरोपी के साथ खड़े रहे। जहां यह तालिबान गिरोह राज्य में सामने आएगा, वहीं कांग्रेस प्रशासन का मतलब प्रशासन का तालिबान मॉडल है। कांग्रेस के शासन काल में साम्प्रदायिक झगड़ों की गारंटी है। साम्प्रदायिक हिंसा करने वाले सभी लोगों ने उस पार्टी से हाथ मिला लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर राज्य में सांप्रदायिक हिंसा का अमित शाह का बयान सही है।

कांग्रेस ने शाह के चुनाव प्रचार पर रोक लगाने की मांग की

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने गुरुवार को चुनाव आयोग से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए राज्य में प्रचार करने से प्रतिबंधित करने की मांग की। केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने कहा, अमित शाह ने बेबुनियाद आरोप लगाए हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो राज्य में सांप्रदायिक दंगे और हिंसा होगी। मतदाताओं को डराने की कोशिश की गई है कि वे कांग्रेस पार्टी को वोट न दें। उन्होंने कहा, क्या देश के सर्वोच्च पद पर आसीन अमित शाह के लिए राज्य के लोगों को धमकाना संभव है? यह किस तरह का लोकतंत्र है? हमने उनके खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दर्ज की है। शिवकुमार ने कहा, यह बहुत बड़ी साजिश है और इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले

पीएम मोदी के नाम से की गई पहली पूजा

एजेंसी। चमोली

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा की 22 अप्रैल से ही शुरूआत हो चुकी है। वहीं, आज यानि गुरुवार को चौथे धाम के कपाट भी खोल दिए गए। भगवान बदरी विशाल के कपाट पूरे विधि-विधान के साथ गुरुवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। सुबह तीर्थ पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान के साथ भगवान बदरी विशाल की पूजा की। उसके बाद सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। वहीं, बदरीनाथ मंदिर में पहली पूजा पीएम नरेंद्र मोदी के नाम से की गई।

बद्रीनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया है, वही आईटीबीपी बैंड की धुन के साथ और श्रद्धालु के जयकारों के साथ पूरा भू बैकुंठ बद्रीनाथ धाम से गूंज उठा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान बद्री विशाल के दर्शन के लिए बद्रीनाथ पहुंचे। बद्रीनाथ में सुबह से ही हल्की हल्की बारिश जारी है वहीं आस पास की चोटियों में बर्फ देखने को मिल रही है।

इस मौके पर वीआईपी के साथ-साथ बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। बदरीनाथ मंदिर को 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया है।

धन शोधन मामला : 10 जगहों पर छापा

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने चेन्नई में तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशनकॉरपोरेशन (टीएएनजीईडीसीओ) और चेट्टीनाड समूह की कंपनी दक्षिण भारत निगम (एसआईसी) के अधिकारियों के कई ठिकानों पर छापे मारे हैं। चेन्नई में 10 परिसरों में तलाशी ली गई। इन ठिकानों में टीएएनजीईडीसीओ के पूर्व कोयला निदेशक, सरकारी अधिकारियों और एसआईसी तथा वेस्टर्न एजेंसीज (मद्रास) प्राइवेट लिमिटेड के महत्वूपर्ण प्रबंधन कर्मियों के परिसर शामिल थे। विशाखापत्तनम बंदरगाह से कोयले की ढुलाई में ज्यादा भुगतान का दावा कर राज्य सरकार के सार्वजनिम उपक्रम टीएएनजीईडीसीओ से सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए सतर्कता और भ्रष्टाचार-विरोधी निदेशालय, चेन्नई ने एफआईआर दर्ज कराई थी। उसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया है। टीएएनजीईडीसीओ को यह नुकसान टीएएनजीईडीसीओ के अधिकारियों की मिलीभगत से 2001 और 2019 के बीच यह धोखाधड़ी की। संबंधित पार्टियों में से एक द्वारा दायर निषेधाज्ञा याचिका के आधार पर छह महीने के लिए दी गई प्रारंभिक निविदा को 19 साल के लिए बढ़ा दिया गया था। ईडी ने कहा, तलाशी के दौरान, डिजिटल साक्ष्य और संपत्ति के दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। तलाशी में दक्षिण भारत निगम के खातों में सावधि जमा के रूप में पड़े 360 करोड़ रुपये की वसूली भी हुई, जिसे जब्त कर लिया गया है।

अन्नामलाई के साथ कोई विवाद नहीं, पलानीस्वामी बोले

भाजपा के साथ गठबंधन जारी रहेगा

एजेंसी। चेन्नई

अन्नाद्रमुक महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने गुरुवार को कहा कि उनका तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के. अन्नामलाई के साथ कोई विवाद नहीं है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन जारी रहेगा। ईपीएस का बयान नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मिलने के एक दिन बाद आया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर तमिलनाडु के वित्त मंत्री पीटीआर त्यागराजन के होने का दावा करने वाले दो ऑडियो क्लिप पर एमके स्टालिन की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के वित्त मंत्री ने भी इस बात से इनकार किया था कि क्लिप में उनकी आवाज थी। अन्नाद्रमुक ने केंद्रीय गृह मंत्री से मामले की जांच कराने और सच्चाई सामने लाने के लिए याचिका दायर की थी। उन्होंने यह भी कहा कि एआईएडीएमके के निष्कासित समन्वयक ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) डीएमके की बी टीम के रूप में कार्य कर रहे थे और कहा कि पार्टी को धोखा देने वालों के लिए कोई जगह नहीं थी।

रामनवमी पर हुए दंगों की सियासी घमासान शुरू

एजेंसी। कोलकाता

गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ के एक आदेश पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक गतिरोध शुरू हो गया, आदेश में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को हावड़ा और हुगली जिलों में रामनवमी के जुलूसों की हालिया झड़पों की जांच करने का निर्देश दिया गया था। तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव और पार्टी के प्रवक्ता कुणाल घोष के अनुसार, चूंकि केंद्रीय एजेंसियां हमेशा भाजपा की रक्षा करती हैं, बिहार के मुंगेर से पश्चिम बंगाल में आने वाले गुंडों को राहत मिलेगी। घोष ने दावा किया- भाजपा और केंद्र सरकार की साजिश सिम्पल है। पहले सांप्रदायिक तनाव पैदा करो और फिर एनआईए के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करो। भाजपा शासित राज्यों में एनआईए का प्रवेश कभी नहीं देखा गया, ठीक उसी तरह जैसे नारद स्टिंग ऑपरेशन के लिए प्राथमिकी में नाम होने के बावजूद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शुभेंदु अधिकारी को गिरफ्तार नहीं किया।

लाइट एंड साउंड शो से प्रदर्शित होंगी ‘मन की बात’ की झलकियां

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के ‘मन की बात’ कार्यक्रम की विशेष झलकियां ऐतिहासिक स्मारकों में भी लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दिखाई जाएंगी। संस्कृति मंत्रालय 29 अप्रैल को दिल्ली के लालकिला सहित 13 आईकॉनिक ऐतिहासिक स्मारकों में विशेष थीम के साथ मन की बात कार्यक्रम की झलकियां प्रदर्शित करेगा। ‘मन की बात’ पर आधारित इस विशेष शो को लोगों के लिए निःशुल्क रखा गया है। गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात की 100वीं कड़ी पूरे होने के अवसर पर ऐतिहासिक स्मारकों में विशेष लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया जा रहा है। 29 अप्रैल को शाम सात से आठ बजे तक 13 ऐतिहासिक एवं आईकॉनिक स्मारकों में विशेष लाइट एंड साउंड शो में मन की बात कार्यक्रम की झलकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन सभी स्मारकों में दिखाई जाने वाली वीडियों में अलग अलग थीम को शामिल किया गया है। इन 13 स्मारकों में लालकिला, ग्वालियर का किला (एमपी), सूर्य मंदिर (ओडिशा), गोकुंडा का किला (तेलंगाना), गेटवे ऑफ इंडिया (महाराष्ट्र), नवतनगढ़ किला (झारखंड), प्रधानमंत्री संग्रहालय शामिल हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे का भाजपा पर तंज

पूछा- ‘देश के लिए आपका क्या योगदान है’

एजेंसी। गडग (कर्नाटक)

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए उनसे पूछा कि भाजपा ने देश के लिए क्या योगदान दिया है। चुनावी राज्य कर्नाटक के गडग जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा, भाजपा का देश के लिए क्या योगदान है? यहां तक कि आपके पालतू कुत्ते ने भी देश के लिए अपनी जान नहीं दी है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सोनिया गांधी ने लोगों को मुफ्त चावल देना शुरू किया। नरेगा योजना हमारे द्वारा शुरू की गई थी। कर्नाटक में भाजपा की

एकमात्र उपलब्धि 40 प्रतिशत कमीशन लेना है। और पीएम मोदी इन लोगों का समर्थन करते हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री होने के बावजूद मोदी भाजपा नेताओं के प्रचार के लिए गांवों और तालुकों में जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने विदेशी बैंकों में जमा सभी काले धन को वापस लाने और प्रत्येक नागरिक को 15 लाख रुपये देने का वादा किया था। लेकिन लगता है कि सारा पैसा अडानी के पास है। प्रधानमंत्री को 18 करोड़ युवाओं को रोजगार देना था।

लेकिन कोई नौकरी नहीं दी गई है। डबल इंजन की सरकार विफल रही है। कांग्रेस के शासन के दौरान, बड़े बांध और बड़े पैमाने पर सिंचाई परियोजनाओंको लागू किया गया था। खड़गे ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले नौ वर्षों में क्या किया है?

कांग्रेस नेता ने दावा किया, अगर हम कर्नाटक में जीतते हैं, तो हम पूरे देश में जीतेंगे।

मुलाकात

तीन दिवसीय दौरे पर बांग्लादेश ने भारत के साथ सहमति जताई

प्रशिक्षण सहयोग पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश के थल सेनाध्यक्ष जनरल एसएम शफीउद्दीन अहमद गुरुवार को भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर राजधानी पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करने के साथ अपने दौरे की शुरूआत की। इसके बाद उन्हें दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तीन दिनों की यात्रा के दौरान बांग्लादेशी सेना प्रमुख भारत के शीर्ष सैन्य नेतृत्व से मिलकर बांग्लादेश रक्षा संबंध और रक्षा मुद्दों पर वार्ता करेंगे। बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदानी नायकों को श्रद्धांजलि

देकर अपनी यात्रा की शुरूआत की। साउथ ब्लॉक लॉन में विजिटिंग जनरल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद उन्होंने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे से मुलाकात की। सेना प्रमुखों ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के हिस्से के रूप में प्रशिक्षण, आतंकवाद विरोधी सहयोग और समग्र द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने और मजबूत करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

जनरल एसएम शफीउद्दीन अहमद ने दौरे के पहले दिन चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव और विदेश सचिव से मुलाकात की। उन्हें रक्षा उत्पादन विभाग और आर्मी डिजाइन ब्यूरो के स्वदेशी रक्षा उपकरण निर्माण इको-सिस्टम के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र, भारत और बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ पीस सपोर्ट ऑपरेशंस ट्रेनिंग, बांग्लादेश के बीच संयुक्त राष्ट्र शांति संचालन और प्रशिक्षण सहयोग के लिए एक कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए।

बांग्लादेश सेना प्रमुख चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में 29 अप्रैल को होने वाली पासिंग आउट परेड के समीक्षा अधिकारी होंगे। वह अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी संग्रहालय का दौरा करेंगे और पासिंग आउट कोर्स के कैडेटों के साथ बातचीत करेंगे। भारत और बांग्लादेश 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान सहयोग और समर्थन की ऐतिहासिक विरासत को साझा करते हैं। रक्षा सहयोग के मुद्दे पर दोनों देशों की तीनों सेनाओं के बीच सक्रिय जुड़ाव, सैन्य प्रमुखों के स्तर पर उच्चस्तरीय आदान-प्रदान, रक्षा सचिवों के बीच वार्षिक संवादों का संचालन और सेवा-विशिष्ट स्टाफ वार्ता शामिल हैं।

मलाइका ने ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

मलाइका अरोड़ा अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने बयानों और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। मलाइका की फिटनेस के भी कई दीवाने हैं। इसलिए उनके जिम और योग स्टूडियो के बाहर के वीडियो भी खूब वायरल होते हैं। नेटिजेंस अक्सर उन्हें उनके चलने के अंदाज के लिए ट्रोल करते हैं। एक बार राखी सावंत ने भी उनके 'डक वॉक' का मजाक उड़ाया था। मलाइका अरोड़ा ने पहली बार अपने चलने से उड़ने वाले व्यंग्य पर कमेंट किया है। 'मूविंग इन विद मलाइका' के एक एपिसोड में एक्ट्रेस ने स्टैंडअप कॉमेडी करने का फैसला किया।

डाई-हार्ट फैन ने एक्ट्रेस सामंथा का बनवाया मंदिर

सामंथा रुथ प्रभु साउथ सिनेमा की एक प्रमुख अभिनेत्री हैं। समांथा ने 'यशोदा', 'थेरी', 'मजिली', 'ए आ', 'अंजान', 'यू टर्न' और ''पुष्पा'' जैसी सुपरहिट फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया है। अपनी सुंदरता और अभिनय से दर्शकों को मोहित करने वाली सामंथा के प्रशंसकों की लंबी लिस्ट है। हाल ही में समांथा के एक डाई-हार्ट फैन ने उनका मंदिर बनवाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आन्ध्र प्रदेश के बापटला अलापडू गांव में एक्ट्रेस का मंदिर बनवाया है। इस मंदिर का समांथा के जन्मदिन यानी 28 अप्रैल को उद्घाटन किया जाएगा। समांथा के इस फैन का नाम संदीप तेनाली है। जानकारी के मुताबिक सामंथा और उसका यह फैन अभी तक मिले नहीं हैं। संदीप तेनाली ने कहा कि वह सामंथा के प्रत्यूष्य फाउंडेशन के काम से प्रभावित हैं और उनका मंदिर बनवा रहे हैं।

‘द एस्ट्रोनॉट एंड हिज पैरेट’ पर टिम कुक की प्रतिक्रिया से अली फजल खुश

एप्पल इंक के प्रमुख टिम कुक ने आरती कदव द्वारा निर्देशित शॉर्ट साई-फाई फिल्म 'द एस्ट्रोनॉट एंड हिज पैरट' की प्रशंसा की, जिससे एक्टर अली फजल काफी खुश हैं। अली फजर 'मिजार्पुर', 'फुकरे' और 'डेथ ऑन द नाइल' में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। टिम हाल ही में अपने ब्रांड स्टोर के लॉन्च के लिए मुंबई में थे। अपनी यात्रा के दौरान, टिम ने माधुरी दीक्षित नेने जैसी हिंदी इंडस्ट्री के सितारों से मुलाकात की और आरती द्वारा प्रस्तुत फिल्म को भी देखा। उन्होंने फिल्म निमार्ता की सराहना की और इसे भारत की बेस्ट शॉर्ट साई-फाई फिल्म में से एक बताया। उन्होंने पूरी फिल्म को अपने आईफोन पर शूट किया। टिम की प्रतिक्रिया से उत्साहित, अली, जो फिल्म में अभिनय कर रहे हैं, ने कहा, आखिरकार टिम कुक को फिल्म अच्छी लगी। चूंकि पूरी फिल्म को एप्पल प्रोडक्ट्स के साथ शूट किया गया है, इसलिए ऐप्पल के सीईओ से इस तरह की तारीफ मिलना काफी उत्साहजनक है।

बदलते मौसम में लोगों को दो मई तक मिलेगी तपती गर्मी से राहत

नवीन मेल संवाददता। रांची

राज्य में बदले मौसम ने लोगों को तपती गर्मी से बड़ी राहत दी है। मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में सूचना जारी कर बताया है कि आगामी दो मई तक राज्य में मौसम खुशनुमा रहने वाला है। इस दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर बारिश होगी, जबकि कई इलाकों में आसमान पर बादल छाए रहेंगे। यहां गुरुवार सुबह से ही आकाश में बादल छाए हुए हैं और तपती गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। गर्मी के मौसम में प्री मानसून जोर पकड़ रहा है। प्री मानसून में बारिश अच्छी होने लगी है। रांची के मौसम केन्द्र के अनुसार एक मार्च से लेकर 26 अप्रैल तक 98 मिमी बारिश हो चुकी है। रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मौसम का यही मिजाज अगले कुछ दिनों तक बने रहने की संभावना है। राज्य के ऊपर एक टर्फ बन रहा है। इसी का असर राज्य के सभी जिलों में नजर आ रहा है। आनंद ने बताया कि टर्फ के कारण ही आंशिक बादल बन रहे हैं। दो मई तक कहीं-कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। जिन इलाकों में बारिश होगी, उनमें 28 अप्रैल को दक्षिणी और सटे मध्य झारखंड में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले पांच दिनों के भीतर तेज हवा और गरज के साथ बारिश होगी। 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव के कोई संकेत नहीं हैं।

राज्य के 14 जिलों में बनेंगे 15 अस्पताल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य के 14 जिलों में 15 स्थानों पर हेल्थ सेंटर, डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, नर्सिंग कॉलेज और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाए जाएंगे। इसके निर्माण के लिये राज्य सरकार करीब 217 करोड़ 60 लाख रुपये खर्च करेगी। राज्य सरकार साहिबगंज के उधवा ब्लॉक, गोड्डा के बसंतराय और लातेहार के बालूमाथ में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का निर्माण कराने जा रही है। वहीं लोहरदगा, कोडरमा, गुमला और साहिबगंज में डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर बनाया जायेगा। इसके अलावा चांडिल के सब डिविजनल हॉस्पिटल का पुनर्निर्माण किया जायेगा। जबकि पलामू, दुमका और हजारीबाग में बीएससी नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल का निर्माण होगा। गिरिडीह के सरिया बलॉक और गढ़वा के सदर अस्पताल कैंपस में 50 बेड का सब डिविजनल हॉस्पिटल बनेगा। वहीं सरकार जमशेदपुर में धनवंतरी आयुष हॉस्पिटल और बोकारो में 50 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाएगी। झारखंड राज्य बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिये इन भवनों का निर्माण कराया जायेगा। नौ से 18 महीने के भीतर भवन निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर कॉरपोरेशन ने इ-प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी कर दिया है और चार मई को टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अदालत की खबरें

विधायक प्रदीप यादव के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक बरकरार

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट में गुरुवार को महिला के यौन शोषण मामले में आरोपित पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिव्यू की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे इस मामले की कार्यवाही पर रोक बरकरार रखी है। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी सूचक (पीड़ित महिला) अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हुई। कोर्ट ने उसे 10 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 20 जुलाई निर्धारित की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने पीड़ित को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं ललित यादव ने पैरवी की। शिक्षा की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू और गौतम कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा 02 अप्रैल, 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। पीड़ित महिला ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल, 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज कराई थी।

हाई कोर्ट ने दो चिटफंड कंपनियों पर प्राथमिकी दर्ज करने के दिए निर्देश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को विनोद भगत की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड में छोटे-छोटे व्यवसायियों से ठगी करने वाली दो चिटफंड कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश रांची एसएसपी को दिया है। इनमें किम इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड एवं नेक्टर कामर्शियल स्टेट लिमिटेड नाम की दो चिटफंड कंपनियां शामिल हैं। झारखंड जिला मुख्यालयों में यह कंपनियां नन बैंकिंग ऑफिस संचालित कर रहीं थीं। यह कंपनियां छोटे-छोटे दुकानदारों जैसे सब्जी विक्रेता, ठेला, खोमचा वालों से प्रतिदिन एक राशि जमा करवाती थीं। इसके अलावा फिक्स्ड डिपॉजिट राशि को दोगुना करने का लालच देकर लोगों के पैसे का निवेश कंपनी में करवाती थीं। वर्ष 20007-08 से ये कंपनी झारखंड में काम कर रही थीं। कंपनी ने वर्ष 2015-16 में अपने ऑफिस को बंद कर दिया और 10 करोड़ से अधिक की राशि की ठगी कर ली। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह हाई कोर्ट के आदेश की प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर रांची एसएसपी एवं सुखदेव नगर थाना इंचार्ज के पास इन चिटफंड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दे। इसके बाद पुलिस इस मामले की प्राथमिकी दर्ज करे। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया है।

झारखंड हाई कोर्ट ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षक की नियुक्ति पर विभाग से मांगा जवाब

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को दिव्यांग बच्चों को सभी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत नामांकन लेने और विशेष शिक्षक की नियुक्ति की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिक्षा विभाग की तरफ से शपथ पत्र दायर करने के लिए समय की मांग की गई। इसके बाद अदालत ने विभाग को एक सप्ताह का समय देते हुए शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया है। सभी पक्षों की सहमति से मामले की अगली सुनवाई 18 मई तय की गई है। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि हाई कोर्ट के आदेश पर जवाब तो तैयार कर लिया गया, लेकिन समय अभाव के कारण वह समय पर दायर नहीं किया जा सका, जिसके लिए समय की मांग की गई। अदालत ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए उन्हें एक सप्ताह के अंदर जवाब पेश करने के लिए आदेश दिया है।

झारखंड स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉपोरेशन के अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने गुरुवार को झारखंड स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉपोरेशन के अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। झारखंड स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉपोरेशन के अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती देते हुए पंकज यादव ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। आज सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। साथ ही याचिकाकर्ता पर पांच हजार का जुमार्ना लगाया। अदालत ने कहा कि यह जनहित याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है।

ईडी कोर्ट ने अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल पर आरोप किया गठन

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामला और पीआईएल मैनेज करने को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल पर ईडी कोर्ट ने आरोप गठन कर दिया है। गुरुवार को आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल ईडी कोर्ट पहुंचे। जहां पर ईडी के विशेष न्यायधीश प्रभात कुमार शर्मा ने दोनों को आरोप पढ़कर सुनाया और उनके ऊपर चार्ज फ्रेम किया गया। ईडी के द्वारा अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ पिछले वर्ष 13 अक्टूबर को ही आरोप पत्र फाइल किया गया था। जिसमें 27 अप्रैल यानी गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के द्वारा आरोप गठन कर दिया गया है।मालूम हो कि अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल ने अपने आप को निर्दोष साबित करने के लिए कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दायर किया था। लेकिन ईडी कोर्ट ने दोनों के डिस्चार्ज पिटीशन को 6 अप्रैल को ही खारिज कर दिया। डिस्चार्ज पिटीशन खारिज होने के बाद दोनों के ऊपर कोर्ट ने आरोप गठन कर दिया है। अब दोनों आरोपियों पर कोर्ट में सुनवाई होगी। अधिवक्ता राजीव कुमार वर्ष 2022 के जुलाई महीने में 50 लाख रुपए के साथ कोलकाता में गिरफ्तार किए गए थे। जिसके लिए उन्हें करीब 103 दिनों तक जेल में रहना पड़ा था।

जमशेदपुर में जुटेंगे देशभर के ढाई सौ फिजिशियन

रांची। देश के विभिन्न राज्यों के ढाई सौ से ज्यादा फिजिशियन डॉक्टर 28 से 30 अप्रैल तक जमशेदपुर में जुटेंगे। बिष्टूपुर स्थित होटल में प्रेसवार्ता कर झारखंड एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया झारखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ. उमेश खां ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक कांफ्रेंस का आयोजन होगा। इसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, जयपुर, रायपुर, कटक, गुवाहाटी, पटना, भागलपुर आदि राज्यों के विशेषज्ञ डाक्टर शामिल होंगे। यह सभी चिकित्सक अपनी-अपनी राय देकर बिमारियों से अवगत करायेंगे। कांफ्रेंस में विभिन्न बीमारियों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें चार पदाधिकारी डॉ. गिरिश माथुर, डॉ. कमलेश तिवारी, डॉ. ज्योतिर्मय पाल और डॉ. मंगेश तिवास्कर बीमारियों पर अपनी राय रखेंगे।

रेल टिकटों की कालाबाजारी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ)ने टिकटों की कालाबाजारी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रांची मंडल में रेल टिकटों की कालाबाजारी के लिए अभियान चलाए जा रहे। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ हटिया और अपराध शाखा रांची की संयुक्त टीम ने नामकुम स्थित आरएस ऑनलाइन शॉप में रेल टिकटों की अवैध कालाबाजारी को लेकर छापामारी की । छापेमारी के दौरान दुकान से तीन लाइव और आठ पुराने अवैध ई टिकट बरामद किए गए। बरामद टिकट की कीमत 14,700 रुपये था। असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर आरपीएफ पवन कुमार ने गुरुवार को बताया कि पूछताछ के क्रम में दुकानदार शत्रुघ्न राम ने अवैध रूप से रेल टिकटों के कालाबाजारी मे अपनी संलिप्तता स्वीकार की। मौके पर ई टिकटों और कंप्यूटर सामग्रियों को जब्त किया गया । उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर झालिदा स्टेशन पर आरपीएफ अपराध शाखा की टीम ने आरक्षण काउंटर के पास शाहिद शेख को पकड़ा। इसके पास से एक तत्काल रेलवे टिकट बरामद किया गया। बरामद टिकट का मूल्य 4200 रुपए था। उसे भी गिरफ्तार किया गया। मुरी निरीक्षक रूपेश कुमार के अगुवाई में संयुक्त जांच की गई। रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत दोनों आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय युवा शक्ति ने निकाला प्रार्थना मार्च

रांची। भगत सिंह की प्रतिमा को सम्मान पूर्वक स्थान दिलाने को लेकर गुरुवार को रांची में राष्ट्रीय युवा शक्ति द्वारा प्रार्थना मार्च मोराबादी मैदान से निकाला गया। यह मार्च मुख्यमंत्री आवास तक जाना था लेकिन प्रशासन की ओर से उन्हें आधे रास्ते में ही रोक दिया गया जिससे राष्ट्रीय शक्ति के लोगों में काफी आक्रोश था । उन्होंने कहा कि देश के शहीद भगत सिंह जिन्होंने बहुत कम उम्र में ही देश की आजादी के लिए शहीद हो गए उन्हें झारखंड के धरती पर थोड़ी सी जमीन नहीं दी जा रही है । झारखंड की पहचान बिरसा मुंडा महान क्रांतिकारी से है क्या एक महान क्रांतिकारी के भूमि पर दूसरे महान क्रांतिकारी को दो गज जमीन नहीं मिल सकती । यह काम करके हम ना सिर्फ झारखंड का अपमान कर रहे हैं बल्कि भगवान बिरसा मुंडा का भी अपमान कर रहे हैं ।

24 घंटे में 148 नये मरीज मिले, एक्टिव केस 470

पूर्वी सिंहभूम में सबसे अधिक 223 कोरोना संक्रमित पाये गये

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। राज्य के 19 जिले इसकी चपेट में है। बीते 24 घंटे में राज्य भर में 148 नये मरीज मिले हैं। झारखंड में एक्टिव केस 470 पहुंच गया है। पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 103 नये संक्रमित मरीज पाये गये हैं। इसी के साथ जिले में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 223 पर पहुंच गया है। जबकि रांची में 24 संक्रमित मरीज मिले हैं। यहां मरीजों की संख्या बढ़कर 87 हो गयी है। हालांकि राहत यह भी है कि इस दौरान 44 मरीज स्वस्थ हुए हैं। **इन जिले में हैं इतने सक्रिय मरीज :** बोकारो में 9, चतरा में 1, देवघर में 27, धनबाद में 12, पूर्वी सिंहभूम में 223, गढ़वा में 1, गिरिडीह में 6, गोड्डा में 6, गुमला में 6, हजारीबाग मे 10, खूंटी में 3, कोडरमा में 2, लातेहार में 19, लोहरदगा में 31, पलामू में 12, रामगढ़ में 5, रांची में 87, सरायकेला में 2 और पश्चिमी सिंहभूम कोरोना के 8 सक्रिय मरीज हैं।

चोरों ने बंद पड़े मकान से उड़ाये पांच लाख के कीमती सामान

रांची। खूंटी थाना के छत्रपाल नगर खूंटी टोली स्थित सेना के जवान अनिल कुमार नाग के खाली पड़े आवास से चोरों ने बुधवार रात लगभग साढ़े तीन लाख रुपये के जेवरात सहित पांच लाख रुपये मूल्य के कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में अनिल कुमार नाग के श्वसुर सुरेश साहू ने गुरुवार को बताया कि उनके दामाद सेना में हैं और इन दिनों पंजाब के अंबाला में पदस्थापित है। बताया गया कि उनकी बेटी महेश्वरी और पोती साक्षी बुधवार को ही अंबाला से लौटी है और रात को वह अपने मायके बेलाहाथी में रह गई। पिछले 15 दिनों से छतरपाल नगर के आवास में ताला लगा था। गुरुवार को सुबह बगल में रहने वाले अनिल के बड़े भाई जब घर की ओर गए, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। जब वह घर के अंदर गए, तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। उन्होंने अपने भाई के श्वसुर को घटना की जानकारी दी।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने लाईफ स्किल (एडवांस) विषय पर दो दिवसीय पीआरपी कार्यक्रम की मेजबानी की। कार्यक्रम का उद्घाटन वेन्यू डायरेक्टर मीता शर्मा ने रिसोर्स पर्सन स्वाति प्रियंका, प्रिंसिपल, सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल, बोकारो और श्रीमती गार्गी पाल के साथ किया। झारखंड के विभिन्न विद्यालयों के 58 शिक्षकों ने गहरी रुचि के साथ रिसोर्स पर्सन बनने की आकांक्षा के साथ सत्र में भाग लिया। शिक्षकों को अपनी पाठ योजनाओं में लाईफ स्किल को शामिल करने के महत्व से अवगत कराया गया। दो दिवसीय यह सत्र बहुत सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षक नई शिक्षण प्रणाली से अवगत हुए और लाईफ स्किल में वृद्धि की कई नई बारीकियों को सीखा। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह के प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने में स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने स्कूल को ऐसे प्रशिक्षण सत्रों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया और शिक्षार्थियों के समग्र विकास के लिए 'लाईफ स्किल' का उपयोग करने के महत्व पर भी जोर दिया।

प्रदर्शन डॉग लवर्स के लिए वेटनरी कॉलेज में सुनहरा अवसर

29 अप्रैल को निःशुल्क डॉग चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रांची पशुचिकित्सा महाविद्यालय में 29 अप्रैल को डॉग शो एवं निः शुल्क डॉग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा। इसका आयोजन विश्व पशु स्वास्थ्य दिवस के मौके पर महाविद्यालय प्रांगण स्थित पशुचिकित्सा क्लिनिकल कंपलेक्स में 29 अप्रैल को अपराहन 3:00 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणी में पंजीकृत डॉग्स को डॉग शो में शामिल किया जायेगा। विभिन्न श्रेणी के डॉग्स को उनके व्यवहार, स्वामी के आदेश का पालन, शारीरिक स्थिति एवं बेहतर क्रिया कलाप प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी पंजीकृत डॉग का वेटनरी वैज्ञानिकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रेबीज वैक्सीनेशन किया जायेगा। साथ ही उनका आहार प्रबंधन तथा रखरखाव की जानकारी से अवगत कराया जायेगा। इस दौरान पशु स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न राष्ट्रीय दवा कंपनियों द्वारा अपने नये उत्पादों एवं उपयोगी दवाओं तथा पशु आहारों के सबंध में तकनीकी प्रदर्शन एवं जानकारी दी जाएगी। इस शो एवं शिविर में भाग लेने के लिए पशु प्रेमियों को अग्रिम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। यह अग्रिम रजिस्ट्रेशन वेटनरी क्लिनिकल कंपलेक्स में कराया जा सकता है। संबंधित जानकारी डॉ अभिषेक कुमार, प्रभारी, वेटनरी क्लिनिकल कंपलेक्स से मोबाइल संख्या 7906135032/ 7906853566 से ली जा सकती है। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने बताया कि पिछले वर्ष के डॉग शो एवं निः शुल्क डॉग चिकित्सा शिविर की सफलता एवं पशु प्रेमियों की मांग पर दूसरी बार इसका आयोजन किया जा रहा है। यह झारखंड के डॉग लवर्स के लिए एक सुनहरा अवसर है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में डॉग सहित भाग लेकर पशु प्रेमी सहभागी बनकर पुरुस्कार और निः शुल्क चिकित्सा का लाभ ले सकते है। बेहतर ढंग से पालतु डॉग की देखभाल एवं प्रबंधन की जानकारी वैज्ञानिकों से हासिल कर सकते है। उन्होंने बताया कि इंसान के हर भाव को डॉग्स अच्छी तरह समझ लेते हैं। लेकिन डॉग्स के व्यवहार को इंसान नहीं समझ पाता हैं। कुत्तों में कई बीमारियाँ होती है। मौसम में बदलाव की वजह से कई संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। कुत्तों में रैबीज, मैगट्स, पारवो, कैनाइडिस्टेंबर, लिप्रोस्पारोसिस नामक बीमारी का संक्रमण तेजी से होता है। उल्टी बुखार के कारण डॉग्स भोजन छोड़ देते हैं और कमजोरी से उनकी मौत हो जाती हैं। समय से उपचार नहीं होने पर अन्य डॉग्स को संक्रमित होने का खतरा रहता है। अगर डॉग अचानक ही अपने व्यवहार को बदलना शुरू कर दे और वह खांसने, छींकने या कम पानी पीना शुरू कर दे, तो बिना किसी देरी के वेटनरी डॉक्टर से संपर्क जरुरी होगी। कुत्ते कई बीमारियों के प्रति संवेदनशील होते हैं, जिसका टीकाकरण से ही बचाव किया जा सकता है।

रिम्स परिसर में ठेला और खोमचा लगानेवालों ने घेरा उपाधीक्षक कार्यालय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रिम्स के डीएमएस कार्यालय में गुरुवार की सुबह-सुबह स्थानीय लोग अचानक पहुंच गए और विरोध जताने लगे। पूरे मामले को लेकर प्रबंधन की तरफ से जानकारी दी गई कि वर्तमान में रिम्स के विभिन्न जगहों पर से अतिक्रमण को हटाने का काम किया जा रहा है। उपाधीक्षक कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने महिलाओं पर गलत व्यवहार किया। जिस पर स्थानीय लोगों और ठेले खोमचे वालें ने विरोध जताया। तब सुरक्षाकर्मियों के द्वारा कहा गया कि उपाधीक्षक कार्यालय से आदेश है कि किसी भी हालत में अतिक्रमण हटाना है। यदि लोग अतिक्रमण ना हटाए तो उन पर लाठियां चलाई जाए। इसी को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला और सभी लोग गुरुवार को करीब 10:30 से 11:00 के बीच उपाधीक्षक कार्यालय पहुंच गए। कार्यालय के बाहर लोगों ने हंगामा किया साथ ही लाठी चलाने वाले सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

असम हॉकी का कोचिंग पर जोर, इस गर्मी में 29 जिलों तक होगी हॉकी की पहुंच

एजेंसी। नई दिल्ली

हॉकी को देश के दूर-दराज के हिस्सों में ले जाने और हर स्तर पर खेल के विकास की देखरेख करने के उद्देश्य से, हॉकी इंडिया ने हाल ही में 'हॉकी इंडिया का अभियान हर घर हो हॉकी की पहचान' कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के अनुसार, हॉकी इंडिया अपनी सदस्य इकाइयों और उनके संबंधित जिला संघों के साथ मिलकर काम करेगा और नियमित कोचिंग शिविरों की मेजबानी करने और प्रतिभाओं को खोजने और युवा प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए अंतर-जिला प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करेगा।

विशेष रूप से, असम हॉकी ने पहले ही हॉकी इंडिया की दूरदर्शी पहल की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है क्योंकि वे राज्य में हॉकी संस्कृति को विकसित करने के लिए कई जिला स्तरीय टूर्नामेंट आयोजित कर रहे हैं और छोटे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और तेजी से रैंक बढ़ाने के पर्याप्त अवसर प्रदान कर रहे हैं।

असम हॉकी के महासचिव श्री तपन कुमार दास ने विस्तार से बताया कि कैसे राज्य हॉकी संघ असम में हर स्तर पर हॉकी को विकसित करने और पेशेवर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

तपन ने कहा, असम हॉकी का असम में हर स्तर पर हॉकी के विकास के लिए छात्र और युवा कल्याण, असम (एसएलएसी) के लिए राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के साथ गठबंधन है।

उन्होंने कहा, राज्य में खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए, हमने असम के विभिन्न जिलों में हॉकी उपकरण वितरित करना शुरू कर दिया है जिसमें स्टिक, गेंद, टी-शर्ट और अन्य आवश्यक सामान शामिल हैं। हम अब तक 13-14 जिलों को कवर कर चुके हैं जिनमें कोकराझार, तिनसुकिया, चिरांग, बक्सा, गोलपारा, दर्रांग, उदलगुरी, लखीमपुर, धेमाजी और अन्य कई जिले शामिल हैं। हम अब अगले कुछ दिनों में शेष जिलों में उपकरण वितरित करने का लक्ष्य बना रहे हैं। तपन ने आगे खुलासा किया कि असम हॉकी के सहयोग से एसएलएसी हर जिले में हॉकी कोच उपलब्ध कराएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे बच्चों को उचित प्रशिक्षण मिले और वे अपने कौशल को सुधार सकें। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 5000 युवा वर्तमान में असम में हॉकी कोचिंग शिविरों का हिस्सा हैं और उन सभी को हर दिन जलपान प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसी कारण से हम हर जिले में हॉकी कोच उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए अधिकांश कोच वरिष्ठ स्तर के खिलाड़ी हैं और वे विभिन्न राज्यों जैसे हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश आदि से संबंधित हैं। असम के जिलों में स्तर और उन्हें हर दिन जलपान प्रदान किया जाता है जिसमें अंडे, केले और ऊर्जा पेय शामिल हैं। तपन ने कहा, वर्तमान में, एक राज्य टीम कोचिंग शिविर चल रहा है और कुल 137 लड़कियों ने शिविर में भाग लिया है। अब तक हमने तीन टीमों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया है, जिनमें से एक टीम जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए बनाई गई है, जबकि अन्य दो टीमों को एक्सपोजर टूर के लिए तैयार किया जाएगा।

NEWS इन ब्रीफ

लिवरपूल ने वेस्ट हैम को 2-1 से हराया

लंदन। प्रीमियर लीग फुटबॉल अंतिम चार में पहुंचने की उसकी राह भले ही दुश्वार हो लेकिन लिवरपूल ने हार नहीं मानी है। जर्गेन क्लोप की टीम ने वेस्ट हैम को 2 . 1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। जोएल माटिप ने 67वें मिनट में हेडर पर निर्णायक गोल किया। इससे पहले लुकास पाकेटा ने 12वें मिनट में वेस्ट हैम को बढत दिलाई लेकिन कोडी गाकपो ने लिवरपूल के लिये छह मिनट बाद बराबरी का गोल किया। लिवरपूल अब छठे स्थान पर है लेकिन चौथे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर युनाइटेड के उससे छह अंक अधिक है। अब उसे दो ही मैच और खेलने हैं।

दाहिने हाथ की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटीं एम्मा रेडुकानू

लंदन। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रेडुकानू दाहिने हाथ की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हट गई हैं। 20 वर्षीय रेडुकानू को बुधवार को विक्टोरिया तोमोवा का सामना करना था। रेडुकानू की जगह ऑस्ट्रिया की जूलिया ग्रैबर लेंगी। 2023 में रेडुकानू को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऑकलैंड में टखने की चोट के कारण उनकी ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी बाधित हो गई थी, और उसे टॉन्सिलिटिस के कारण फरवरी में ऑस्टिन ओपन से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। उत्तर अमेरिकी स्प्रिंग हार्ड-कोर्ट सीजन के दौरान उन्हें कलाई में भी चोट लगी, फिर भी उन्होंने इंडियन वेल्स के चौथे दौर में जगह बनाई। वर्तमान में रैंकिंग 85वें स्थान पर काबिज रेडुकानू को पिछले हफ्ते स्टटगार्ट में जेलेना ओस्टापेंको के खिलाफ पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले, डिफेंडिंग चैंपियन ओन्स जैबूर चोट के कारण इस साल मैड्रिड ओपन से हट गई हैं।

राजस्थान ने चेन्नई को 203 रनों का दिया लक्ष्य

एजेंसी। जयपुर

इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच जारी है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में फफने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बना दिए। जवाब में उरड के अजिंक्य रहाणे और ऋतुराज गायकवाड क्रीज पर मौजूद हैं। 9 ओवर के बाद टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 68 रन बना लिए हैं। डेवोन कॉन्वे 16 गेंद में 8 रन बनाकर एडम जम्पा का शिकार हुए। पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने करियर बेस्ट 77 रन बनाए। ध्रुव जुरेल और देवदत्त पड्डीकल ने आखिरी ओवरों में 20 गेंद पर 48 रन की पार्टनरशिप की। चेन्नई से तुषार देशपांडे ने 2 विकेट लिए। महीश तीक्षणा और रवींद्र जडेजा को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुआ। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान को यशस्वी जायसवाल ने तेज शुरूआत दिलाई। उन्होंने पहले ही ओवर में 3 चौके लगाए। 6 ओवर में टीम ने बगैर नुकसान के 64 रन बनाए, यशस्वी ने 21 गेंद पर 40 रन

बनाए। जोस बटलर ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। राजस्थान रॉयल्स को यशस्वी जायसवाल ने तेज शुरूआत दिलाई। उन्होंने 26 गेंद में फिफ्टी पूरी कर ओपनर जोस बटलर के साथ 86 रन की पार्टनरशिप की। यशस्वी 43 गेंद में 77 रन बनाकर तुषार देशपांडे का शिकार हुए। ये यशस्वी का कछ में बेस्ट स्कोर भी है। राजस्थान ने 17वें ओवर में 146 रन पर शिमरोन हेटमायर का विकेट गंवा दिया था। यहां से ध्रुव जुरेल और देवदत्त पड्डीकल ने 20 गेंद पर 48 रन की पार्टनरशिप कर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। जुरेल 15 गेंद में 34 रन बनाकर रनआउट हुए। पड्डीकल ने 13 गेंद में 23 रन की नॉटआउट पारी खेली।टीम के बाकी बैटर्स में जोस बटलर 27, संजू सैमसन 17 और हेटमायर 8 रन बनाकर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन एक रन बनाकर नॉटआउट रहे। पहलाः 9वें ओवर की दूसरी बॉल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ फेंकी।

आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जेसन रॉय पर लगा जुर्माना

बंगलुरू। केकेआर के बल्लेबाज जेसन रॉय के खिलाफ मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ये जुर्माना एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगाया गया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ रॉय ने आउट होने के बाद गुस्से में एक गिल्लियां गिरा दी थी। उन्होंने अपनी गलती मान ली। रॉय ने 29 गेंदों पर 56 रनों की बेहतरीन पारी खेली। आईपीएल ने एक बयान में कहा, रॉय ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी है।

बबिता ने हमें धरने पर बैठने के लिए मजबूर किया और फिर धोखा दिया : पहलवान का आरोप

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर धरना दे रहे एक पहलवान ने आरोप लगाया है कि दूसरों की बात क्या करें, हमें हमारी बहन बबिता फोगाट ने ही धोखा दिया है। उन्होंने हमसे कहा कि कोई राजनीतिक नेता घटना स्थल पर नहीं आना चाहिए। हमने उनकी हर बात को सुना और सभी नेताओं से कहा कि हमसे मिलने न आएं लेकिन बबिता ने अपने निजी फायदे के लिए सब चीजों का राजनीतिकरण कर दिया। उन्होंने हमारी पीठ पर चाकू मारा और हमें यहां अकेला छोड़ दिया। उन्होंने कहा, न्याय के लिए हमारी लड़ाई में यह सबसे निराशाजनक बात थी लेकिन हम जानते हैं कि पूरा देश हमारे साथ है और हमारी सच्चाई हमारे साथ है। इससे पहले दो बार की विश्व चैंपियन विनेश फोगाट ने अपनी चचेरी बहन और भाजपा नेता बबिता की कड़ी आलोचना की। विनेश ने कहा, बबिता अपने राजनीतिक करियर को लेकर ज्यादा चिंतित है। उन्हें पहलवानों के हित की कोई चिंता नहीं है। जनवरी में जब पहलवान पहली बार जंतर मंतर पर धरने पर बैठे थे तब बबिता ने मध्यस्थ की भूमिका निभायी थ। सरकार ने लीजेंड महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति गठित की थी जो पहलवानों के आरोपों की जांच करेगी। बबिता को प्रदर्शनकारी पहलवानों के जोर देने पर इस समिति में शामिल किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट पांच अप्रैल को सौंप दी थी।

मुक्केबाज कौर सिंह का निधन, सीएम ने जताया शोक

चंडीगढ़। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज कौर सिंह का कुरूक्षेत्र के एक अस्पताल में गुरुवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने जनवरी 1980 में एक नुमाइशी मैच में महान मुक्केबाज मुहम्मद अली का सामना किया था। उन्होंने दिल्ली में 1982 एशियाई खेलों में हैवीवेट मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीता था। कौर को 1982 में अर्जुन पुरस्कार और 1983 में पद्मश्री से नवाजा गया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पूर्व ओलंपियन और अनुभवी मुक्केबाज कौर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है।" इससे पहले पंजाब सरकार ने इस महीने स्कूली पाठ्य पुस्तकों में पंजाब के चार महान खिलाड़ियों की जीवनी शामिल करने की घोषणा की थी।

यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच बोले कुश्ती महासंघ के प्रमुख

जब तक लड़ने की ताकत है हार नहीं मानेंगे : बृजभूषण

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के चोटी के पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह ने गुरुवार को संकेत दिए कि वह खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा के सांसद सिंह ने वीडियो संदेश में अपने ऊपर लगे आरोपों का जिक्र किए बिना संकेत दिया कि जब तक उनके पास लड़ने की ताकत है तब तक वह हार नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा, मित्रों, जिस दिन मैं अपने जीवन की समीक्षा करूंगा कि क्या खोया क्या पाया, जिस दिन मैं महसूस करूंगा कि मेरे संघर्ष करने की क्षमता अब समाप्त हो गई है, जिस दिन मैं महसूस करूंगा मैं लाचार हूं, मैं बेचारा हूं, मैं ऐसी जिंदगी जीना पसंद नहीं करूंगा।

मैं चाहूंगा कि ऐसी जिंदगी जीने के पहले मौत मेरे करीब आ जाए।" विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट, ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित कई स्टार पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं और वे जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

बीसीसीआई ने किया 17 खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध सूची में शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2022/23 सत्र के लिए सीनियर महिला टीम के वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध की गुरूवार को घोषणा की जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना और आलराउंडर दीप्ति शर्मा को अनुबंध के शीर्ष ब्रैकेट ग्रेड ए में रखा गया है। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ग्रेड बी में नई प्रविष्टि हैं जिसमें उनके साथ जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा और लेफ्ट आर्म स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ हैं। इस बीच ग्रेड सी में तेज गेंदबाज मेघना सिंह और अंजलि सरवनी के रूप में नई प्रविष्टि हैं। आलराउंडर पूजा वस्त्रकर, स्नेह राणा, हरलीन देओल, देविका

बीसीसीआई अनुबंध लिस्ट

ग्रेड ए : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा

ग्रेड बी: रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा व राजेश्वरी गायकवाड़

ग्रेड सी: मेघना सिंह, अंजलि सरवनी, पूजा वस्त्रकर, स्नेह राणा, राधा यादव, हरलीन देओल, देविका वैद्य, यास्तिका और सबीनेनी मेघना

वैद्य, विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और सबीनेनी मेघना ग्रेड सी की अन्य खिलाड़ी हैं। लीजेंड क्रिकेटर मिताली राज और झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद इन्हे अनुबंध लिस्ट में जगह नहीं मिली है।

17 सदस्यीय अनुबंध लिस्ट से बाहर होने वाले अन्य नाम तेज गेंदबाज शिखा पांडेय, लेग स्पिनर पूनम यादव, विकेटकीपर तानिया भाटिया और तेज गेंदबाजी आलराउंडर अरुंधति रेड्डी हैं।

बीसीसीआई ने बयान में खिलाड़ियों के ग्रेड की राशि नहीं बतायी।

जूरी ऑफ अपील के चेयरमैन बने भोलानाथ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

एशिया हॉकी महासंघ के तत्वावधान में दो से 11 जून तक जापान के ककमीगहरा में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष और एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष भोलानाथ सिंह को जूरी ऑफ अपील का चेयरमैन बनाया गया है। एशिया हॉकी महासंघ ने अध्यक्ष फुमियो ओगुरा ने पत्र भेजकर भोलानाथ सिंह को इसकी सूचना दी। भोलानाथ सिंह पिछले माह ही एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। साथ ही उन्हें एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ सर्वश्रेष्ठ खेल प्रशासक के लिए सम्मानित भी किया गया था। यह पहला अवसर है जब किसी खेल प्रशासक को विदेश में आयोजित

प्रतियोगिता में चेयरमैन जूरी ऑफ अपील नियुक्त किया गया है। झारखंड वासियों के लिए यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। भोलानाथ सिंह को हॉकी इंडिया के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों सहित झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, अशोक कुमार भगत, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद कुमार तूफानी, अरविंद सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय और सभी जिलों के अध्यक्षों-सचिवों ने बधाई दी है।

आरोप

टेनिस प्लेयर विटालिया डियाचेंको का दर्द- मैं एयरपोर्ट पर सोई

मुझे थर्ड क्लास सिटीजन की तरह ट्रीट किया

एजेंसी। नई दिल्ली

रूसी टेनिस खिलाड़ी विटालिया डियाचेंको ने आरोप लगाया है कि उन्हें रशियन प्लेयर होने के कारण एयरपोर्ट पर मानसिक तौर पर प्रताड़ना सहनी पड़ी। रूसी टेनिस खिलाड़ी विटालिया डियाचेंको ने सोमवार को कहा कि उन्हें काहिरा में एक फ्लाइट में सवार होने से मना कर दिया गया।

जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने उन्हें टिकट बेचने से मना कर दिया। डायचेंको ने कहा- मैं हवाई अड्डे पर सोई। मेरे साथ तीसरे दर्जे के नागरिक की तरह व्यवहार किया गया वो भी मेरी राष्ट्रीयता के कारण। 32 वर्षीय ने कहा कि वह वारसॉ और नीस के माध्यम से कोर्सिका के एक टूर्नामेंट में जाना चाहती थी।

उधर, एयरलाइन लुफ्थांसा ने एक ईमेल में दिए अपने बयान में कहा कि उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान पोलैंड के आंतरिक मंत्रालय द्वारा यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद 2022 में जारी प्रतिबंधों के कारण खिलाड़ी को अनुमति नहीं दी। डायचेंको जिसे महिला टेनिस संघ द्वारा दुनिया में 250वां स्थान दिया गया है, ने कहा कि उसने तब लुफ्थांसा के साथ एक टिकट खरीदने की कोशिश की, लेकिन उसे बताया गया कि वह केवल स्पेन के माध्यम से शेंगेन क्षेत्र में प्रवेश कर सकती है क्योंकि उसने उसे वीजा जारी किया था।

आकर्षी कश्यप बाहर, सिंधु प्री क्वार्टरफाइनल में

दुबई। भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2023 से बाहर हो गई हैं। बुधवार को राउंड ऑफ 32 में आकर्षी को इंडोनेशिया की कोमांग आयू काह्या डेवी ने 21-6,21-12 से हराया। वहीं, शीर्ष भारतीय शटलर और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने प्री-क्वार्टर चरण में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने ताइवान की सु वेन-ची को 21-15, 22-20 से हराया। भारतीय पुरुष शटलर किदांबी श्रीकांत भी अंतिम 16 में पहुंच गए। उन्होंने बहरीन के अदनान इब्राहम को 21-13, 21-8 से हराया। पुरुष युगल प्रतियोगिता में, एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी राउंड ऑफ 32 में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने अगले दौर में जगह बना ली। ध्रुव और अर्जुन मलेशियाई जोड़ी ओंग यू सिन और टियो ई यी से 21-12, 16-21, 12-21 से हार गए जबकि सात्विक और चिराग ने मलेशिया के टैन कियान मेंग और टैन वी किओंग को 21-14, 21-17 से हराया। एच एस प्रणय ने भी म्यांमार के फोन पेई नाइंग को 21-14, 21-9 से हराया।